सच, सिर्फ सच

**

वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 04 मई, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 120, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

जियोस्टार ने 10 अरब डॉलर का निवेश किया

स्ट्रीमिंग मंच जियोस्टार ने तीन साल में भारत में कंटेंट में 10 अरब डॉलर का निवेश किया है। } 10

वैश्विक कंपनियां आईआईसीटी के साथ काम करने की इच्छुक

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि वैश्विक कंपनियां देश के युवाओं की रचनात्मक ऊर्जा का दोहन करने के लिए नव घोषित भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान के साथ काम करने की इच्छुक हैं। } 12

लखनऊ : फैक्टरी में लगी आग, दो की मौत

दमकल की 14 गाड़ियों ने पांच घंटे में आग पर पाया काबू

विशेष संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ के सरोजनीनगर में शनिवार शाम को अमौसी स्टेशन रोड स्थित रस फैक्टरी में भीषण आग लग गई। इस बीच ताबड़तोड़ कई धमाके भी हुई। फैक्टरी

○ घटना का सीएम ने लिया संज्ञान

में मालिक मवैया निवासी अखिलेश व उनका कर्मचारी अबरार फंस गए। दमकल कर्मियों ने 14 गाड़ियों से पांच घंटे में आग पर काबू पा लिया। हादसे में अखिलेश और अबरार की जलकर मौत हो गई।

अमौसी स्टेशन रोड पर गंगाविहार में अखिलेश की स्वीटी फूड नाम से चार मंजिला रस फैक्टरी है। पड़ोसी दुकानदारों के मुताबिक शनिवार को शाम साढ़े चार बजे अखिलेश व दस कर्मचारी फैक्टरी में काम कर रहे थे। इस बीच फैक्टरी में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। ऊंची-ऊंची लपटों को उठता देख मालिक और कर्मी घबरा गए। अखिलेश और अबरार आग बुझाने में जुट गए। जबकि नौ अन्य कर्मी शोर मचाते हुए बाहर भाग निकले। घटना से अफरा-तफरी मच गई। अगल-बगल के दुकानदारों ने घटना की जानकारी दमकल और पुलिस को दी। वे भी निजी संसाधनों से आग बुझाने में लग गए। हादसे की जानकारी पर एडीसीपी दक्षिणी अमित कुमावत, एसीपी कृष्णानगर विकास पांडेय, एसडीएम सरोजनीनगर सचिन वर्मा, तहसीलदार, इंस्पेक्टर राजदेव प्रजापति पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। (विस्तृत खबर भीतर)

12 जिलों में जल्द शुरू होंगी नयी आवासीय परियोजनाएं

लखनऊ, झांसी, बरेली, अलीगढ़, आगरा, कानपुर व मथुरा को पहले चरण में किया शामिल : योगी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के झांसी, बरेली, अलीगढ़, आगरा, कानपुर, मथुरा, लखनऊ समेत 12 जिलों में जल्द ही नयी आवासीय परियोजनाएं शुरू की जाएंगी। सरकार ने शनिवार को यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को शनिवार को आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक के दौरान इसकी जानकारी दी गई। आधिकारिक बयान में कहा गया है, मुख्यमंत्री को बताया गया कि मुख्यमंत्री शहरी विस्तारानए शहर संवर्धन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाएं जून से दिसंबर 2025 के बीच चरणों में शुरू की जाएंगी। योजना में झांसी, बरेली, अलीगढ़, सहारनपुर, आगरा (ककुआ), कानपुर (न्यू कानपुर सिटी योजना), मथुरा (ट्रांसपोर्ट नगर), मुरादाबाद (डिडौसी), बुलंदशहर, गाज़ियाबाद, मेरठ और लखनऊ शहर शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन सभी परियोजनाओं में समयसीमा का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए और गुणवत्ता मानकों को बनाए रखना चाहिए। आदित्यनाथ ने अधिकारियों को लंबित भवन मानचित्र अनुमोदन मामलों की समीक्षा करने का भी निर्देश दिया और कहा कि बार-बार आपत्तियां

जताया जाना अनुचित है। आदित्यनाथ ने विकास प्राधिकरणों में लंबित भवन मानचित्रों के प्रकरणों की समीक्षा के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है, प्राधिकरण में मानचित्र से जुड़े मामलों में बार-बार आपत्तियां जताया जाना अनुचित हैं, इसे ...शेष पृष्ठ 10 पर

कार्यस्थल पर उत्पीड़न के लिए शी-पोर्टल पर शिकायत दर्ज करा सकेंगी महिलाएं

विशेष संवाददाता

लखनऊ। यूपी सरकार में कार्यस्थल पर उत्पीड़न की शिकार महिलाएं शी-बॉक्स नामक पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज करा सकेंगी। राज्य सरकार के एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सभी सरकारी व निजी संस्थानों में आंतरिक समिति (आईसी) के गठन को अनिवार्य किया गया था, जिसके तहत अब तक 84 विभागों ने समिति बनाकर इसकी जानकारी पोर्टल पर अपलोड कर दी है। सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि प्रदेश के सभी 75 जिलों में उन कार्यस्थलों पर यह व्यवस्था लागू हो जहां 10 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं। इसके तहत इन कार्यस्थलों पर आंतरिक समिति का गठन अनिवार्य है, जिसमें कम से कम 50 प्रतिशत महिला सदस्य होंगी और समिति की अध्यक्ष भी महिला ही होगी। यह सुविधा न केवल सरकारी बल्कि निजी क्षेत्रों में कार्यरत ...शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

एंथनी अल्बनीज दूसरी बार बने ऑस्ट्रेलिया के पीएम

मेलबर्न। एंथनी अल्बनीज लगातार दूसरी बार ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री पद के लिए चुने गए हैं। वह पिछले 21 वर्षों में ऐसी जीत दर्ज करने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री बन गए हैं। उनका कार्यकाल तीन साल का होगा। विपक्षी नेता पीटर डटन ने शनिवार के चुनाव में हार स्वीकार करते हुए कहा हमने इस अभियान के दौरान अच्छा प्रदर्शन नहीं किया, यह आज रात स्पष्ट हो गया है, और मैं इसके लिए पूरी जिम्मेदारी स्वीकार करता हूं। उन्होंने कहा, इससे पहले, मैंने प्रधानमंत्री को उनकी सफलता पर बधाई देने के लिए आज फोन किया।

मथुरा में सड़क हादसा चार लोगों की मौत

मथुरा। मथुरा जिले के जैत थाना क्षेत्र में रामताल वृंदावन रोड पर शनिवार शाम एक सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार एक तेज रफ्तार थार कार ने सवारी ऑटो को टक्कर मार दी, जिससे वह पलट गया और सड़क पर घायल पड़े लोगों को पीछे से आ रहे ट्रेलर ने कुचल दिया। हादसे में ऑटो सवार चार लोगों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। घायल को सिटी अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने बताया कि उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने बताया कि एक मृतक की पहचान भरतपुर गेट के निवासी साबिर के रूप में हुई है। हादसे में घायल एक व्यक्ति और मारे गए तीन अन्य लोगों की

भारत-पाकिस्तान के बीच आयात पर रोक

राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक नीति के हित में मोदी सरकार ने लिया फैसला

एजेंसी

नयी दिल्ली। पिछले महीने पहलगाम आतंकवादी हमले में 26 पर्यटकों की मौत के बाद भारत ने राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक नीति के हित में तत्काल प्रभाव से पाकिस्तान से सभी वस्तुओं के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है। एक सरकारी आदेश में यह जानकारी दी गई।

हालांकि पुलवामा आतंकी हमले के बाद 2019 में पाकिस्तानी वस्तुओं पर 200 प्रतिशत आयात शुल्क लगा दिया गया था, जिससे प्रत्यक्ष आयात पर प्रभावी रूप से रोक लग गई थी, लेकिन हालिया निर्णय से तीसरे देशों के माध्यम से पाकिस्तानी वस्तुओं के प्रवेश पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस निर्णय से पाकिस्तान से भारत में माल की सभी आवक पूरी तरह से रुक जाएगी। भारत का पाकिस्तान को पिछले साल अप्रैल से इस साल जनवरी तक निर्यात 44.76 करोड़ डॉलर था, जबकि आयात मात्र 4.2 लाख डॉलर था। ये आयात अंजीर (78,000 डॉलर), तुलसी और रोज़मेरी जड़ी-बूटियां (18,856 डॉलर), कुछ रसायन और हिमालयी गुलाबी नमक जैसी खास वस्तुओं तक सीमित थे। 2023-24 में आयात 28.8 लाख डॉलर था। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने दो मई को एक अधिसूचना में कहा कि इस संबंध में विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) 2023 में एक प्रावधान जोड़ा गया है, जिसके तहत अगले आदेश तक तत्काल प्रभाव से पाकिस्तान में बने या वहां से निर्यात किए जाने वाले सभी सामानों के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आयात या पारगमन पर रोक लगाई जाएगी। इसमें कहा गया कि यह प्रतिबंध राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक नीति के हित में लगाया गया है। आदेश में कहा गया कि इस प्रतिबंध के किसी भी अपवाद के लिए भारत सरकार की मंजूरी की आवश्यकता होगी। एफटीपी में पाकिस्तान से आयात पर प्रतिबंध शीर्षक के तहत प्रावधान डालते हुए इसमें कहा गया है, पाकिस्तान से ...शेष पृष्ठ 10 पर

पाकिस्तानी जहाजों के प्रवेश पर प्रतिबंध

नयी दिल्ली। पहलगाम आतंकवादी हमले के सीमा पार संबंधों के मद्देनजर इस्लामाबाद के खिलाफ नए दंडात्मक कदम के रूप में भारत ने शनिवार को पाकिस्तान के साथ सभी डाक सेवाएं स्थगित कर दीं तथा भारतीय बंदरगाहों पर पाकिस्तानी झंडे वाले जहाजों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया। भारत ने पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच हवाई और जमीनी मार्गों के माध्यम से पड़ोसी देश के साथ सभी श्रेणियों के डाक और पार्सल का आदान-प्रदान शनिवार को बंद कर दिया। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। सेवाओं को बंद करने का आदेश डाक विभाग द्वारा जारी किया गया, जो संचार मंत्रालय के अधीन कार्य करता है। आदेश में कहा गया, भारत ने हवाई और जमीनी मार्गों के माध्यम से पाकिस्तान के साथ सभी श्रेणियों के डाक और पार्सल का आदान-प्रदान स्थगित करने का फैसला किया है। वहीं, नौवहन महानिदेशालय (डीजीएस) के अनुसार, भारतीय बंदरगाहों में पाकिस्तानी जहाजों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने के अलावा, भारत ने भारतीय जहाजों को पाकिस्तानी बंदरगाहों पर जाने से भी रोक दिया है। अधिकारियों ने कहा कि प्रतिबंध तत्काल प्रभाव से लागू किए गए हैं। एक अधिसूचना में, डीजीएस ने मालवाहक पोत अधिनियम ...शेष पृष्ठ 10 पर

बिना सूचना दिये पाकिस्तानी महिला से शादी करने वाला सीआरपीएफ जवान बर्खास्त

नयी दिल्ली। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने पाकिस्तानी महिला से शादी की बात छिपाने वाले अपने जवान मुनीर अहमद को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। बल ने अहमद के कृत्य राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए हानिकारक पाया। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

अहमद सेवा से बर्खास्त किये जाने से पहले सीआरपीएफ की 41वीं बटालियन में पदस्थ थे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि अहमद को उन नियमों के तहत सेवा से बर्खास्त किया गया है जिनके तहत जांच करने की आवश्यकता नहीं है। सीआरपीएफ के प्रवक्ता पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) एम दिनकरन ने कहा, मुनीर अहमद को एक पाकिस्तानी नागरिक से अपनी शादी को छिपाने और वीजा की वैधता से अधिक समय तक उसे जानबूझकर शरण देने के कारण तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया गया है। उन्होंने कहा अहमद के कृत्य को सेवा आचरण का उल्लंघन तथा राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए हानिकारक पाया गया। अहमद और मेनल खान की शादी का मामला ...शेष पृष्ठ 10 पर

धामी ने चारधाम यात्रा को दिखायी हरी झंडी

देवभूमि की स्वर्णिम यादों व सुखद अनुभव लेकर घर जायें तीर्थयात्री : सीएम

विशेष संवाददाता

ऋषिकेश (उत्तराखंड)। चारधाम यात्रा अपने पिछले सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ेगी और एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगी। सरकार का प्रयास है कि जब श्रद्धालु, यात्रा पूरी करने के बाद अपने घर लौटें, देवभूमि उत्तराखंड में बिताए गए समय की स्वर्णिम यादों और सुखद अनुभव को साथ लेकर जाए।

यह विचार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आईएसबीटी, ऋषिकेश में संयुक्त रोटेशन यात्रा व्यवस्था समिति द्वारा आयोजित ऋषिकेश से चारधाम यात्रा 2025 के शुभारंभ कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर परमुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं को चारधाम यात्रा के लिए ले जा रही 10 बसों को

हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि देश विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु उत्तराखंड आते हैं। इससे राज्य में लोगों के रोजगार के अवसर बढ़ते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड की चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने के प्रयास किये गये हैं। मुख्यमंत्री ने सभी श्रद्धालुओं और पर्यटकों से ...शेष पृष्ठ 10 पर

गोवाः मंदिर में उत्सव के दौरान भगदड़, सात की मौत

उत्तरी गोवा की जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक सहित पांच वरिष्ठ अधिकारियों का ट्रांसफर

एजेंसी

पणजी। उत्तरी गोवा के एक मंदिर में शनिवार तड़के एक उत्सव के दौरान भगदड़ मचने से दो महिलाओं समेत सात लोगों की मौत हो गई और 70 से अधिक लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह घटना पणजी से लगभग 40 किलोमीटर दूर शिरगांव के श्री लईराई देवी मंदिर में तड़के करीब तीन बजे हुई।

वहीं राज्य सरकार ने घटना का संज्ञान लेते हुए उत्तरी गोवा की जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक सहित पांच वरिष्ठ अधिकारियों के स्थानांतरण का आदेश दिया। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने संवाददाताओं

से कहा स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने जिलाधिकारी स्नेहा गिट्टे, पुलिस अधीक्षक (उत्तर) अक्षत कौशल, पुलिस उपाधीक्षक (बिचोलिम) जिवबा दलवी, उप जिलाधिकारी (बिचोलिम) भीमनाथ खोरजूवेकर और पुलिस निरीक्षक दिनेश गाडेकर का तत्काल प्रभाव से तबादला कर दिया गया है। सावंत ने पणजी में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य के राजस्व सचिव संदीप जैक्स की अध्यक्षता में एक तथ्यान्वेषी समिति का गठन किया गया है, जिसमें वरिष्ठ ...शेष पृष्ठ 10 पर

आज का मौसम

अधिकतम	:	37.06 डिसे.
न्यूनतम	:	29.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

○ नैमिषारण्य में भी दिख रहा बदलाव का असर (पृष्ठ-02)
○ उत्तर प्रदेश के बांध अब बनेंगे टूरिस्ट स्पॉट (पृष्ठ-02)
○ मणिपुर में नहीं रुकी हिंसा, पीएम राजधर्म निभाने में विफल (पृष्ठ-10)
○ वाणिज्य मंत्रालय ने अमेरिकी निर्यात पर किया आगाह (पृष्ठ-10)
○ टिकैत से हाथापाई के बाद भाकियू ने दिखायी एकता (पृष्ठ-10)

विशेष खबर

प्रधानमंत्री मोदी ने भारत और अफ्रीकी संघ के संबंधों को किया रेखांकित

आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई के लिए भारत प्रतिबद्ध

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर एक बार फिर भारत के कठोर रुख की पुष्टि करते हुए शनिवार को कहा कि देश आतंकवादियों और उनके समर्थकों के खिलाफ निर्णायक कार्वाई करने के लिए प्रतिबद्ध है।

मोदी ने यह घोषणा चार दिवसीय यात्रा पर भारत आए अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ मैनुअल गोंकाल्वेस लॉरेन्को के साथ चर्चा के बाद की। उन्होंने अपने मीडिया वक्तव्य में कहा हम आतंकवादियों और उनका समर्थन करने वालों के खिलाफ दृढ़ एवं निर्णायक कार्वाई करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए भीषण आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे। इस घटना के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हाथ मिलाते अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ मैनुअल गोंकाल्वेस लॉरेन्को

तथा प्रधानमंत्री मोदी आतंकवादियों और उनके समर्थकों को दंडित करने की बात कह चुके हैं। बर्बर आतंकी हमले के बाद भारत ने सिंधु जल संधि को स्थगित करने सहित पाकिस्तान के खिलाफ कई कदम उठाए हैं। इसी क्रम में भारत ने आज हवाई और जमीनी मार्गों के माध्यम से पाकिस्तान के साथ सभी श्रेणियों की डाक और पार्सल सेवा बंद करने का निर्णय किया। सेवाओं को स्थगित करने का आदेश डाक विभाग द्वारा जारी किया गया, जो संचार मंत्रालय के अधीन कार्य करता है। लॉरेन्को के साथ मुलाकात में मोदी ने अंगोला के रक्षा बलों के लिए 20 करोड़ अमेरिकी डॉलर की ज ण सहायता की घोषणा भी की। उन्होंने कहा मुझे अंगोला के रक्षा बलों के आधुनिकीकरण के लिए भारत की 20 करोड़ अमेरिकी डॉलर की रक्षा ज ण सहायता की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि रक्षा उपकरणों की आपूर्ति पर भी चर्चा हुई। मोदी ने कहा कि भारत जन-उपयोगी डिजिटल अवसंरचना, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और क्षमता निर्माण के क्षेत्रों में भी अंगोला के साथ अपनी क्षमताओं को साझा करेगा।

बहुत कम दूरी पर मार करने वाली वायु रक्षा प्रणाली खरीदेगी सरकार

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार ने अगली पीढ़ी की बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली या वीएसएचओआरएडीएस (एनजी) खरीदने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जो दिन और रात दोनों समय और बर्फीले स्थानों सहित सभी मौसम की स्थिति में हवाई लक्ष्यों को भेदने में सक्षम होनी चाहिए।

रक्षा मंत्रालय ने खरीद के लिए प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी) जारी किया है, जिसे शनिवार को भारतीय सेना की वेबसाइट पर अपलोड किया गया। आरएफपी में मंत्रालय ने कहा कि वह (भारतीय) खरीद श्रेणी के तहत 48 लांचर, 48 नाइट-विजन साइट्स, 85 मिसाइल और बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली (नयी पीढ़ी) या वीएसएचओआरएडीएस (एनजी) का एक मिसाइल परीक्षण स्टेशन खरीदने का इरादा रखता है और आवश्यकताओं के अधीन खरीद प्रक्रिया में संभावित बोलीदाताओं से भागीदारी चाहता है। आरएफपी दस्तावेज में परिचालन विशेषताओं और विशेषता शीर्षक अंतर्गत, कहा गया है, उभरते हवाई खतरे से निपटने के लिए, सेना वायु रक्षा को प्रभावी टर्मिनल और प्वाइंट रक्षा के लिए बहुत कम दूरी वायु रक्षा (वीएसएचओ आरएडीएस) मैनपोर्टेबल मिसाइल प्रणाली की आवश्यकता है। इसमें कहा गया है, ...शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

पीएम सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के लिए धनराशि मंजूर

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देश के अनुक्रम में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना में भारत सरकार से मदर सेक्शन के रूप में प्रथम किश्त की अवमुक्त केन्द्र की धनराशि 10000 लाख के सापेक्ष शेयरबल कम्पोनेन्ट के लिए केन्द्राश 5095 लाख रुपये में 40 प्रतिशत राज्यांश 3396.67 लाख रुपये को सम्मिलित करते हुए कुल 8491.67 लाख तथा नॉन शेयरबल कम्पोनेन्ट के लिए 3700 लाख रुपये इस प्रकार कुल धनराशि 12191.67 लाख को अवमुक्त किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

मायावती ने जातिगत गणना के मुद्दे पर कांग्रेस को घेरा

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने जातिगत गणना के मुद्दे पर कांग्रेस को घेरते हुए शनिवार को कहा कि वह यह भूल गयी कि दलित तथा अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समाज के करोड़ों लोगों को आरक्षण सहित उनके संवैधानिक हक से वंचित रखने में उसका इतिहास काला अध्याय है। मायावती ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, 1931 और आजादी के बाद पहली बार देश में जातिगत गणना कराने के केंद्र सरकार के निर्णय का श्रेय लेने में कांग्रेस यह भूल गयी कि दलित व ओबीसी समाज के करोड़ों लोगों को आरक्षण सहित उनके संवैधानिक हक से वंचित रखने में उसका इतिहास काला अध्याय है और इस कारण उसे सत्ता भी गंवानी पड़ी है। उन्होंने कहा, कि किन्तु सत्ता विहीन होने के बाद कांग्रेस नेतृत्व या खासकर दलित और ओबीसी समाज के प्रति नया उभरा प्रेम विश्वास से परे है तथा इन वर्गों के वोट के स्वार्थ की खातिर छलावा की अवसरवादी राजनीति है। वैसे भी आरक्षण को निष्क्रिय बनाकर अन्ततः इसको खत्म करने की इनकी नापाक मंशा को कौन भुला सकता है? बसपा नेता ने कहा, कि वैसे आरक्षण व संविधान के जनकल्याणकारी उद्देश्यों को फेल करने में भाजपा भी कांग्रेस से कम नहीं, बल्कि दोनों एक ही थैली के चट्टे-बट्टे हैं। किन्तु अब वोटों के स्वार्थ व सत्ता के मोह के कारण भाजपा को भी जातिगत गणना की जन अकांक्षा के आगे झुकना पड़ा है।

राजस्व वादों का हो समयबद्ध निस्तारण :योगी

सीएम ने की राजस्व विभाग की समीक्षा, कहा, कि तय समयसीमा में हो जनहित के मामलों का निस्तारण

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को राजस्व विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने बैठक की शुरुआत में ही दो महत्वपूर्ण बिंदुओं 'राजस्व वादों के समयबद्ध निस्तारण और भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण' को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि इन कार्यों को प्रत्येक स्तर पर तीव्र गति से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि भूमि संबंधी विवादों का शीघ्र समाधान न केवल जनविश्वास, बल्कि राज्य में निवेश और विकास के लिए भी आवश्यक है, वहीं लैंड रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण पारदर्शी, भ्रष्टाचार-मुक्त और उत्तरदायी शासन प्रणाली की नींव है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व विभाग जनविश्वास का आधार है और उसकी कार्य संस्कृति जनकेंद्रित, तकनीकी रूप से दक्ष और संवेदनशील होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि सभी भू-अभिलेखों का डिजिटलीकरण शीघ्र पूर्ण किया जाए और शहरी क्षेत्रों का लैंड रिकॉर्ड तैयार कर उसे प्राथमिकता से ऑनलाइन पोर्टल पर सार्वजनिक किया जाए। उन्होंने राजस्व परिषद के पोर्टल की रीडिजाइनिंग की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि यह अधिक उपयोगकर्ता अनुकूल और परिणाममूलक होना चाहिए। साथ ही लेखपाल से लेकर आयुक्त स्तर तक एकीकृत डैशबोर्ड विकसित करने का निर्देश दिया, ताकि विभागीय निगरानी सरल हो सके और आमजन को सीधा लाभ मिले। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्राधिकरणों के लैंडयूज डेटा को खतौनी पर प्रदर्शित किया जाए और धारा 80 के अंतर्गत भू-उपयोग परिवर्तन प्रक्रिया को सरल व पारदर्शी बनाया जाए। नामांतरण वादों को पूर्णतः ऑटोमेट किए जाने की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे नागरिकों को सुगमता और समयबद्ध न्याय प्राप्त होगा। उन्होंने चकबंदी प्रक्रिया में तकनीकी हस्तक्षेप और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, साथ ही सावधान किया कि चकबंदी की जटिलताओं के कारण गंभीर सामाजिक विवाद जन्म ले सकते हैं, अतः इसे अत्यंत संवेदनशीलता से निपटाया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि अविवादित वरासत के मामलों का निस्तारण अधिकतम 15 कार्यदिवस के भीतर किया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि रियल टाइम खतौनी, आधार सीडिंग, किसान रजिस्ट्री, पैमाइश और खसरा पड़ताल से जुड़े सभी लंबित प्रकरणों का समाधान तय समय सीमा में अनिवार्य रूप से किया जाए। इसके लिए आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त मानव संसाधन की व्यवस्था की जाए। विभाग द्वारा प्रस्तुत जानकारी के अनुसार, विगत वर्ष में ही 36 लाख से अधिक जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्र निर्गत किए गए, जिनमें से 85% आवेदन सात कार्यदिवसों के भीतर ऑनलाइन निस्तारित हुए। मुख्यमंत्री ने इस प्रगति की सराहना बताया और सेवा वितरण को और अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाए जाने के निर्देश दिए। प्राकृतिक आपदा की स्थिति में त्वरित सहायता के लिए मुख्यमंत्री ने विभाग की सराहना करते हुए बताया कि वर्ष 2023-24 में 3.5 लाख से अधिक प्रभावित परिवारों को सहायता राशि उपलब्ध कराई गई। उन्होंने निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के सभी लंबित आवेदन अगले 10 कार्यदिवसों में पूर्ण रूप से निस्तारित किए जाएं।

शीघ्र शुरू की जाये 'मुख्यमंत्री सुपोषण योजना' : सीएम

- मुख्यमंत्री ने बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के कार्यों की समीक्षा की
- 3 से 6 वर्ष तक के सभी पंजीकृत बच्चों को प्रातःकाल पौष्टिक स्वल्पाहार होगा उपलब्ध

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'सुपोषित उत्तर प्रदेश' की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक निर्णायक कदम उठाते हुए 'मुख्यमंत्री सुपोषण योजना' प्रारम्भ करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही, उन्होंने प्रदेश के सभी जनपदों में टेक होम राशन (टीएचआर) की इकाइयां स्थापित करने के भी निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने शनिवार को अपने सरकारी आवास पर उच्चस्तरीय बैठक में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के कार्यों की समीक्षा की और योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गम्भीर तीव्र कुपोषण (सैम) की समस्या को लेकर अब तक 'सम्भव अभियान' के अंतर्गत जो प्रयास किए गए हैं, उनसे उल्लेखनीय सुधार अवश्य हुआ है, लेकिन अभी भी सतत पोषण सहायता की महती आवश्यकता बनी हुई है। इसके दृष्टिगत 3 से 6 वर्ष तक के सभी पंजीकृत बच्चों को प्रातःकाल पौष्टिक स्वल्पाहार उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री सुपोषण योजना प्रारम्भ की जानी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह योजना डॉ. भीमराव आंबेडकर जीरो पॉवर्टी मिशन के अंतर्गत चिन्हित गरीब परिवारों के लिए एक बड़ी सौगात होगी। इसके साथ ही, आकांक्षात्मक जनपदों और आकांक्षात्मक विकासखंडों को भी इससे लाभान्वित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि इसी भाव के साथ 'मुख्यमंत्री सुपोषण योजना' के सम्बन्ध में विस्तृत कार्ययोजना यथाशीघ्र तैयार की जाए। मुख्यमंत्री ने बच्चों में स्टंटिंग, अंडरवेट और वेस्टिंग जैसे पोषण मानकों की सतत मॉनीटरिंग पर बल देते हुए कहा कि इसके लिए स्थानीय प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, महिला कल्याण, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के समन्वय से एकीकृत प्रयास सुनिश्चित किए जाएं।

गंगा एक्सप्रेसवे की गुणवत्ता और सुविधा सुनिश्चित करेगी यूपी सरकार

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। यूपी सरकार गंगा एक्सप्रेसवे को विश्वस्तरीय बनाने के लिए स्विटजरलैंड की अत्याधुनिक तकनीक के जरिये गंगा एक्सप्रेसवे की गुणवत्ता व सुविधा सुनिश्चित करेगी। शनिवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख की ईटीएच

यूनिवर्सिटी और आरटीडीटी लैबोरेट्रीज एजी के साथ हुए करार के तहत आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) और सेंसर-आधारित तकनीक से सड़क की गुणवत्ता और सुविधा की जांच की जा रही है।

यह तकनीक निर्माण के दौरान ही खामियों को पकड़कर सुधारने में सक्षम है। गंगा एक्सप्रेसवे पर इस तकनीक का उपयोग करने के बाद इसे गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर भी लागू करने की योजना है। उल्लेखनीय है कि 594 किलोमीटर लंबा गंगा एक्सप्रेसवे मेरठ से प्रयागराज तक 12 जिलों को जोड़ेगा और भविष्य में इसे बलिया तक विस्तारित किया जाएगा, जिससे यह देश का सबसे लंबा एक्सप्रेसवे बन जाएगा। स्विस तकनीक का उपयोग इस परियोजना को तकनीकी रूप से उन्नत बनाने के साथ-साथ योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार के उस विजन को रेखांकित करता है, जो उत्तर प्रदेश को एक्सप्रेस प्रदेश के रूप में स्थापित करने की दिशा में अग्रसर है। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के एसीईओ श्रीहरि प्रताप शाही के हवाले से कहा गया कि गंगा एक्सप्रेसवे की राइडिंग गुणवत्ता और सहूलियत को सुनिश्चित करने के लिए स्विस तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। इसके तहत वायब्रेशन टेक्नोलॉजी और 7 एक्सेलेरोमीटर सेंसर (4 क्वॉलिटी और 3 कम्फर्ट के लिए) से लैस इनोवा वाहन सभी 6 लेन की जांच कर रहा है। यह वाहन रोड की सतह, सहजता स्तर और उतार-चढ़ाव का डाटा एकत्र करता है, जिसे ऑनलाइन ग्राफ के रूप में देखा जा सकता है।

यूपीसीडा ने 7 वर्षों में औद्योगिक क्षेत्रों का किया कायाकल्प

विशेष संवाददाता (vol)

- सीएम योगी के मार्गदर्शन में औद्योगिक क्षेत्रों के विकास पर खर्च की गई 430% अधिक धनराशि
- 2024-25 में क्षेत्र के विकास,उन्नयन और अनुरक्षण पर खर्च किए गए 551 करोड़ रुपये

लखनऊ। योगी सरकार औद्योगिक विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) के माध्यम से औद्योगिक क्षेत्रों के उन्नयन और अनुरक्षण पर भारी निवेश किया जा रहा है। वर्ष 2018-19 की तुलना में 2024-25 में यूपीसीडा ने औद्योगिक विकास पर 430 प्रतिशत अधिक धनराशि खर्च की है। जहां 2018-19 में 104 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे, वहीं 2024-25 में यह राशि बढ़कर 551 करोड़ रुपये हो गई है। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार का लक्ष्य उत्तर प्रदेश को देश का अग्रणी औद्योगिक राज्य बनाना है। इसके लिए यूपीसीडा द्वारा औद्योगिक क्षेत्रों में और अधिक निवेश, बुनियादी ढांचे का विकास और रोजगार सृजन पर जोर दिया जा रहा है। सरकार की इन नीतियों से न केवल औद्योगिक विकास को बल मिल रहा है, बल्कि प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने में भी सक्षम बना रहा है। यूपीसीडा ने हर वर्ष औद्योगिक क्षेत्रों के विकास पर खर्च को बढ़ाया है। वर्ष 2019-20 में 207 करोड़, 2020-21 में 234 करोड़, 2022-23 में 287 करोड़ और 2023-24 में 415 करोड़ रुपये खर्च किए गए। बीते एक वर्ष में ही 136 करोड़ रुपये का अतिरिक्त निवेश किया गया, जो योगी सरकार के औद्योगिक विकास के प्रति समर्पण को दर्शाता है। इसके चलते औद्योगिक इकाइयों की संख्या भी 2019-20 में 403 इकाइयों से बढ़कर 2024-25 में 1634 हो गई। वहीं वर्ष 2017-18 में 11,577 रोजगार के मुकाबले 2024-25 में 51,761 रोजगार सृजित हुए। औद्योगिक क्षेत्रों के विकास पर योगी सरकार के विशेष फोकस का नतीजा उत्पादन वृद्धि में भी दिखा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में यूपीसीडा ने 10 से अधिक मेगा और सुपर मेगा औद्योगिक इकाइयों को भूमि आवंटित की है, जिनमें हजारों करोड़ रुपये का निवेश हुआ। इस वर्ष भूमि आवंटन के तहत कई बड़े निवेशकों ने उत्तर प्रदेश में अपनी परियोजनाएं शुरू की हैं। इनमें सोम बेवरेजेस (600 करोड़), बीपीसीएल कानपुर (500 करोड़), इंडोरेमा (400 करोड़), अशोक लीलेंड (186 करोड़), एडविन (175 करोड़), क्रिभको (145 करोड़), युगा एस्टेट (100 करोड़), एक्सैक्टसन (100 करोड़), लिंकलॉक्स (100 करोड़), श्री तुलसी (100 करोड़) और मॉर्बल रॉयल पेंट (90 करोड़) शामिल हैं।

यूपी के बांध बनेंगे टूरिस्ट स्पॉट

- चित्रकूट, महोबा, सोनभद्र, हमीरपुर, झांसी, सिद्धार्थनगर और बांदा में बांधों और जलाशयों पर संचालित होंगी पर्यटन गतिविधियां

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार प्रदेश में ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए कृतसंकल्प है। इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सरकार ने विभिन्न बांधों और जलाशयों को पर्यटन स्थलों के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है। इसके तहत चित्रकूट, महोबा, सोनभद्र, हमीरपुर, झांसी, सिद्धार्थनगर और बांदा जनपदों में स्थित सात प्रमुख बांधों और झीलों पर अवस्थापना सुविधाओं का विकास किया जाएगा।

साथ ही, इन स्थानों पर जल और साहसिक क्रीड़ा गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की सहमति और सहयोग सुनिश्चित किया गया है। सरकार ने जिन बांधों और जलाशयों को ईको टूरिज्म के लिए चुना है। उनमें चित्रकूट में गुन्ता बांध, महोबा में अर्जुन डैम, सोनभद्र में धंधरौल डैम, हमीरपुर में मौदहा डैम, झांसी में गढ़मऊ झील, सिद्धार्थनगर में मझौली सागर और बांदा में नवाब टैंक को शामिल किया गया।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर इन जलाशयों को पर्यटकों के लिए आकर्षक बनाना है। सरकार का मानना है कि इन स्थानों पर आधुनिक पर्यटन सुविधाओं जैसे रिसॉर्ट, बोटिंग, वाटर स्पोर्ट्स, ट्रैकिंग और कैंपिंग जैसी गतिविधियों का विकास न केवल पर्यटकों को आकर्षित करेगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन और आर्थिक विकास को भी बढ़ावा देगा। सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग इन परियोजनाओं के लिए तकनीकी सहायता और आवश्यक अनुमतियां प्रदान करेगा। विभाग यह सुनिश्चित करेगा कि बांधों की सुरक्षा और संरचना पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े, साथ ही जल क्रीड़ा गतिविधियों के लिए उपयुक्त पर्यावरण और सुरक्षा मानकों का पालन किया जाए। दरअसल, उत्तर प्रदेश में प्राकृतिक और सांस्कृतिक समृद्धि का खजाना है।

खाद्य निगम के नवनियुक्त कार्मिकों को मिला प्रशिक्षण

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में दीन दयाल उपाध्याय ग्राम्य विकास संस्थान बख्शी का तालाब, लखनऊ में विभिन्न सरकारी, अर्धसरकारी विभाग/संस्थाओ के अधिकारियों व कर्मचारियों व विभाग व रचनात्मक कार्यों से जुड़े लोगों को प्रशिक्षण देकर उन्हें और अधिक दक्ष व सक्षम बनाने का कार्य किया जा रहा है।

इसी कड़ी में दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्रम्य विकास संस्थान बख्शी का तालाब, लखनऊ द्वारा भारतीय खाद्य निगम के सहयोग से, भारतीय खाद्य निगम में नवनियुक्त तृतीय श्रेणी के कार्मिकों हेतुए दिनांक 21 अप्रैल 3 मई की अवधि में, आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस बारह दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण, 86कार्मिकों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया गया। इस आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न विषयों यथा स्ट्रक्चर आफ स्टेट एंड रिलेशनशिप विथ एफ सी आई, रोल आफ पार्लियामेंट कामिटीज, फूड पालिसी आफ इंडिया एंड नेशनल फूड सिक्योरिटी ऐक्ट एंड इट्स ईम्प्लीमेन्टेशन, सस्टेनेबल डेवलपमेंट आफ इंडियन एग्रीकल्चर एंड रोल इन इंडियन इकोनॉमी, टाइप्स आफ फिजिकल वेरीफिकेशन इन एफ सी आई-ऐनुअल पीवी, क्वार्टरली पीवी एंड आईएसआई पीवी, लेबर सिस्टम इन एफसीआई पेमेंट एंड बेनिफिट्स टू डिपार्टमेंट एंड डीपीएस लेबर, आफिस प्रोसिजर, ओपेनिंग एंड मेंटीनेंस आफ फाइल्स, आफिसियल रिकार्डस, वर्कशॉप आन नोटिंग ड्राफ्टिंग इत्यादि अनेक प्रासंगिक एवं उपयोगी विषयों पर भारतीय खाद्य निगम व अन्य संबंधित विभागों के विशेषज्ञ वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा विषयगत प्रासंगिक व महत्वपूर्ण वार्ताओ के माध्यम से नवनियुक्त कार्मिकों का ज्ञानवर्धन किया गया।

सपा सरकार में हुआ विश्वस्तरीय कार्य : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को बयान जारी कर कहा कि समाजवादी सरकार में प्रदेश में हुए विकास कार्यों की देश दुनिया में सराहना हो रही है। समाजवादी सरकार ने लखनऊ में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट स्टेडियम, आधुनिक सुविधाओं से लैस पुलिस मुख्यालय की सिग्नेचर बिल्डिंग, एशिया का सबसे बड़ा पार्क जनेश्वर मिश्र पार्क, विश्वस्तरीय गोमती रिवरफ्रंट और मेट्रो रेल, विश्वस्तरीय आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे का निर्माण कराया। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे देश का पहला एक्सप्रेस-वे है जिस पर सेना के लड़ाकू विमान उतारने के लिए हवाई पट्टी बनायी गयी।

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे का निर्माण रिकार्ड 23 महीनें में पूरा हुआ। जब एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन हुआ तो देश के सबसे उन्नत किस्म के सुखोई और मेराज समेत अन्य लड़ाकू विमान उतारे गये। मालवाहक हरक्यूलिस विमान भी यहां उतरा था। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार में हर कार्य विश्वस्तरीय किया गया। ये सभी कार्य प्रदेश और देश के लिए उदाहरण है। आज इन कार्यों की सराहना होती है तो सुखद अनुभूति होती है। सपा के समय लखनऊ में बने वर्ल्ड क्लास पुलिस मुख्यालय की महान क्रिकेटर कपिल देव ने सराहना की है।

उनसे मिली सराहना ने हमारा उत्साह बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि बड़ी सोच से प्राप्त हुई उपलब्धि का मोल और मान वही समझ सकता है जिसने स्वयं बड़ी उपलब्धि पायी हो। सपा के काम से आज दुनिया में लखनऊ और उत्तर प्रदेश का मान बढ़ रहा है। सपा की सरकार में लखनऊ में बनाए गये विश्वस्तरीय इकॉना क्रिकेट स्टेडियम में अन्तर्राष्ट्रीय और आईपीएल के क्रिकेट मैच हो रहे हैं। देश और दुनिया के क्रिकेटर यहां खेल रहे हैं और स्टेडियम की सराहना करते हैं।इसी तरह से समाजवादी सरकार में बनाए गये आईटी सिटी की कम्पनियों में पढ़े लिखे हजारों नौजवानों को नौकरी और रोजगार मिल रहा है। समाजवादी सरकार ने प्रदेश को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने का काम किया। किसानों के लिए मंडिया बनायी। दुग्ध प्रक्योरमेंट के प्लांट लगाए गये। जिलों को जोड़ने के लिए फोरलेन सड़कें बनायी गयी लेकिन भाजपा सरकार ने सभी विकास कार्य रोक दिए। भाजपा सरकार ने समाजवादी सरकार के विकास कार्यों को बर्बाद करने के अलावा कुछ नहीं किया।

सपाइयों ने देखी फिल्म फुले

लखनऊ। महात्मा ज्योतिबा फुले और उनकी पत्नी शिक्षाविद् सावित्री बाई फुले के जीवन संघर्ष पर आधारित फिल्म फुले का लुलु मॉल, लखनऊ के मल्टीप्लेक्स में प्रदर्शन हुआ। इसमें मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजवादी नेता राजेन्द्र चौधरी तमाम साथियों के साथ शामिल हुए। फरुर्खाबाद लोकसभा क्षेत्र से सपा के प्रत्याशी रहे डॉ. नवल किशोर शाक्य और प्रियंका शाक्य ने पूरा सिनेमा हाल बुक कराया था। इस अवसर पर राजेन्द्र चौधरी ने अपने सम्बोधन में कहा है कि महात्मा फुले और सावित्री बाई फूले का पूरा जीवन सामंतीतत्वों से संघर्ष, पाखंड के विरोध और समाज के शोषित, वंचित वर्ग के उत्थान तथा शिक्षा प्रसार में बीता। उन्होंने सामाजिक न्याय और समानता के लिए जो लड़ाई शुरू की सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पीडीए के माध्यम से उसे आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजपाल कश्यप ने कहा कि दलित पिछड़ा समाज अपने हक और सम्मान के लिए अखिलेश यादव के नेतृत्व में उठ खड़ा हुआ है। डॉ. नवल किशोर शाक्य ने अतिथियों के स्वागत के साथ यह जानकारी दी कि फुले फिल्म का प्रदर्शन फरूर्खाबाद के सभी सिनेमा हाल के अतिरिक्त जनसामान्य की सुविधा के लिए प्रोजेक्टर से गांव-गांव इसका प्रदर्शन करायेंगे। उन्होंने पीडीए समाज की एकजुटता का संकल्प दुहराया। भंते तुषित थेरो श्रीलंका, भिक्खु राखिता नंद लखनऊ, भिक्खु कौशल बोधि, भिक्खु चेत सिंह आदि गणमान्य अतिथियों ने भी फुले फिल्म देखी। इस अवसर पर अविनाश कुशवाहा पूर्व विधायक, अभिषेक यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष लोहिया वाहिनी, विनीत कुशवाहा प्रदेश अध्यक्ष छात्र सभा, रीबू श्रीवास्तव प्रदेश अध्यक्ष महिला सभा, पूजा शुक्ला पूर्व प्रत्याशी, पायल किन्नर प्रदेश अध्यक्ष किन्नर सभा मौजूद थीं।

अयोध्या, काशी और मथुरा ही नहीं, नैमिषारण्य में भी दिख रहा बदलाव का असर

विशेष संवाददाता (vol)

- 2017 की तुलना में दोगुने से अधिक हुई नैमिषारण्य आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या
- 88 हजार ऋषियों की तपस्थली में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं में योगी सरकार ने की है बढ़ोतरी
- यूपी के पर्यटन मानचित्र में नैमिषारण्य बना राइजिंग स्पॉट, स्थानीय रोजगार को भी लगे पंख

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व में नैमिषारण्य तीर्थ स्थल न केवल आध्यात्मिक महत्व का केंद्र बन रहा है, बल्कि पर्यटन और स्थानीय रोजगार के क्षेत्र में भी नई ऊंचाइयां छू रहा है। वर्ष 2017 में नैमिषारण्य को विकास प्राधिकरण घोषित किए जाने के बाद इस पवित्र तीर्थ की सूरत बदलने लगी है। श्रद्धालुओं की संख्या में दोगुनी से अधिक वृद्धि और ढांचागत सुविधाओं के विकास ने नैमिषारण्य को उत्तर प्रदेश के पर्यटन मानचित्र पर एक राइजिंग स्पॉट बना दिया है।

दोगुने से अधिक हुई श्रद्धालुओं की संख्या : 2017 की तुलना में नैमिषारण्य में श्रद्धालुओं की संख्या में जबरदस्त इजाफा हुआ है। जहां पहले 84 कोसीय परिक्रमा में डेढ़ लाख श्रद्धालु शामिल होते थे, वहीं अब यह संख्या 4 से 5 लाख तक पहुंच गई है। अमावस्या के दिन चक्रतीर्थ में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 50 हजार से 1 लाख से बढ़कर 2 लाख से अधिक हो गई है। मौनी अमावस्या पर यह आंकड़ा 1.5 लाख से बढ़कर 3 से 4 लाख और गुरु पूर्णिमा पर 1 लाख से 2 से 3 लाख तक पहुंच गया है। वर्ष 2017 में जहां 1 करोड़ श्रद्धालु नैमिषारण्य पहुंचे थे, वहीं अब यह संख्या 2 करोड़ तक हो चुकी है।

तेजी से पूरी की जा रही हैं परियोजनाएं : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में नैमिषारण्य में इन्फ्रास्ट्रक्चर, कनेक्टिविटी और सौंदर्यीकरण के लिए करीब डेढ़ सौ करोड़ रुपये की परियोजनाओं पर तेजी से काम हो रहा है। प्रमुख विकास कार्यों में चक्रतीर्थ प्रवेश द्वार का विकास उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। साथ ही अन्य प्रवेश द्वारों को कारीडोर के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिसकी लागत 972.92 लाख रुपये है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा श्रद्धालुओं के लिए शयनगृह के निर्माण की लागत 793.31 लाख रुपये है। वहीं नैमिषारण्य को मुख्य मार्ग से हेलीपोर्ट से जोड़ने के लिए मार्ग निर्माण और अन्य कार्यों पर 215 लाख रुपये खर्च किए जा रहे हैं। हेलीपोर्ट निर्माण की लागत 781.41 लाख रुपये है। इसी प्रकार ध्रुव तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए 381.42 लाख रुपये की परियोजना चल रही है। उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा मिश्रिख में जंगलीनाथ मंदिर बरताल के पर्यटन विकास के लिए 96.88 लाख रुपये की परियोजना कार्यान्वित की जा रही है। वहीं चक्रतीर्थ कुंड कॉम्प्लेक्स के निर्माण पर 2277.30 लाख रुपये और इंट्रेंस प्लाजा के निर्माण पर 906.60 लाख रुपये खर्च किए जा रहे हैं। साथ ही नैमिषारण्य विकास परिषद द्वारा सीतापुर लिंक रोड पर पार्किंग और अन्य पर्यटन अवस्थापना सुविधाओं के विकास के लिए 4763.08 लाख रुपये की परियोजना को प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है। विकास के अन्य प्रोजेक्ट भी तेजी से पूरे किये जा रहे हैं। सीएम योगी स्वयं समय समय पर नैमिष तीर्थ में हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा और मॉनीटरिंग करते रहते हैं।सोशल मीडिया के प्रचार-प्रसार और दक्षिण भारतीय मंदिरों के निर्माण ने दक्षिण भारत से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि की है।

88 हजार ऋषियों की तपोस्थली है नैमिषारण्य : नैमिषारण्य, जिसे 88 हजार ऋषियों की तपोस्थली के रूप में जाना जाता है, का आध्यात्मिक महत्व अनुपम है। मान्यता है कि यहां भगवान विष्णु के चक्र से चक्रतीर्थ की उत्पत्ति हुई थी और यह स्थान वेदों के अध्ययन और तपस्या का केंद्र रहा है। योगी सरकार के प्रयासों से इस तीर्थ की महिमा और सुविधाएं आज देश-विदेश के श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रही हैं, जिससे यह स्थान न केवल आस्था का, बल्कि सांस्कृतिक और पर्यटन का भी प्रमुख केंद्र बन रहा है।

सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान में 1.5 लाख युवा होंगे लाभान्वित

लखनऊ। यूपी में वित्तीय वर्ष 2025-26 में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत डेढ़ लाख युवाओं को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है तथा लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में कार्य जारी है। शनिवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। इस दिशा में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सरकार ने बैंकों से भी हाथ मिलाया है और मुख्यतः केंद्रीय बैंकों के साथ मिलकर युवाओं को इस अभियान में लाभान्वित किया जा रहा है। इन बैंकों द्वारा अभियान के अंतर्गत पंजीकरण, आवेदन स्वीकृति व धनावंटन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है और सभी बैंकों को बाकायदा निर्देश हैं कि लंबित आवेदनों के निस्तारण का एक उचित फ्रेमवर्क विकसित किया जाए तथा आवेदनों को तयशुदा वक्त में स्वीकृत किया जाए। इसके बाद धनावंटन की प्रक्रिया में भी तेजी लाई जाए जिससे उद्यम की स्थापना में मदद मिले। इस कार्य की बाकायदा निगरानी हो रही है और खुद योगी भी राज्य में योजना के क्रियान्वयन की अद्यतन स्थिति व उससे संबंधित पहलुओं की जानकारी लेते रहते हैं। बयान के अनुसार सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन विभाग द्वारा प्रदेश में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की प्रगति को लेकर हाल ही एक समीक्षा बैठक में लक्ष्य, विस्तृत कार्ययोजना और अद्यतन स्थिति से जुड़े विभिन्न तथ्य प्रस्तुत किए गए थे। बयान में कहा गया है कि इसमें प्रदेश में वित्त वर्ष 2024-25 में निर्धारित लक्ष्य से अधिक प्राप्त आवेदनों की संख्या को देखते हुए वित्त वर्ष 2025-26 में लक्ष्य को बढ़ाकर डेढ़ लाख कर दिया गया है। बयान में कहा गया है कि इसी क्रम में, प्रदेश में बैंकों के द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के लेकर तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

अवैध कब्जों और भू-माफियाओं पर करें कार्रवाई

संपत्ति रजिस्टर मेंटेन करने और सर्वेक्षण के निर्देश

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। नगर निगम मुख्यालय में नगर आयुक्त गौरव कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को संपत्ति विभाग की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगर निगम की सभी संपत्तियों का संपत्ति रजिस्टर व्यवस्थित रूप से तैयार और अद्यतन किया जाए। साथ ही विस्तारित क्षेत्रों में सर्वेक्षण कर अवैध कब्जों की पहचान की जाए।

बैठक में नगर आयुक्त ने कहा कि सरकारी जमीनों पर किए गए अवैध अतिक्रमण को तत्काल हटाया जाए। प्रारंभिक स्तर पर ही अवैध निर्माण कार्यों की पहचान कर उन्हें रोका जाए, ताकि निगम की भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

भू-माफियाओं पर नकेल कसने का आदेश : नगर आयुक्त ने अवैध प्लॉटिंग करने वाले भू-माफियाओं पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों पर कानूनी शिकंजा कसा जाए और इन गतिविधियों को समय रहते रोका जाए।

अपर नगर आयुक्त ने विभागीय उपलब्धियों की दी जानकारी : बैठक के दौरान अपर नगर आयुक्त पंकज कुमार ने बताया कि संपत्ति विभाग ने इस वर्ष में अब तक 188 अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाए हैं, जिनके माध्यम से 121.306 हेक्टेयर भूमि को मुक्त कराया गया है। साथ ही 27 एफआईआर भी दर्ज की गई हैं।

नगर आयुक्त ने विभागीय कार्य की सराहना की : नगर आयुक्त गौरव कुमार ने संपत्ति विभाग के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रयास नगर की व्यवस्था सुधारने और निगम की संपत्तियों की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने इस कार्य को जारी रखने के निर्देश दिए। बैठक के समापन पर नगर आयुक्त महोदय ने कहा कि संपत्ति से संबंधित सभी कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही होनी चाहिए, ताकि आम नागरिकों को लाभ मिल सके और नगर निगम की छवि मजबूत हो।

एलडीए ने 05 अवैध व्यावसायिक निर्माण सील किए

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन टीम ने शनिवार को ठाकुरगंज, चौक, आलमनगर व गोमती नगर विस्तार क्षेत्र में कार्रवाई की। इस दौरान प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किये जा रहे 05 व्यावसायिक निमार्णों को सील किया गया।

प्रवर्तन जोन-7 के जोनल अधिकारी अतुल कृष्ण सिंह ने बताया कि सचिन कुमार व अन्य की ओर से आलमनगर में सरीपुर रोड स्थित शीला गार्डेन में लगभग 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर व्यावसायिक कॉम्पलेक्स का निर्माण करवाया जा रहा था।

वहीं, रामवीर सिंह यादव व अन्य द्वारा ठाकुरगंज के फरीदीपुर में रिंग रोड स्थित मल्लपुर में लगभग 120 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर दुकानों व भवन का निर्माण करवाया जा रहा था। इसके अलावा रंजीत कुमार व अन्य द्वारा चौक के लाजपत नगर में लगभग 80 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर व्यावसायिक निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना अवैध रूप से किये जा रहे इन तीनों निर्माण कार्यों को प्रवर्तन दल ने शनिवार को सील कर दिया।

प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी विपिन कुमार शिवहरे ने बताया कि अभय सिंह व अन्य द्वारा गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-5 में लगभग 120 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर बहुमंजिला भवन का निर्माण करवाया जा रहा था। इसी तरह अतुल दीक्षित व अन्य द्वारा गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-5 में 120 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर व्यावसायिक निर्माण कराया जा रहा था।

अवैध रूप से किये जा रहे इन दोनों निर्माण कार्यों को विहित न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में प्रवर्तन टीम की ओर से शनिवार को पुनः सील किया गया।

बिना फिटनेस के शहर मे नही चलेगी एम्बुलेंस : एआरटीओ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। शहर में शव वाहन, और एम्बुलेंस तेजी से बिना फिटनेश की सड़को पर दौड़ रही है। ऐसे वाहनो से प्रतिदिन कोई न कोई दुर्घटना हो रही है। दुर्घटना के बाद पुलिस जांच करती है तो पता चलता है कि दोनो वाहनों का फिटनेस बीते कई वर्षो से नही हुआ है।

वरिष्ठ एआरटीओ परिवहन अधिकारियों का कहना है कि ऐसी गाड़िया सड़क पर कम चलती है इसलिए कोई कार्यवाही जल्दी नही हो पाती है। शहर में सैकड़ो की संख्या में शव को ले जाने के लिए वाहन सड़क पर दौड़ रही है। शव ले जाने वाली ज्यादातर गाड़िया वर्षो पुराना होने के कारण सड़क पर चलने लायक नही बची है फिर भी ऐसी गाड़िया सड़क पर पुलिस और आरटीओं के अधिकारियों के सामने गाड़ियों को चला रहे है। ऐसी गाड़िया ज्यादातर ऐसे जगहो पर खड़ी होती है जहां पर पुलिस या परिवहन के अधिकारियों की नजर न पड़े। आलमबाग नहर, चन्दर नगर, मुशिपुलिया, चिनहट, गोमतीनगर, बंग्लाबजार, ट्रांसपोर्टनगर सहित अन्य जगहों पर सड़क के किनारे या फिर किसी पार्क में गाड़ी को खड़ी कर देते है और जब किसी का फोन आता है तो छोटी बड़ी गाड़ी मांग के अनुसार भेज देते है। आलमबाग के रहने वाले प्रभाकर ने बताया कि शव वाहन के लिए फोन किया तो गाड़ी मालिक ने एक पैसा नही कम किया। जब गाड़ी में शव लेकर जाने लगे तो रास्ते में ही गाड़ी खराब हो गयी। जब गाड़ी खराब होने की शिकायत गाड़ी मालिक से किया गया तो उसने कहा कि गाड़ी पुरानी हो गयी है खराब हो गयी होगी।

एआरटीओ पीके सिंह से जब इस बारे में बात किया गया तो उन्होंने कहा कि गाड़ी सड़क पर चल रही है तो सभी की जांच होगी, सभी को फिटनेश रिपोर्ट लेना ही होगा।

जेपीएन सेंटर की एलडीए को मिलेगी जिम्मेदारी

सीएम के निर्देश पर प्राधिकरण बनायेगा कार्ययोजना

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। जय प्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय सेंटर (जेपीएनआईसी) के दिन बहुरने वाले हैं। मुख्यमंत्री ने आवास विकास की समीक्षा बैठक के दौरान लखनऊ विकास प्राधिकरण को हस्तांतरण करने के निर्देश दिए हैं। पिछली सरकार में इसके संचालन की जिम्मेदारी जिस कंपनी को दी गई थी उससे अनुबंध वापस लिया जाएगा।

बता दें कि जय प्रकाश नारायण इंटरनेशनल सेंटर के निर्माण पर अभी तक लगभग 864 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं। इसके बाद यह अधूरा है। पिछली सरकार में 2016 में इसके संचालन की जिम्मेदारी एक कंपनी को दी गई थी। 2017 में भाजपा सरकार बनने के बाद इसकी जांच शुरू हो गयी, इसके चलते इसका संचालन शुरू नहीं हो सका लेकिन इसकी जिम्मेदारी आधिकारिक तौर पर इसी कंपनी के पास है। लेकिन अब यह उस कंपनी से वापस ली जाएगी। शासन ने इसके संबंध में पहले ही निर्देश जारी कर दिए थे। माना जा रहा है कि जल्दी ही कंपनी के साथ हुआ अनुबंध निरस्त कर दिया जाएगा। इसके संबंध में शासन ने न्याय विभाग से विधिक राय भी ले ली है। कहा जा रहा है कि जेपी इंटरनेशनल सेंटर का निर्माण पूरा होने से पहले ही संचालन के लिए इसे कंपनी को दे दिया गया था। लखनऊ की जिस कंपनी को इसकी जिम्मेदारी दी गई उसने एक दूसरी कंपनी के साथ करार कर इसके संचालन की तैयारी की थी। लेकिन आज तक इसका संचालन नहीं शुरू हो पाया। अधिकारी बताते हैं कि जेपी इंटरनेशनल सेंटर के संचालन का अनुबंध निरस्त किया जाएगा। पांच वर्ष से कंपनी काम नहीं शुरू कर पाई है। जब तक निर्माण पूरा नहीं होगा इसका संचालन नहीं हो सकेगा, इसीलिए अनुबंध निरस्त करने की कारवाई होगी। इसके बचे काम को पूरा करने तथा इसके संचालन के लिए पांच विकल्प तैयार किए गए हैं। एलडीए ने जो विकल्प तैयार किया है उसमें यह कि भवन को जहां है जैसा की स्थिति में किसी ऑपरेशन एंड मेंटिनेंस एजेंसी से करार कर लिया जाए। यूपी होटल एसोसिएशन के माध्यम से भी सम्भावनाएं ढूंढी जा रही हैं। अधूरे कामों को पूरा करने के लिए शासन ने बजट देने से इंकार कर दिया है। अभी यहां काफी काम अधूरा पड़ा है। बचे कामों को पूरा कराने के लिए लगभग 82 करोड़ का प्रस्ताव एलडीए ने दिया था। शासन से बजट को मंजूरी न मिलने से एलडीए जरूरत वाले काम ही कराएगा। उच्च स्तरीय निरीक्षण के बाद उक्त विकल्प सुझाए गए थे। इनमें योजना को पूरा कराने के लिए शासन से कम से कम मदवार धनराशि मिल सकती है। प्रारंभिक सदस्यता खोले जाने से प्राप्त होने धनराशि, सदस्यों की अधिकतम क्षमता का आकलन, लखनऊ के अन्य क्लबों का निर्धारित सदस्यता शुल्क विवरण जिससे बचे कार्यों को पूरा कराया जा सकेगा। किसी फाइनेंशियल कन्सल्टेंट के माध्यम से यह रिपोर्ट भी तैयार कराये जाने का सुझाव दिया गया कि गेस्ट हाउस भाग या रेस्टोरेंट अथवा ग्रीन एरिया को अलग से किसी एजेंसी को लीज पर दिया जाए या फिर बेच दिया जाए तो कितनी धनराशि मिलेगी। इसके बाद परिसर के अन्य कामों को पूरा कराया जा सकता है। इन संभावनाओं को लेकर निर्मल लिए जा सकते हैं।

डीपीआर से ज्यादा खर्च, दोषियों पर कार्रवाई अटकी

सपा सरकार में जेपी सेंटर के निर्माण के लिए करीब 864 करोड़ रुपये बजट मंजूर हुआ था। शुरूआती डीपीआर में जो काम शामिल थे। अधिकारियों और इंजीनियरों ने करीब 100 करोड़ रुपये के अतिरिक्त काम करा दिए। इसकी डीपीआर में यह काम शामिल नहीं थे, जिससे वित्तीय अनियमितता हुई। यहां अभी भी काफी काम अधूरे हैं। जिसे पूरा करने क लिए एलडीए ने पूर्व में करीब 114 करोड़ रुपये का प्रस्ताव तैयार किया था। शासन ने मामले की जांच कराई तो चार अफसर और इंजीनियरों को दोषी बताया गया। आरकॉम कंसलटेंट प्राइवेट लिमिटेड ने जेपीएनआईसी की डिजाइन तैयार की थी। कंसलटेंट की वजह से इस परियोजना की लागत काफी बढ़ गई थी। वर्ष 2022 में कमिश्नर ने जांच कराई थी। कमिश्नर की जांच में आर्किटेक्ट को भी दोषी बताया गया था। आर्किटेक्ट पर कार्रवाई का अधिकार लखनऊ विकास प्राधिकरण को दिया गया था।

नगर निगम कर्मचारी संघ ने नगर आयुक्त से की शिष्टाचार भेंट

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश नगर निगम कर्मचारी संघ, लखनऊ के अध्यक्ष राजेश सिंह व कार्यकारिणी सदस्यों ने शुक्रवार को नगर निगम के नव नियुक्त नगर आयुक्त से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर संघ पदाधिकारियों ने निगम कर्मचारियों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की और आयुक्त का ध्यान आउटसोर्स कर्मचारियों के वेतन में हो रही भिन्नता समेत अन्य लंबित देयों की ओर आकर्षित किया। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि कर्मचारियों को समय से वेतन न मिलने, सेवा संबंधी लाभों में देरी और कार्यस्थल पर उत्पन्न समस्याओं से कर्मचारी परेशान हैं। नगर आयुक्त ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और प्राथमिकता के आधार पर समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान संगठन के संरक्षक कंचन सक्सेना, महामंत्री रमेश चौरसिया, उपाध्यक्ष कृष्णा मगन सिंह, दीपक शर्मा, संगठन मंत्री मोहम्मद रेहान व ओमकार राजभर, प्रचार मंत्री राजीव रतन राय, हिमांशु सावंत, सर्वेश पाल, राजीव जैन, अमित शुक्ला, शील भान सिंह, मंगल सिंह, मंत्री संतोष दुबे समेत तमाम कर्मचारी उपस्थित रहे।

फिटनेस की रसीद नही कटी, हुआ लाखों रुपये का राजस्व नुकसान

लखनऊ। परिवहन विभाग के वाहन पोर्टल पर शुक्रवार और शनिवार को फीस जमा नहीं हो सकी, जिससे गाड़ियों की फिटनेस का काम पूरी तरह से ठप हरे गया। परेशान वाहन मालिकों ने आरटीओ कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों से शिकायत की तो पता चला कि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय पोर्टल को अपग्रेड कर रहा है। अधिकारियों के मुताबिक सोमवार से पोर्टल शुरू हो जाएगा। लखनऊ में वाहन परीक्षण एवं प्रमाणीकरण केंद्र (फिटनेस सेंटर) पर प्रतिदिन 150 से 200 गाड़ियों की फिटनेस होती है। इसके लिए वाहन पोर्टल से फीस जमा करनी होती है। शुक्रवार की दोपहर से पोर्टल पर फीस जमा नहीं हो सकी। आरटीओ जाने पर पता चला कि अपडेशन होने संबंधी कार्य की वजह से काम बंद किया गया है। वाहन मालिक परेशान हैं कि उनकी फिटनेस एक्सपायर हो गई तो दो दिन काम नहीं होने की वजह से उनके ऊपर जुमार्ना तो नहीं लगेगा। सूत्रों ने बताया कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने पोर्टल अपडेशन संबंधी सूचना काफी पहले भेज दी थी, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया, जिससे वाहन मालिकों को दिक्कत झेलनी पड़ी। परिवहन विभाग के वाहन पोर्टल को अपग्रेड किया जा रहा है। जिससे गाड़ियों की फीस जमा नहीं हो पा रही है। उम्मीद है कि दो-तीन दिन में वाहनों के फिटनेस के लिए फीस जमा होने लगेगी। वाहन मालिक फीस जमा करने के लिए पोर्टल पर कोशिशें करते रहे, लेकिन सफलता नहीं मिली।

एप से जमा कर सकते है बिजली बिल

लखनऊ। बिजली बिल जमा करने से पहले मीटर रीडर को रिडिंग लेने के बाद विभाग में बिल अपड़ेट कराना पड़ता था। जिसे अब समाप्त करते हुए स्मार्ट बिलिंग एप के तहत बिजली उपभोक्ता के सामने ही बिल अपड़ेट हो जायेंगा। जिससे उपभोक्ता क्रेडिट कार्ड या किसी भी एप पर अपना बिल देखकर घर बैठे ही बिल जमा कर सकता है। लेसा के अधिकारी सात डिवीजनों में इसकी शुरूआत करने जा रहा है। सात डिवीजनों में लगभग 70 हजार से अधिक उपभोक्तओं को इसका लाभ मिलेगा। बिजली का बिल बनाने के बाद मीटर रीडर कभी एक तो कभी दो दिन बाद डाटा ट्रांसफर करते हैं। इस कारण चाहकर भी उपभोक्ता बिल बनते ही रुपये नहीं जमा कर पाते हैं। कई बार यदि मीटर रीडर ने ज्यादा बिल बना दिया तो उपभोक्ता तत्काल संबंधित उपकेंद्र पर पहुंचकर खुद मीटर रीडिंग के आधार पर बिल बनवाकर जमा कर देते हैं। इस कारण मीटर रीडर का डाटा फीड नहीं हो पाता। लेसा के ऐशबाग, रेजीडेंसी, मुंशीपुलिया, गोमतीनगर, चिनहट, डालीगंज व सीतापुर रोड डिवीजन में बिल बनाए जाने की सुविधा प्रदान की गई है। पावर कॉरपोरेशन के एमडी एम. देवराज ने बताया कि रीयल टाइम बिलिंग अभी टाउनहाल खंड में हो रही है। अब पांच दिसंबर से इसकी शुरूआत हो रही है। सभी मीटर रीडरों के मोबाइल में स्मार्ट बिलिंग एप अपलोड करा दिया गया है। लेसा के सात डिवीजन में व्यवस्था शुरू होने जा रही है।

किसानों को मिले दस घण्टे बिजली : उपभोक्ता परिषद

लखनऊ। वेबिनार में जुड़े किसानों ने मांग की कि पहले की तरह ही दस घंटे की आपूर्ति बहाल की जाए। किसानों ने कहा कि जहां के जनप्रतिनिधि किसानों के हित में प्रबंधन से बात कर रहे हैं, वहां तो दस घंटे की आपूर्ति बहाल कर दी गई है, लेकिन बाकी जगहों पर अभी भी सात घंटे की ही आपूर्ति चल रही है। उपभोक्ता परिषद के साप्ताहिक वेबिनार में शनिवार को कृषि फीडरों पर दस घंटे की बिजली आपूर्ति का मामला उठा। किसी तरह की फॉल्ट आ जाए तो यह आपूर्ति 5 से 6 घंटे की ही रह जा रही है। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने किसानों को आश्वस्त किया कि किसानों की मांग को पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन के सामने प्रमुखता से उठाया जाएगा ताकि इसका समाधान हो जाए।

नगर निगम प्रशासन ने कागजों पर हटा दीं भिखारियों की बस्तियां

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। गोमती नगर क्रॉसिंग के ऊपर से निकले लोहिया पथ आरओबी का एक बड़ा हिस्सा भिखारियों की शरणस्थली बन गया है। हुसडि ?ा, चारबाग में सुदर्शन के सामने, गढ़ी कनौरा मोड़ पर पुल के नीचे भिखारियों के अड्डे हैं। नगर निगम का दावा है कि चिह्नित सभी बस्तियों को हटा दिया गया है। मण्डलायुक्त ने सात दिनों में भिखारियों की बस्तियां हटाने का निर्देश दिया था। नगर निगम ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी। इसके पूर्व 21 अप्रैल को मण्डलायुक्त रोशन जैकब ने बैठक की थी। इसमें इस बात पर चिंता जताई थी कि उन्नाव, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, बहराइच एवं सीतापुर से भीख मांगने वाले लोग नगर निगम की जमीन पर अवैध बस्तियों में काफ ी सं या में लोग बस गए हैं। ऐसी सभी बस्तियों को प्रशासन ने चिह्नित किया था। इस संबंध में मण्डलायुक्त ने अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव को निर्देश दिए थे कि ऐसी सभी बस्तियों को एक सप्ताह में अभियान चलाकर खाली कराएं। साथ ही भिखारियों को समाज की मु य धारा से जोड ? के लिए आश्रय गृहों में रखने का निर्देश दिया था। चौराहों से लेकर द तरों के आसपास भीख मांग रहे लोगो कीकागजों में भले ही बस्तियां हट गई हों। भिखारी आश्रय गृह या अपने मूल जिले को भेज दिए गए हों लेकिन भीख मांगने वाले जहां तहां दिख रहे हैं। फि निक्स मॉल के पास प्रताप टॉवर के सामने, कैरिज एंड वैगन शॉप गेट के बाहर, हुसडि ?ा गोमती नगर में चौराहे के आसपास पुल के नीचे, आलमबाग बस अड्डा, चारबाग स्टेशन समेत अधिसं य स्थानों पर भिखारी अब भी नजर आ रहे हैं।

निजीकरण के खिलाफ बिजली कर्मचारियों ने निकाली बाइक रैली

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के विरोध में शक्ति भवन मुख्यालय पर आज दूसरे दिन क्रमिक अनशन जारी रहा। संघर्ष समिति ने प्रबंधन के अलोकतांत्रिक दमनकारी रवैया की निंदा करते हुए कहा है कि प्रबंधन के रवैया से बिजली कर्मियों में प्रदेश भर में भारी गुस्सा व्याप्त हो गया है। आज राजधानी लखनऊ में निजीकरण के विरोध में विशाल बाइक रैली भी निकाली गई। क्रमिक अनशन के दूसरे दिन आज लगभग 200 से अधिक बिजली कर्मी अनशन पर बैठे। आज उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मियों के समर्थन में मध्य प्रदेश के विद्युत मंडल अभियंता संघ के महासचिव विकास कुमार शुक्ला, वेस्टर्न इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के अध्यक्ष मनोज तिवारी और मध्य प्रदेश के कई बिजली अभियन्ता अनशन में सम्मिलित हुए। उत्तर प्रदेश में केस्को और कानपुर क्षेत्र तथा लखनऊ नगर के बिजली कर्मी अनशन में सम्मिलित रहे। शनिवार को बिजली कर्मचारियों ने निजीकरण के विरोध में विशाल बाइक रैली भी निकाली। रैली शाम 5 बजे राणा प्रताप मार्ग स्थित हाइडल फील्ड हॉस्टल से प्रारंभ होकर राणा प्रताप मार्ग, सुभाष चौक, कैसरबाग, लाल बाग, जीपीओ, हजरतगंज होते हुए अशोक मार्ग पर शक्ति भवन आकर एक सभा के रूप में समाप्त हो गई। रैली में संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने पावर कार्पोरेशन प्रबंधन की अमानवीय दमनकारी कार्यवाहियों के लिए कड़ी निंदा की। उल्लेखनीय कि पावर कार्पोरेशन प्रबंधन ने शक्ति भवन मुख्यालय पर चिलचिलाती धूप में क्रमिक अनशन पर बैठे बिजली कर्मियों की बिजली काट दी है, शक्ति भवन के दरवाजे बन्द कर पानी और शौचालय की सुविधा रोक दी है। इसके साथ ही क्रमिक अनशन पर बैठे बिजली कर्मियों की वीडियोग्राफी कराकर उन्हें डराने धमकाने की कोशिश की जा रही है। बड़े पैमाने पर संविदा कर्मियों को निकाला जाना और फेशियल अटेंडेंस के नाम पर वेतन रोकने के उत्पीड़न की कार्यवाही पहले से ही जारी है। संघर्ष समिति ने चेतावनी दी है कि बिजली कर्मियों की एकता से खीझे हुए प्रबंधन की इन निम्न हरकत की गतिविधियों से बिजली कर्मी डरने वाले नहीं है। बाइक रैली में यह संकल्प व्यक्त किया गया कि निजीकरण के विरोध में यह संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक निजीकरण का फैसला वापस नहीं लिया जाता। शक्ति भवन पर क्रमिक अनशन के दूसरे दिन आज मुख्यतया पी एस बाजपेई, आर एस मिश्र, कपिल मुनि, भोला नाथ झा, रजत कुशवाहा, सचिन कुमार द्विवेदी, अमित श्रीवास्तव , शुभम शुक्ल, अरविंद कुमार, के के अवस्थी, नीरज कुमार तिवारी, लवकुश कुमार, सम्मिलित हुए।

नगर निगम कर्मचारी संगठनों के साथ नगर आयुक्त ने की शिष्टाचार भेंट

नगर निगम कर्मचारी संगठनों के साथ नगर आयुक्त ने की शिष्टाचार भेंट, कर्मचारियों के हितों पर चर्चा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। नगर निगम मुख्यालय में शनिवार को नगर आयुक्त गौरव कुमार ने नगर निगम के विभिन्न कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ शिष्टाचार भेंट की।

इस अवसर पर नगर निगम एवं जलकल कर्मचारी संघ, नगर निगम कर्मचारी संघ, उत्तर प्रदेश नगर निगम कर्मचारी संघ, उत्तर प्रदेश नगर निगम चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ, आर.आर. एवं सेंट्रल वर्कशॉप मजदूर संघ तथा लखनऊ नगर महापालिका कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और नगर आयुक्त से शिष्टाचार भेंट की। बैठक के दौरान विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने अपने-अपने संगठनों से संबंधित मुद्दे और मांगें नगर आयुक्त के समक्ष रखीं। प्रमुख मांगों में कर्मचारियों के वेतन भुगतान, पदोन्नति, नियमितीकरण, सेवा शर्तों में सुधार और कार्यस्थल पर बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने जैसी बातें शामिल थीं। प्रतिनिधियों ने यह भी मांग की कि निगम में कार्यरत स्थायी और संविदा कर्मचारियों के बीच भेदभाव समाप्त किया जाए तथा कार्य मूल्यांकन में पारदर्शिता लाई जाए।

नगर आयुक्त गौरव कुमार ने सभी संगठनों की बातों को धैर्यपूर्वक सुना और उन्हें आश्वस्त किया कि कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि निगम प्रशासन कर्मचारियों के हितों के संरक्षण के लिए सदैव प्रतिबद्ध है और सभी संगठन अपने सुझाव शांतिपूर्ण एवं सकारात्मक संवाद के माध्यम से प्रस्तुत करें।

श्री कुमार ने संगठनों से अपील की कि वे निगम की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने में सक्रिय सहयोग दें और कर्मचारियों के बीच सकारात्मक ऊर्जा का संचार करें। उन्होंने कहा कि नगर की बेहतरी और विकास में कर्मचारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और एकजुट होकर ही हम शहर को अधिक स्वच्छ, सुव्यवस्थित और नागरिकों के लिए बेहतर बना सकते हैं।

महत्वपूर्ण विषयो पर ध्यानाकर्षण कराया : आनंद कुमार मिश्र, अध्यक्ष ने बताया कि नगर आयुक्त को नगर निगम के कुछ महत्वपूर्ण विषयो पर ध्यानाकर्षक कराते हुए संघ की ओर नगर निगम प्रशासन को संघ एवं कर्मचारी समाज की ओर से पूरी निष्ठा,ईमानदारी से अपने दायित्वो का निर्वहन करने का आश्वासन दिया गया। वही नगर निगम प्रशासन से से भी अपेक्षा की गई कि वह भी पूरी ईमानदारी से कर्मचारियो के हितार्थ समस्याओ के समाधान के लिए संकल्पित रहेगा। शिष्टाचार भेंट में संगठन की ओर से कोई मांग पत्र नही दिया गया। भेंट के समय अपर नगर आयुक्त पंकज, ललित सहित संघ के संरक्षक शशि कुमार मिश्र, अध्यक्ष आनन्द मिश्र, महामंत्री सै कैसर रजा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष गोमती त्रिवेदी, विभा यादव ,हरिशंकर पाण्डेय, चन्द्र मोहन, अमरेन्द्र दीक्षित, विजयशंकर पाण्डेय, सतेन्द्रसैनी आदि के साथ साथ संघ के साथी उपस्थित थे।

कर्मचारियों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर मंथन

नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष आनंद वर्मा एवं महामंत्री राम अचल सहित सभी संघ के पदाधिकारियों ने नगर आयुक्त को संस्था/कर्मचारियों की समृद्धि एवं प्रगति का प्रतीक स्वरूप बोनसाईं पौधा सप्रेम भेंट किया। अध्यक्ष आनंद वर्मा ने नगर आयुक्त को आश्वस्त किया कि नगर निगम प्रशासन के आशा अनुरूप संस्था हित मे पूर्व की भांति नगर निगम कर्मचारी एवं अधिकारी और अधिक ऊर्जा के साथ आपसी सामंजस्य से अपना योगदान देता रहेगा। इस मौके पर लंबित मांगो के निराकरण के सम्बन्ध मे नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा गया। उत्तर प्रदेश नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राजेश सिंह व कार्यकारिणी सदस्यों ने कर्मचारियों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की और आयुक्त का ध्यान आउटसोर्स कर्मचारियों के वेतन में हो रही भिन्नता समेत अन्य लंबित देयों की ओर आकर्षित किया। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि कर्मचारियों को समय से वेतन न मिलने, सेवा संबंधी लाभों में देरी और कार्यस्थल पर उत्पन्न समस्याओं से कर्मचारी परेशान हैं।

देश-विदेश के शिक्षाविदों के बीच परिचर्चा का दौर जारी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सीएमएस के गोल्फ सिटी कैम्पस, जॉपलिंग रोड कैम्पस एवं राजेन्द्र नगर द्वितीय कैम्पस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किये जा रहे तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय प्रधानाचार्य सम्मेलन (आई.सी.पी.) का दूसरा दिन शनिवार को देश-विदेश से आये शिक्षाविदों के बहुमूल्य विचारों से ओतप्रोत रहा। आस्ट्रेलिया, मॉरीशस, नेपाल एवं भारत के विभिन्न प्रांतों से आये प्रधानाचार्य व शिक्षाविद्ों ने 21वीं सदी में शिक्षा के नये रूप को विकसित करने की पद्धति, नवीन शैक्षिक तकनीकों, नवीन शैक्षिक उपकरणों एवं टीचिंग एड्स पर अपने विस्तृत अनुभव रखे। सीएमएस प्रेसीडेंट डा. रोजर किंगडन ने सारगर्भित अभिभाषण से हुआ। डा. किंगडन ने कहा कि सम्मेलन का लक्ष्य यही है कि शिक्षा पद्धति में रचनात्मक बदलाव होना चाहिए।

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

फैक्ट्री की भीषण आग से हर तरफ मची अफरा-तफरी

सरोजिनी नगर थाना क्षेत्र मैं संचालित जीरा बिस्कुट फैक्ट्री में संदिग्ध परिस्थिति में आग लगने से दो की मौत

- डेढ़ साल से बंद पड़ी थी फैक्ट्री तीन दिन पहले हुई थी चालू
- लाखों के नुकसान का लगाया जा रहा है अनुमान

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ । सरोजिनी नगर थाना क्षेत्र मैं संचालित जीरा बिस्कुट फैक्ट्री में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई ।आग ने इतना विकराल रूप धारण कर लिया था की स्थानीय लोगों में अफरा तफरी का माहौल हो गया ।किसी ने इसकी सूचना दमकल विभाग को दी । करीब एक दर्जन गाड़ियों द्वारा आग को बुझाया गया, मगर वही पर एक मजदूर की अंदर जलकर मौत हो गई।

सरोजिनी नगर थाना क्षेत्र के अमौसी रोड स्थित गंगानगर में संचालित एक बिस्किट जीरा बनाने वाली फैक्ट्री में शनिवार की शाम करीब 4:00 बजे अचानक आग लग गई ।स्थानीय लोगों ने फैक्ट्री से आग और धुआं देख घबरा गए और आनन फानन इसकी सूचना दमकल विभाग व पुलिस कंट्रोल रूम को दी । तभी इसी दौरान सूचना पाते ही दमकल की करीब एक दर्जन गाड़ियां आग बुझाने के लिए मौके पर पहुंच गई ।इसी दौरान पता लगा कि मवैया ,आलमबाग ,निवासी अखिलेश आज घर पर नहीं फैक्ट्री गया हुआ है ।जो फैक्ट्री के अंदर एक मजदूर के साथ फंसा हुआ है । यह फोन पर प्रसारण सुनते ही दमकल व पुलिस विभाग के हाथ पैर फूल गए और मौके पर पहुंची सरोजिनी नगर ,आलमबाग ,पी जी आई ,हजरतगंज सहित कई फायर स्टेशनों के वाहनों ने आग बुझाने में कामयाबी पाई । वही एसडीआरएफ की टीम को बुलाकर आग बुझाने के बाद उक्त लोगों को ढूंढना शुरू कर दिया , मगर इस दौरान एक मजदूर की अंदर ही जलकर मौत हो गई ।बताते हैं कि आग लगने के कारण फैक्ट्री के अंदर लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया । वहीं आग की लौ इतनी तेज थी कि बगल में बने मकानों में धुआं इतना भर गया था कि लोगों को घुटन सी होने लगी और सभी लोग घर छोड़कर रोड पर निकल आए ।फिलहाल पुलिस दमकल विभाग मिलकर अंदर फंसे मालिक व मजदूर को ढूंढ रही है । जिसमें अंदर से जला हुआ शव बरामद हुआ । जबकि दूसरे का भी कोई पता नहीं चला । फिलहाल इस दौरान एसडीम सरोजनी नगर , एडीसीपी व एसीपी कृष्णा नगर मौके पर पहुंचे और वहां पर एकत्रित भीड़ को हटवाया । वही जले हुए शव को एंबुलेंस की मदद से मर्चरी भिजवाया।

आग बुझाने के लिए बनाई पांच टीमें : आग बुझाने के लिए पांच टीमें बनाई गईं। तीन टीमों ने पानी की बौछार शुरू की। चौथी टीम बीए सेट पहनकर अंदर जाने लगी और पांचवीं टीम ने हाइड्रोलिक की मदद से आग पर काबू पाया। करीब चार घंटे में आग पर काबू पाने के बाद दमकल और एसडीआरएफ की टीम अंदर दाखिल हुई तो अखिलेश और मजदूर अबरार का जला हुआ शव मिला। एसीपी कृष्णानगर विकास पांडेय ने बताया कि मृतक अबरार मूल रूप से बहराइच नानपारा टेड़िया का रहने वाला था। यहां सरोजनीनगर के जयराजपुरी कॉलोनी में रहता था।

अंदर चल रहा था वेल्डिंग का काम

आलमबाग के मवैया निवासी ऋतिक कुमार ने बताया कि वह शनिवार शाम को पिता अखिलेश के साथ फैक्ट्री के बाहर खड़े थे। एक साल से बंद पड़ी बेकरी फूड की फैक्ट्री में अंदर वेल्डिंग का काम हो रहा था। इसी बीच फैक्ट्री में आग देख पिता अंदर देखने चले गए। तभी आग फैल गई। आग ने बाहर खड़ी कार को भी चपेट में ले लिया। अखिलेश अंदर फंस गए। ऋतिक मदद के लिए चिल्लाने लगा। चीख-पुकार सुनकर आस-पड़ोस के लोग और राहगीर दौड़े। सूचना मिलते ही दमकल कर्मी पहुंच गए थे। फैक्ट्री में सामान लेकर आया छत पर सो रहा डाला चालक श्रीचंद्र लपटों व धुएं के बीच फंस गया था। आनन-फानन में वह नीचे उतरा तो देखा फैक्ट्री में काम करने वाले लोग जान बचाने के लिए भाग रहे थे। श्रीचंद्र ने बताया कि वह फिर से छत पर भाग गया। टैंकर में आग पकड़ता देख उसने छत से छलांग लगा दी, जिससे वह चोटिल हो गया। सीएफओ मंगेश कुमार ने बताया कि सरोजनीनगर, पीजीआई, आलमबाग, हजरतगंज, इंदिरानगर समेत अन्य फायर स्टेशन से भी गाड़ियां और हाइड्रोलिक प्लेटफार्म मंगा लिया गया।

पुलिस ने चार वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लंबे समय से पेशी से गैरहाजिर चल रहे अलग अलग गांवों के चार वारंटियों को न्यायालय द्वारा जारी गिरफ्तारी अधिपत्र के अनुपालन में नगराम पुलिस द्वारा शनिवार सुबह गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया ।

थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि मितौली गांव निवासी राम लखन के लड़के रामू के विरुद्ध सन 2018 मे तथा पाल खेड़ा गांव निवासी बजरंग के विरुद्ध सन 2013 में दर्ज मारपीट का मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है। वहीं समेसी का मजरा छेदा खेड़ा गांव निवासी भगौती प्रसाद के विरुद्ध सन 2019 में दहेज प्रतिषेध अधिनियम का मुकदमा दर्ज हुआ था। जबकि पतौना का मजरा देवी खेड़ा गांव निवासी राकेश कुमार के विरुद्ध सन 2013 में दर्ज चोरी सहित माल बरामदगी का मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है ।जमानत पर रिहा होने के बाद से सभी पेशी से गैरहाजिर चल रहे थे। कई बार नोटिस दिए जाने के बावजूद हाजिर नही होने पर न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चतुर्थ महोदय द्वारा जारी गिरफ्तारी अधिपत्र के अनुपालन में उपनिरीक्षक गजेन्द्र सिंह अत्री व उपनिरीक्षक रजनीश कुमार द्वारा टीम में शामिल हेड कांस्टेबल राकेश कुमार मिश्रा व आरक्षी सुमित थापा के साथ शनिवार सुबह दबिश देकर चारों वारंटियों को उनके घरों से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया ।देवर ने फोड़ा भाभी का सिर, एफआईआर दर्ज काकोरी:काकोरी क्षेत्र के पानखेड़ा निवासी रूपेंद्र(38)पुत्र लीला प्रसाद ने अपने ही छोटे भाई रोमिल पर प्रार्थी की पत्नी बबली को दारू पीकर गाली गलौज करने व मार पीट कर सिर फोड़ने के आशय का प्रार्थना पत्र थाने पर दिया है ।दी गई तहरीर में प्रार्थी ने थाने पर शिकायत करने के दौरान आरोपी द्वारा प्रार्थी के भूसे में आग लगाने और एक अदद मोबाइल के चोरी करने का भी आरोप लगाया है ।वादी की माने तो उसके जलाए गए भूसे का अनुमानित मूल्य रुपए दस हजार के समकक्ष है ।बताते चले कि संबंधित घटना 26 अप्रैल की बताई जा रही है।

थाना प्रभारी सतीश राठौर की माने तो तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है ।एसआई उस्मान(खान बाबा)को मामले का आईओ नियुक्त किया गया है ।शीघ्र ही मामले की जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी ।वहीं मामले के आईओ खान बाबा के नाम से चर्चित एसआई उस्मान खान ने शीघ्र ही आरोपी को गिरफ्तार करने की बात कही है।

बाइक की टक्कर से छात्र की मौत

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। कृष्णानगर स्थित शक्ति चौराहे के पास शुक्रवार देर रात दो बाइक की टक्कर हो गई। एक्सीडेंट में बाइक सवार छात्र की मौत हो गई। वहीं, दूसरी बाइक पर सवार दो युवक घायल हो गए। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर परिजनों को सूचना दी है।

एलडीए कॉलोनी पराग चौराहा निवासी मेवालाल के बेटे आकर्ष वर्मा (26) शुक्रवार रात में बाइक से जिम से लौट रहा था। रात करीब 11 बजे शक्ति चौराहे के पास पीछे से दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। आकर्ष सड़क पर सिर के बल गिर गया ।हेलमेट न होने से सिर में गंभीर चोट आई। दूसरी बाइक पर सवार दोनों युवक गिरकर घायल हो गए। पुलिसकर्मियों ने तीनों घायलों को लोकबंधु अस्पताल ले गए, जहां से आकर्ष को ट्रॉमा सेंटर रिफर कर दिया गया। ट्रॉमा सेंटर में इलाज के दौरान आकर्ष की मौत हो गई। पिता मेवालाल निजी कंपनी में अकाउंटेंट हैं। वहीं मां मंजू वर्मा हाउस वाइफ हैं। आकर्ष बैंक की नौकरी के लिए तैयारी कर रहा था। परिजनों का आरोप है दूसरी बाइक सवार युवक नशे में थे। बाइक पर पीछे बैठा युवक हाथ में बीयर की बोतल पकड़े था ।पुलिस के मुताबिक बाइक सवार नशे में थे, इसकी जानकारी नहीं है। परिजनों की तहरीर पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पिता का कहना है कि आकर्ष उनका अकेला बेटा था। वह पढ़ाई में बहुत तेज था। वह एसबीबाई मेन्स की परीक्षा पास कर चुका था ।उसके फाइनल परिणाम आने से पहले उसकी मौत की खबर आ गई।

ई रिक्शा से बैट्री चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा, पांच गिरफ्तार

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। डीसीपी उत्तरी गोपाल चौधरी के निर्देशन और मड़ियांव थाना प्रभारी शिवानंद मिश्रा और मड़ियांव पुलिस टीम द्वारा बिभिन्न क्षेत्र से ई-रिक्शा चोरी करने वाले पांच चोरों के गिरोह का खुलासा किया है। मड़ियांव पुलिस ने पांच चोरों से सात ई-रिक्शा, 29 ई-रिक्शा बैटरी और एक एक्टिवा स्कूटी बरामद किया है।

इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्र ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर शनिवार को मड़ियांव पुल के नीचे रेलवे लाइन के पास से वाहन चोर गिरोह के पांच लोगों को पकड़ा गया। जिसमें सीतापुर के महमूदाबाद लिदौरा निवासी मोहम्मद फुरकान उर्फ बाटे, महमूदाबाद पैतेरपुर के मोहम्मद हलीम और इम्तियाज, लखनऊ माल के सैम्सी निवासी विशाल यादव और दुबग्गा छोटी कालोनी के सूरज कुमार शामिल हैं। फुरकान कपड़े की फेरी करता था। हलीम रिक्शा चालक, इम्तियाज कढ़ाई, विशाल यादव सिलाई का काम करता था। सूरज कुमार बेरोजगार है। विशाल के खिलाफ दो मामले दर्ज हैं।

बैटरी कबाड़ियों को बेचते थे: पुलिस पूछताछ में चोरों ने बताया कि वह लोग ई-रिक्शा की बैटरी कबाड़ी को बेच देते थे, क्योंकि इनका ग्राहक आसानी से नहीं मिलाता है। बेचने से पहले इनका तेजाब और पानी निकाल देते थे। जिससे इनको ठिकाने तक ले जाने में दिक्कत नहीं होती थी। इन लोगों ने दुबग्गा, मड़ियांव, गुडंबा और महानगर से ई-रिक्शा चोरी किया था। स्कूटी जानकीपुरम थाना क्षेत्र से चोरी थी। जिससे घूम-घूम कर ई-रिक्शा चोरी करने के लिए रेकी करते थे। लखनऊ से चोरी ई-रिक्शा से लेकर दो पहिया वाहन ग्रामीण इलाकों में फर्जी कागज तैयार कर बेचे जा रहे हैं।

मां-बेटे को कार से रौंदने का प्रयास

लखनऊ। गोसाईंगंज एचसीएल आईटी सिटी के पास बाइक सवार मां-बेटे को कार सवार से रौंदने का प्रयास किया। असफल होने पर आरोपित धमकी देते हुए भाग गए। 16 फरवरी को हुई वारदात की तहरीर मिलने पर भी सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया था। कोर्ट से आदेश के बाद मुकदमा दर्ज हुआ। रहमत नगर निवासी सत्यम पटेल के मुताबिक 16 फरवरी की रात करीब 11:30 बजे वह मां के साथ बाइक से घर जा रहे थे। आईटी सिटी के पास पीछे से आए कार सवार ने बाइक में टक्कर मार दी। वह मां के साथ सड़क पर जा गिरे। विरोध करने पर आरोपित ड्राइवर ने मां-बेटे को रौंदने का प्रयास भी किया था। असफल होने पर आरोपित कार लेकर भाग गया था। पीड़ित सत्यम ने 25 फरवरी को सुशांत गोल्फ सिटी कोतवाली में तहरीर दी। आरोप है कि पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं लिखा।

सैन्यकर्मी समेत चार लोगों से हड़पे 21 लाख, मुकदमा दर्ज

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। साइबर जालसाजों ने अधिवक्ता और सैन्यकर्मी समेत चार लोगों से करीब 21 लाख रुपये की धोखाधड़ी की। आरोपितों ने शेयर मार्केट में निवेश पर मुनाफा और पार्ट टाइम जॉब का लालच देकर पीड़ितों के खाते से रुपये निकाले। पीड़ितों ने साइबर क्राइम सेल के अलावा कैसरबाग, कैंट और मड़ियांव कोतवाली में मुकदमे दर्ज कराए। कैसरबाग कोतवाली में अधिवक्ता सफदर हुसैन नकवी ने खाते से दो लाख रुपये निकाले जाने का मुकदमा दर्ज कराया। पीड़ित के मुताबिक बैंक से अटैच मोबाइल नम्बर कुछ वक्त के लिए खराब हुआ था। इस बीच ठगों ने सफदर हुसैन और उनकी बहन बिलकीश के ज्वाइंट अकाउंट से करीब दो लाख रुपये निकाल लिए। अधिवक्ता ने पुलिस को बताया कि एटीएम कार्ड उनके पास ही था।

वहीं, मड़ियांव निवासी अर्चना प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही है। पीड़िता के मुताबिक 30 अप्रैल की दोपहर करीब तीन बजे अनजान नम्बर से कॉल आई। फोन करने वाले ने अर्चना के पिता अवधेश कुमार का दोस्त होने का दावा किया। आरोपित ने अर्चना से कहा कि तुम्हारे पिता ने 12 हजार रुपये भेजने को कहा है। इसके बाद आरोपित ने 10 हजार और 20 हजार रुपये के दो ट्रांजेक्शन मैसेज भेजे। पीड़िता के मुताबिक मैसेज आने के बाद ही आरोपित ने दोबारा से कॉल कर कहा कि 18 हजार रुपये ज्यादा चले गए हैं।

झांसे में फंस चुकी अर्चना ने बिना खाता चेक किए ही गूगलपे से करीब 18 हजार रुपये बताए गए अकाउंट में भेज दिए। बाद में डिटेल चेक करने पर पता चला कि खाते में तो रुपये जमा ही नहीं हुए। शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर हड़पे रुपये गोमतीनगर विस्तार के शारदा अपार्टमेंट निवासी चतुरानन त्रिपाठी ने बताया कि मार्च माह में उनके व्हाट्सएप पर एक कॉल आयी। फोन प्रिया शर्मा ने किया था। आरोपित ने शेयर मार्केट में निवेश करने पर मुनाफा दिलाने का भरोसा दिया। प्रिया की बात पर विश्वास कर पीड़ित ने टुकड़ों में करीब 15 लाख 67 हजार रुपये जमा किए। हर बार उन्हें स्क्रीनशॉट भेज कर मुनाफा होने का झांसा दिया गया। चतुरानन के मुताबिक ठगों ने करीब 13 बैंक खातों में रुपये जमा कराए थे।

शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 15 लाख ठगे

लखनऊ। गोमतीनगर विस्तार निवासी चतुरानन त्रिपाठी से साइबर ठगों ने शेयर ट्रेडिंग के नाम पर अरङटक्ठ एप के माध्यम से 15 लाख रुपए लगवाए। उन्होंने पैसे निकालने की कोशिश की तो कमीशन के नाम और पैसों की मांग की। विरोध पर खाता ब्लॉक कर दिया।

उनका आरोप है कि ठगों ने एक वॉट्सऐप पर लिंक भेजा, जिसको डाउनलोड कराने के बाद ठगी को अंजाम दिया। साइबर थाना पुलिस पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

शारदा अपार्टमेंट निवासी चतुरानन त्रिपाठी ने पुलिस को बताया कि मार्च 25 में उनके पास प्रिया शर्मा नाम की युवती का वॉट्सऐप कॉल आई। उसने शेयर मार्केट में इंवेस्टमेंट के बारे में बताया। माना करने पर दो दिन बाद फिर वॉट्सऐप कॉल आया। जिसके बाद में लिंक भेजा गया। फोन करने वाले के कहने पर लिंक से अरङटक्ठ नाम का एक ऐप डाउनलोड किया। पीड़ित ने बताया कि एप के माध्यम से पांच हजार रुपए 23 मार्च को जमा किए। उसके अगले दिन उस पैसे से शेयर खरीदा। जिसमें एक दिन में 991 रुपए का फायदा बताया गया। उसके बाद 25 मार्च को 1,99,999 रुपए बताए खाते में जमा किए। उसके बाद कुछ हजार का फायदा दिखा। इसके बाद उनके बताए खातों में कुल 15.67 लाख रुपए 23 मार्च से 11 अप्रैल के बीच जमा कर दिए। जब निकालने की कोशिश की तो उन लोगों ने कमीशन के नाम पर 18.69 लाख रुपए की मांग की।

साइबर थाना प्रभारी ब्रजेश यादव ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्रा को बनाया गया चिनहट कोतवाल

लखनऊ। पुलिस कमिश्नर लखनऊ अमरेंद्र कुमार सेंगर ने शनिवार की रात थाना प्रभारी और एसीपी स्तर के अफसर के कार्य क्षेत्र में बदलाव करते हुए इंस्पेक्टर गोमती नगर राजेश त्रिपाठी को इंस्पेक्टर वजीरगंज इंस्पेक्टर वजीरगंज दिनेश चंद मिश्रा को इंस्पेक्टर चिनहट और वर्तमान थानाध्यक्ष भारत पाठक को गैर जनपद ट्रांसफर होने की वजह से लाइन भेजा गया है व बृजेश चंद्र तिवारी को इंस्पेक्टर गोमतीनगर वहीं एसीपी अलीगंज ब्रिज नारायण सिंह को एसीपी गोमती नगर एसीपी गोमती नगर विनय कुमार द्विवेदी को एसीपी विभूतिखंड व धर्मेंद्र सिंह रघुवंशी को एसीपी अलीगंज वर्तमान में एसीपी विभूति खंड रहे राधा रमन सिंह को एसीपी यातायात बनाया गया है ।

सूचना

मैने अपने पुत्र फरहद बेग को उसका चाल चलन ठीक न होने कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति व परिवार से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **श्रीमती हसीन जहां पत्नी स्व. एजाज बेग नि.- 54, मुत्तकीपुर, आई.आई.एम. रोड, लखनऊ।**

सूचना

मैंने अपने पुत्र मो. मसरूर व उनकी पत्नी साइमा तथा उसके पुत्र अबू साइमा को उनके विवाद, गलत क्रिया कलाप, आचरण व दुर्व्यवहार से त्रस्त होकर अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंधविच्छेद कर लिया है। अब तीनों से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता/सरोकार नहीं है। नूरजहां बेवा मो. यूनुस ग्राम बसन्तगंज मजरे बेवली परगना व तहसील थाना सलोन जिला रायबरेली

उधार दिए सात लाख रुपये मांगने पर धमकी दी, केस दर्ज

लखनऊ। पीजीआई इलाके में उधार दिए सात लाख रुपये मांगने पर पूर्व परिचित जान से मारने की धमकी दे रहा है। यह आरोप लगा पीड़ित ने पीजीआई कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। इंद्रपुरी कॉलोनी निवासी हृदय नारायण उपाध्याय के मुताबिक पूर्व परिचित अम्बेडकरनगर के आलापुर निवासी विपिन सिंह ने जरूरत बताकर सात लाख रुपये उधार लिए थे। भरोसे में लेने के लिए उन्होंने छह माह बाद का चेक भी दिया था। तय समय पूरा होने पर बैंक में चेक लगाया तो वह बाउंस हो गया। अब रुपये लौटाने के नाम पर आरोपित विपिन जान से मारने की धमकी दे रहा। इंस्पेक्टर पीजीआई के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

खिलौना पिस्टल के साथ फर्जी कमाण्डो गिरफ्तार

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। हुसड़िया चौराहे के पास शनिवार को काली सफारी पहन कर टहल रहे युवक ने पटरी व्यापारी को पिस्टल दिखा कर धमकाते हुए रंगदारी मांगी। खुद को कमाण्डो बताने वाले युवक की हरकतें संदिग्ध लगने पर दुकानदारों ने ही पुलिस को सूचना दी थी। सिपाहियों ने संदिग्ध को दबोच कर पूछताछ करना शुरू किया। पता चला कि रुपये वसूलने के लिए मजदूर ने खिलौना पिस्टल खरीदी थी। जिसे दिखा कर पटरी दुकानदारों को धमका रहा था। नकली पिस्टल के साथ वॉकी टॉकी भी इंस्पेक्टर गोमतीनगर राजेश त्रिपाठी के मुताबिक ब्लैक कैट कमाण्डो होने का दावा करते हुए युवक ने पिस्टल दिखाते पटरी दुकानदारों से रुपये मांगे थे, जिसे लेकर हंगामा हुआ।

दुकानदारों के एकजुट होने पर आरोपित युवक वहां से भाग निकला। इस बीच दुकानदारों ने पुलिस को सूचना दी। छानबीन करने पर आरोपित पुलिस को एक चाय के होटल पर बैठा हुआ मिला। इंस्पेक्टर के मुताबिक नकली कमाण्डो की पहचान चिनहट लौलाई निवासी मजदूर मनीष सिंह के तौर पर हुई। आरोपित के पास से खिलौना पिस्टल और वॉकी टॉकी मिला। सिपाहियों से उलझा, कोतवाली पहुंच कर किया हंगामा हुसड़िया चौराहे से मनीष सिंह को पकड़ कर सिपाही गोमतीनगर कोतवाली ले गए। वहां आरोपित ने जमकर हंगामा किया। पुलिस कर्मियों के समझाने पर मनीष गाली देने लगा। इंस्पेक्टर ने बताया कि मनीष सिंह मूल रूप से मड़ियांव का रहने वाला है। कुछ समय से लौलाई में रहता है। आरोपित के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

छात्रा से युवकों ने की छेड़छाड़, मोबाइल छीना: सुशांत गोल्फ सिटी कोतवाली में छात्रा ने तीन लोगों पर छेड़छाड़ करने का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपितों ने वीडियो बनाने पर युवती से अभद्रता करते हुए मोबाइल छीन लिया। गोमतीनगर निवासी युवती एक मई को एक प्रोजेक्ट की तैयारी के लिए सुशांत गोल्फ सिटी गई थी। अटल बिहारी मेडिकल कॉलेज के पास खड़ी छात्रा के साथ तीन युवक छेड़छाड़ करने लगे। जिनका वीडियो पीड़िता बनाने लगी। इस बीच युवकों ने छात्रा के हाथ से मोबाइल फोन छीन लिया। हंगामें के दौरान जुटे राहगीरों की मदद से पीड़िता ने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद छात्रा को उसका मोबाइल मिल सका।

भातखण्डे : सेमेस्टर परीक्षा 14 मई से

लखनऊ। भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्याय ने सेमेस्टर परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। थ्योरी परीक्षा 14 मई से 22 मई तक दो पालियों में होंगी। वहीं प्रायोगिक परीक्षा आठ मई से शुरू होंगी। 14 मई को सुबह नौ से 12 बजे की पाली में बीपीए द्वितीय सेमेस्टर का पेपर-1 होगा एवं बैक पेपर की परीक्षा होगी। वहीं दूसरी पाली अपरान्ह तीन से छह बजे तक एमपीए द्वितीय सेमेस्टर सभी विषयों की परीक्षा होगी। 15 मई को पहली पाली में पहली पाली में बीपीए द्वितीय सेमेस्टर का द्वितीय पेपर, दूसरी पाली में एमएपीए द्वितीय सेमेस्टर एवं बीपीए द्वितीय सेमेस्टर बैक पेपर-2, 16 मई को पहली पाली में बीपीए द्वितीय का पेपर 1 लैंग्वेज ऑल सब्जेक्ट अंग्रेजी, दूसरी पाली में बीपीए चतुर्थ सेमेस्टर पेपर-2, एमपीए सेमेस्टर 3 सभी विषय की परीक्षा, 17 मई को बीपीए चतुर्थ सेमेस्टर पेपर 1 हिन्दी, द्वितीय पाली में बीपीए द्वितीय सेमेस्टर माइनर विषय, 19 मई प्रथम पाली में बीपीए छठे सेमेस्टर का पेपर, एमपीपी चतुर्थ सेमेस्टर का पेपर-2, द्वितीय पाली में बीपीए चतुर्थ सेमेस्टर, एमपीए तृतीय सेमेस्टर बैक पेपर का पेपर-2, 20 मई प्रथम पाली में एमपीए चतुर्थ सेमेस्टर पेपर-2, दूसरी पाली में बीपीए चतुर्थ सेमेस्टर माइनल विषय की परीक्षा होगी।

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 06/ECTC/2025-26 अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु पृथक निविदा दो भागों (पार्ट-। टेक्निकल बिड एवं पार्ट-।। फाइनेंशियल) में आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नामः-** 220/132 के.वी. उपकेन्द्र, सरोजनी नगर, लखनऊ पर (3X200 MVA to 3X200+1X160MVA) क्षमतावृद्धि से सम्बन्धित जानपदीय निर्माण कार्य। **कार्य की अनुमानित लागतः-** रू. 209.78 लाख **कार्यावधिः-** 04 माह उक्त निविदा की Technical Bid एवं अन्य शर्तें तथा मात्रा बीजक इत्यादि का विस्तृत विवरण www.upptcl.org पर देखा जा सकता है एवं http://etender.up.nic.in साइट पर देखा एवं प्राप्त किया जा सकता है। निविदा दिनांक 19.05.2025 को दोपहर 14:00 बजे तक साइट पर डाला / अपलोड किया जा सकता है तथा दिनांक 20.05.2025 को 15:00 बजे सार्वजनिक रूप से निविदायें खोली जायेगी। **अधीक्षण अभियन्ता विद्युत जानपद पारेषण मण्डल, उ.प्र. एस.एल.डी.सी. परिसर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ**

"राष्ट्र हित में बिजली बचाएं"

(पत्रांक 1494 / दि. 03.05.2025)

ग्रे शेड्स वाले किरदार डिजिटल प्लेटफार्म पर बटोर रहे लोकप्रियता

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। कभी-कभी लगता है कि अपुन ही भगवान है। अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी का यह संवाद डिजिटल प्लेटफॉर्म पर जब गूंजा, तो उन किरदारों को एक पहचान मिली, जो शायद सिनेमा में होते तो निगेटिव कहलाते, लेकिन डिजिटल प्लेटफॉर्म पर ग्रे किरदार कहलाए जाते हैं और वेब सीरीज के हीरो होते हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर जब ब्लैक एंड व्हाइट किरदारों से हटकर ग्रे शेड्स वाले किरदारों को दिखाया गया, तो वह फिल्मी विलेन की तरह बस यूं ही बुरे नहीं थे, उनकी एक कहानी थी। शायद यही वजह है कि डिजिटल प्लेटफॉर्म पर जितने भी वेब सीरिज आ रहे हैं, उनमें ग्रे किरदारों की संख्या ज्यादा है। मिर्जापुर, रंगबाज डर की राजनीति जैसे तमाम शोज आएंगे। ग्रे किरदारों की प्रसिद्धी, इन्हें लिखने के पीछे की प्रक्रिया, कलाकारों का इन किरदारों से लगाव जैसे कई मुद्दे सिल्वर स्क्रीन पर नजर आ रहे है।

दर्शकों से प्यार और नफरत का कनेक्शन: रंगबाज फिरसे और रंगबाज डर की राजनीति में शायद ही कोई ऐसा किरदार रहा होगा जो ग्रे नहीं है। इस सीरीज के निर्देशक सचिन पाठक कहते हैं कि जो ग्रे किरदार होते हैं, उनसे दर्शकों का प्यार और नफरत वाला कनेक्शन होता है। ग्रे किरदार का कुछ ऐसा कर जाना, जो आम बात नहीं है, वह लोगों के लिए हीरोइक होता है, क्योंकि वह चीजें वह कभी नहीं करेंगे। ग्रे किरदार गलत चीजें करने के बाद किस ट्रॉमा से गुजरता है, वह देखना दर्शकों के लिए दिलचस्प होता है। जिंदगी के मोड़ पर हर कोई ग्रे होता था। ग्रे किरदार को देखने के लिए दर्शकों में उत्सुकता इसलिए भी होती है कि वह देखना चाहते हैं कि उसकी जिंदगी कहां से कहां पहुंचती है। पैदाइशी कोई बुरा नहीं होता है, वह अपने जीवन में किस मनोस्थिति से गुजरते हैं, वह दर्शकों को आकर्षित करता है। इन ग्रे किरदारों का एक पूरा ट्रैक बनता है। सीजन में उस किरदार का आर्क कैसे होगा, किरदार का सफर कहां से शुरू होगा, कुछ चीजें करने के बाद वह कैसा बन जाएगा, वह सब देखना होता है। कलाकार की भी पिछले किरदारों की एक छवि होती है, उस इमेज को तोड़ना भी मुश्किल होता है। हम ग्रे किरदार को जब बनाते हैं, तो उसका भाव क्या होगा, उसका बचपन कैसा होगा, क्या उसके साथ कुछ गलत हुआ है, उन चीजों की जड़ों तक जाते हैं, फिर भले ही वह चीजें सीरीज में न दिखाई जाएं। अगर यह सब नहीं करेंगे, तो बिना वजह उस किरदार का ग्रे या बुरा होना जस्टिफाइड नहीं होगा।

परफॉर्मेंस का स्कोप: सेक्रेड गेम्स वेब सीरीज में गणेश गायतोंडे का किरदार निभाने वाले नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने इंटरव्यू के दौरान कहा था कि हमारे यहां खलनायकी में ही अच्छी परफॉर्मेंस होती है और हीरो की तुलना में खलनायकी और ग्रे किरदारों में परफॉर्म करने का स्कोप मिलता है, क्योंकि वह हीरो के विरूद्ध होता है। वास्तविक जीवन में इंसान में कुछ अच्छाइयां, बुराई होती ही हैं। उसी से वह इंसान बनता है। मुझे खुद परफेक्ट किरदार पसंद नहीं आते हैं। गणेश गायतोंडे के किरदार में बहुत सी ऐसी चीजें हैं, जो बड़े से बड़े अच्छे लोगों में भी नहीं होगी। वहीं आश्रम वेब सीरीज से बॉबी देओल को दमदार कमबैक मिला। बॉबी को जब किरदार ऑफर हुई था, तब उन्होंने किसी को अपने काशीपुरवाले बाबा निराला के किरदार के बारे में नहीं बताया था। उनको लगा लोग कहेंगे कि इतना निगेटिव किरदार क्यों निभा रहा है। लेकिन उन्हें उस किरदार में परफॉर्मेंस का स्कोप दिखा। बॉबी कहते हैं कि पहले जब मैं फिल्में किया करता था, तो उस जमाने में एक बार अगर इमेज बन गई, तो उससे बाहर आना मुश्किल था। मेरी इमेज एक अच्छे और अमीर किरदार निभाने वाले की बन गई थी। डिजिटल प्लेटफॉर्म की वजह से उस इमेज को बदलने का मौका मिला। आश्रम के लिए जब मुझे प्यार मिला, तो मैं खुद हैरान था। मैं एक्टर हूं, इसलिए चाह रहा था कि ऐसा कोई किरदार करूं, ताकि देख सकूं कि मुझमें उन किरदारों को निभाने की क्षमता है या नहीं।

बिना तैयारी नहीं किए जाते ग्रे किरदार: रंगबाज डर की राजनीति वेब सीरीज में अभिनेता विनीत कुमार सिंह ने एक ऐसे राजनेता का किरदार निभाया है, जो दबंग है। विनीत कहते हैं कि ग्रे किरदारों को बिना तैयारी के नहीं किया जा सकता है। ग्रे किरदार में कई परतें होती हैं। ऐसे में उन्हें निभाने की जिम्मेदारी और स्कोप बढ़ जाता है। जिम्मेदारी इसलिए बढ़ जाती है, क्योंकि आपको फिर तैयारी करनी पड़ेगी, क्योंकि वह किरदार बहुत कुछ डिमांड करता है। मैं किरदार के दिमाग को समझने की कोशिश करता हूं कि वह किरदार कैसे सोचता होगा, किस परिस्थिति में कैसे रिएक्ट करता होगा और सबसे खास की उसके बुरे होने के पीछे की वजहें क्या है। जब उस ग्रे किरदार का माइंड समझ आ जाता है, तो वह किरदार समझ आ जाता है। किरदार को समझना बहुत जरूरी होता है क्योंकि वह आठ से दस घंटे के एपिसोड में दिखने वाला है। जब किसी ग्रे किरदार को निभाता हूं, तो मेरे आसपास के लोगों को पता चल जाता है। यही वजह है कि मैं लोगों से कटा-कटा रहता हूं, क्योंकि लोग मुझे समझ नहीं पाएंगे। लोग मुझसे मिलने आते हैं, लेकिन इस तरह के किरदारों की डिमांड ऐसी होती है कि उसकी तैयारी में मेरा कुछ हिस्सा उस किरदार की तरह हो चुका होता है। मैं किसी सिचुवेशन में अलग तरह से रिएक्ट कर सकता हूं। जब मैं शूट पर रहता हूं, तो घर वालों से कहता हूं कि सेट पर मत आया करो। जब आप जिम्मेदारी को निभाते हैं, तो ऐसे किरदारों का स्कोप बढ़ जाता है।

दर्शकों का टेस्ट बदला है

कालीन भैया के किरदार में दर्शकों का दिल जीतने वाले अभिनेता पंकज त्रिपाठी कहते हैं कि मुझे लगता है कि अच्छे से लिखे और निभाए किरदार को लोग याद रखते हैं। पहले की फिल्मों में सिर्फ अच्छे या बुरे किरदार होते थे। अब ऐसा नहीं होता है। दर्शकों का टेस्ट भी वर्ल्ड सिनेमा देखकर बदल गया है। कालीन भैया के किरदार ने मेरे लिए काफी कुछ बदला है। पहले कई बार अच्छे एक्टर को मेनस्ट्रीम कंटेंट में मुख्य किरदार निभाने की कल्पना नहीं करते थे, लेकिन डिजिटल प्लेटफॉर्म ने उस भ्रम को तोड़ दिया है। अच्छे स्टार की स्टारडम डिजिटल प्लेटफॉर्म की वजह से बढ़ गई है। ऐसा नहीं है कि सिनेमा में कलाकार ने ग्रे किरदार नहीं निभाए। सत्या फिल्म में भीकू म्हात्रे का किरदार काफी प्रसिद्ध हुआ था। लेकिन पहले फिल्म को उस तरीके से मार्केट नहीं किया जाता था। डिजिटल प्लेटफॉर्म की वजह से वह पहुंच बढ़ गई है। सिनेमा में तो चीजें कितने थिएटर मिलेंगे उस पर निर्भर करती हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर नंबर्स की चिंता नहीं है।

ग्रे किरदारों में एक जादू है

मिजार्पुर और इनसाइड एज वेब सीरीज के क्रिएटर, निर्देशक और स्क्रीनराइटर करण अंशुमन ग्रे किरदारों की प्रसिद्धी की वजह बताते हुए कहते हैं कि वेब सीरीज की खास बात यही है कि इस पर कलाकारों को रियलिस्टिक किरदार निभाने का मौका मिलता है। वह किरदार जो आपकी और हमारी तरह होते हैं। एक परफेक्ट अच्छा और आदर्श इंसान तो वास्तविक जिंदगी में शायद ही कोई हो। पूरी तरह से निगेटिव लोग भी कम ही होते हैं। फिल्मों का बिजनेस अलग है, क्योंकि इन दिनों फिल्में ज्यादातर बच्चों को भी ध्यान में रखकर बनाई जा रही है, ताकि मुनाफा बढ़ाया जा सके। फिल्मों में किरदार ब्लैक या व्हाइट, बुरा या अच्छा, टू डायमेंशनल या सरल होते हैं। सीरीज में मुख्य अंतर यही होता है कि किरदार का कोई सेट ग्राफ नहीं होता है। फिल्मों में जो हीरो का सफर होता है, वह लगभग हर फिल्म में एक जैसा ही होता है। ये ग्राफ सालों से ऐसे ही सेट है। वेब सीरीज का पूरा खेल ही अलग है। किरदार हर सीजन के साथ विकसित होते हैं। अच्छा इंसान भी गलत चीजें करने लग जाता है और बुरे इंसान के साथ भी कई बार सहानुभूति हो जाती है। मिजार्पुर के पहले सीजन के डार्क किरदार मुन्ना भैया की अगर बात करें, तो कई जगहों पर उसके लिए भी बुरा लगता है। जब उसको अपने कंपाउडर दोस्त को मारना पड़ता है। यही ग्रे किरदारों का जादू है।

लखनऊ जू : गर्मी में वन्यजीवों की बदली खुराक

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। भीषण गर्मी से इंसान ही नहीं वन्य जीव भी खासे परेशान हैं। नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान के बब्बर शेर, टाइगर, बारासिंघा, चिम्पान्जी व व्हाइट टाइगर समेत अन्य वन्य जीव गर्मी में बाड़े से बाहर नहीं निकल रहे हैं। सुबह व शाम बाड़े से बाहर निकल रहे हैं। दिन में तेज धूप होते ही बाड़े में कैद हो जा रहे हैं। बच्चे व अन्य दर्शक वन्य जीवों को न देखने से मायूस हैं। बच्चे बाड़े के बाहर वन्य जीवों को बाहर आने के लिए शोर शराबा भी कर रहे हैं लेकिन वन्य जीवों पर इसका कोई असर नहीं हो रहा है।

बाड़ों में लगे 25 कूलर : प्राणि उद्यान की निदेशक अदिति शर्मा ने बताया कि वन्य जीवों को तेज धूप और लू से बचाने के लिए 25 कूलर और स्प्रिंकलर लगाए गए है। इन बाड़ों में कूलर चलाने के साथ ही पानी के फौव्वारों से वन्य जीवों को गर्मी से राहत दी जा रही है। पीने के पानी की व्यवस्था के साथ ही मौसमी फल और हरी सब्जियां परोसी जा रही हैं। बब्बर शेर, टाइगर, सांप घर, काला हिरण, हींग डियर, बारासिंघा, लॉयन टेल मंकी, चिम्पान्जी, व्हाइट टाइगर, मछलीघर, उल्लू घर, अन्य वन्य जीव के बाड़े में कूलर लगाए गए हैं। बाड़े में पानी की फुहार के लिए स्प्रिंकलर लगाये गये हैं। स्प्रिंकलर सुबह 11 से शाम चार बजे के बीच रोटेशन के आधार पर चलाए जा रहे हैं। टाइगर एवं व्हाइट टाइगर, हिमालयन भालू के बाड़ों में हौद बनाकर पानी भरा गया है। गमी और लू के थपेड़ों से बचाने के लिए बाड़ों में विशेषकर पक्षी बाड़ों में साइड में चटाई शीट लगायी गयी है।

हिरणों के लिए बाड़ों में स्प्रिंकलर सिस्टम : हिरणों के लिए बाड़ों में स्प्रिंकलर सिस्टम लगाए गए हैं, जिससे ये वन्य जीव ठंडे पानी का आनन्द ले सकें, उनके द्वारा समय-समय पर पानी में भीगकर खुद को ठंडा रख सकें। वन्य जीवों के बाड़ों में गर्मी से बचाव के लिए कूलर लगाए गए हैं। इसके लिए लगभग 25 से अधिक कूलर लगाए गए हैं। वन्य जीवों में बब्बर शेर, बाघ, सांप घर, चिंपान्जी, व्हाइट टाइगर, मछली घर, उल्लू घर, वन्य जीव चिकित्सालय के वार्ड में रखे गए। वन्य जीवों के लिए बाड़ों में कूलर लगाया गया है। बाड़ों को ठंडा रखने के लिए स्प्रिंकलर लगाया गया है।

काले हिरण, हॉग डियर, बारासिंघा, बार्किंग डियर, चीतल समेत पक्षियों के बाड़ों में स्प्रिंकलर लगाए गए हैं। इनको 11 से 4 बजे के बीच रोटेशन के आधार पर चलाया जाता है। इससे उनको गर्मी से निजात मिलती है. विभिन्न पक्षियों यथा काकाटील, गोल्डेन फीजेंट्स, सिल्वर पीजेंट्स, सारस, लोहा सारस, नीले-पीले मकाऊ, मोर, सफेद मोर आदि के बाड़ों में वातावरण को ठंडा करने के लिए माइक्रो फॉगर लगाए गए हैं।

फल-सब्जी की मात्रा बढ़ाई गई

वन्य जीवों के खाने में ताजे फल, फूल, सब्जी जैसे खीरा, ककड़ी, हरी पत्तेदार सब्जी, तरबूज आदि की मात्रा बढ़ा दी गई है। गर्मी एवं लू के थपेड़ों से बचाने के लिए बाड़ों में विशेषकर पक्षी बाड़ों में साइड में चटाई, शीट लगाई गई है(वन्य जीवों के खाने की डाइट में भी परिवर्तन किया गया है. वन्य जीवों को जाड़े में दिए जाने वाले अंडे और अन्य गर्म खाद्य पदार्थों को बंद कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त अन्य कोई भी इंतजाम जो उपयुक्त लगेंगे, उनको भी समय-समय पर किया जाएगा. इन उपायों से वन्य जीवों को न केवल गर्मी से बचाने में मदद मिलेगी. बल्कि, वन्य जीवों को गर्मी के मौसम में भी यथा सम्भव सुविधाजनक एवं ठंडा वातावरण उपलब्ध कराया जा सकेगा।

इस महीने सूर्य, बुध, गुरु, राहु व केतु करेंगे गोचर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। ज्योतिष दृष्टि से मई का महीना बेहद शुभ माना जा रहा है। इस महीने में कई बड़े ग्रह राशि परिवर्तन करने जा रहे हैं। ज्योतिष गणना के मुताबिक मई महीने में सूर्य, बुध, गुरु, केतु व राहु राशि परिवर्तन करने वाले हैं। यहीं नहीं, मई के आखिरी दिन शुक्र भी अपनी चाल में बदलाव करेंगे। मई महीने में 5 ग्रहों का गोचर कुछ राशियों का भाग्य मजबूत कर सकता है तो कुछ के लिए समय थोड़ा कठिन भी साबित होगा। आइए जानते हैं मई का महीना किन राशियों के लिए अच्छी खबर लेकर आ सकता है।

पंचांग के अनुसार, ग्रहों के राजा सूर्य वृषभ राशि में मई 15, 2025 को गोचर करने वाले हैं। बुध मेष राशि में मई 7, 2025 को प्रवेश करेंगे फिर मई 23, 2025 को वृषभ राशि में एंटर करेंगे। गुरु वृषभ राशि में गोचर हैं, जो मिथुन राशि में मई 14, 2025 को प्रवेश करने वाले हैं। राहु मई 18, 2025 रविवार के दिन शनि की कुंभ राशि में गोचर करेंगे। केतु का सिंह राशि में गोचर मई 18, 2025 को शाम के समय होगा।

3 राशियों को खूब मिलेगा लाभ: मई के महीने में बुध, राहु, गुरु, सूर्य व केतु की चाल बदलने से 3 राशियों को फायदा हो सकता है। मई में ग्रहों के गोचर के प्रभाव से सिंह, तुला व वृषभ राशि के जातकों शुभ परिणाम मिल सकते हैं। इंकम बढ़ने के योग भी बन रहे हैं। करियर की स्थिति भी अच्छी रहने वाली है। व्यवसायियों के लिए समय बेहद शुभ रहने वाला है। बिजनेस में प्रॉफिट होने के योग हैं। न्यू जॉब के ऑफर भी आपको मिल सकते हैं। घर परिवार में शांति का माहौल रहेगा। जीवन में चल रही परेशानियां कम होने लगेंगी। हेल्थ अच्छी रहने वाली है।

विविध राज्यों की कला संस्कृति से सजा उत्तराखंड महोत्सव

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लोक संस्कृति के धरोहर मुनाल द्वारा उत्तर प्रदेश उत्तराखंड महोत्सव का आयोजन उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के मुक्तकाशी मंच पर किया गया।

द्वितीय दिवस की संध्या में विभिन्न आयु वर्ग के लगभग 90 प्रतिभागियों ने गायन वादन नृत्य में भाग लिया। आकाशवाणी दूरदर्शन भातखंडे से जुड़े कलाकारों द्वारा गायन वादन नृत्य का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य संतोष सिंह डॉक्टर देवाशीष शुक्ला अधीक्षक कैंसर संस्थान एवं वरिष्ठ भारतीय प्रशासनिक अधिकारी रामकुमार ने दीप प्रज्वलन करके उद्घाटन किया। मुनाल के सलाहकार दिवंगत विभूति राम मानस प्रबंधक ब्राइटलैंड स्कूल स्मृति सम्मान डॉ देवेंद्र चौहान, यशभारती ऋचा जोशी को अंग वस्त्र व प्रतीक चिन्ह प्रमाण पत्र देकर मुख्य अतिथि के साथ मुनालश्री विक्रम बिष्ट ने सम्मानित किया। इस अवसर पर किसान नेता तारा सिंहबिष्ट, राजेंद्र चौहान, युवराज परिहार, चंद्रमोहन पंत उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रभु राम की वंदना से मंदाकिनी बहुगुणा, विभा नौटियाल, शैलजा श्रीवास्तव के निर्देशन में श्री राम स्तुति की गई। इसके साथ ही गढ़वाली, कुमाऊनी, ब्रज, अवध, महाराष्ट्र, पंजाब के विभिन्न लोग नृत्य प्रस्तुत किए गए। यशभारती ऋचा जोशी के निर्देशन में परमा सिन्हा, आकांक्षा आनंद, मेनका श्रीवास्तव ने अवधी भोजपुरी राजस्थानी लोकगीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां प्रस्तुत किया वादन मैं संजय श्रीवास्तव, डॉक्टर आशुतोष नौटियाल आदि ने संगत किया। अंत में सभी का मुनालश्री विक्रम बिष्ट ने आभार व्यक्त किया। महोत्सव में विभिन्न जिलों के विभिन्न उत्पादों का स्टॉल भी लगे हुए हैं कार्यक्रम का संचालन मोहन सिंह बिष्ट ने किया। मुनालश्री विक्रम बिष्ट ने बताया तृतीय दिवस 4 रविवार को समापन पर भोजपुरी लोक गायक बालेश्वर सम्मान से सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ सम्मानित किया जाएगा।

पेंटिंग के जरिए वास्तुविद बीवी दोशी को किया याद

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। शनिवार को वास्तुकला एवं योजना संकाय, डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, टैगोर मार्ग के पंडित दीन दयाल उपाध्याय ब्लॉक में वास्तुकला के 80 छात्रों द्वारा एक बड़ा म्यूरल बनाया गया। यह म्यूरल पेंटिंग 1675 फीट के कैनवस पर एक्रेलिक माध्यम में बनाया गया।

यह म्यूरल पेंटिंग बनाने का उद्देश्य देश के महान वास्तुकार बी.वी. दोशी को याद करना था। इस म्यूरल पेंटिंग में दोशी के कुछ सबसे प्रसिद्ध इमारतों को दिखाया गया है, लेकिन अमूर्त तरीके से। इमारतों को बिल्कुल वैसा ही चित्रित करने के बजाय जैसा वे दिखती हैं, उनके कुछ हिस्सों को लिया है - जैसे आकार, पैटर्न और रूप और उन्हें एक रचनात्मक डिजाइन में बदल दिया है। पूरे म्यूरल को भूरे, टेराकोटा, गेरू और ग्रे जैसे मिट्टी के रंगों में चित्रित किया गया है, जिन्हें दोशी अक्सर अपनी इमारतों में इस्तेमाल करते थे। ये रंग प्राकृतिक सामग्रियों और भारतीय संस्कृति के प्रति उनके प्रेम को दशार्ते हैं। यह म्यूरल पेंटिंग हमें दोशी के जीवन और कार्य की यात्रा पर ले जाता है। शीर्ष पर, हम ऐसी आकृतियाँ देख सकते हैं जो हमें संगठ की याद दिलाती हैं, जिसमें घुमावदार मेहराब और सीढ़ियाँ हैं, जो दिखाती हैं कि कैसे दोशी ने वास्तुकला को पृथ्वी के साथ दशार्ते हैं। बीच में, चौकोर रूप और छोटी इकाइयाँ अरण्य हाउसिंग प्रोजेक्ट का प्रतिनिधित्व करती हैं, जो आम लोगों के लिए कम लागत वाले आवास पर उनके फोकस को दशार्ती है। लहरदार और गोल रूप याद दिलाते हैं हम अहमदाबाद नी गुफा के बारे में बात कर रहे हैं, जहां कला और वास्तुकला का एक प्रयोग एक साथ आते हैं। कुछ हिस्से ऐसे भी हैं जो सीईपीटी यूनिवर्सिटी जैसे दिखते हैं, जिनमें खुली जगहें और तिरछी दीवारें हैं, जो आंदोलन और स्थान के माध्यम से सीखने के उनके विचार को दशार्ती हैं। इस म्यूरल पेंटिंग के निचले हिस्से में, दोशी का खुद का एक चित्र है, जो शांत होकर बैठे हैं, देख रहे हैं और सोच रहे हैं। इससे पता चलता है कि वे सिर्फ.एक निमार्ता नहीं थे, बल्कि एक कलाकार, विचारक और शिक्षक भी थे। पूरी पेंटिंग मुक्त-प्रवाह वाली रेखाओं और खुली जगहों से भरा हुआ है, जो दोशी के इस विचार को दशार्ता है कि वास्तुकला में शांति, प्रकाश और मौन पैदा करना चाहिए।

'त्रासदी' में दिखी केदारनाथ की प्रकृतिक आपदा की कहानी

- एसएनए में 17 दिवसीय नाट्य महोत्सव के 13वें दिन तीन नाटकों का मंचन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। मंचकृति समिति संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश के सहयोग से आयोजित 17 दिवसीय नाट्य महोत्सव के 13वें दिन एसएनए के संत गाडगे प्रेक्षागृह में तीन नाटकों का मंचन किया गया जिसका निर्देशन संगम बहुगुणा व विकास श्रीवास्तव ने किया। नाट्य महोत्सव में पहले नाटक त्रासदी का मंचन किया गया।

त्रासदी: सारांश- त्रासदी जैसा कि आप समझ ही रहे होंगे कि शायद कोई आपदा जैसी चीज है जी हां प्रकृति का विकराल रूप ही सदी को जन्म देता है एक ऐसी सच्ची घटना घटी केदारनाथ में आज से कुछ वर्ष पूर्व जिसने भी इस प्रकृति के प्रकोप को देखा यह जन्म भर इस घटना को भूल नहीं सकता स्थानीय लोगों के साथ-साथ हजारों की संख्या में पर्यटक काल के पास में समा गए उसी घटना के एक भाग का विवरण त्रासदी रुद्रप्रयाग से आगे एक रास्ता बद्रीनाथ को और दूसरा केदारनाथ को जाता है पर रास्ते बंद हो चुके थे, पहाड़ वह चुके थे, सड़के बंद हो गई थी, नीचे बहती भागीरथ विकराल रूप ले चुकी थी अचानक आए इस जल प्रलय ने, न जाने कितने लोगों की जान ले ली और उन्हें बहा ले गई। ना जाने कितने लोग पत्थरों और चट्टानों में दब कर रह गए, भयानक मंजर था वहां लोग कई कई दिन बिना कुछ खाये पिए भूखे प्यासे सड़कों पर पड़े रहे। मंच पर अम्बरीश बॉबी ने अभिनय किया।

अप टू डेट पति: सारांश-अप टू डेट पति शादी के सपने जितने सुनहरे होते हैं उतने ही हसीन भी, मिनी और उसकी सहेली अपने-अपने भावी पति के बारे में बात करती रहती है, मिनी तो कहती है कि उसे ऐसा पति चाहिए जो टाई लगाता हो, सूट बूट वाला हो, सिगार पीता हो, यानी की बहुत ही हैंडसम ही परंतु उसकी सहेली अपने पिता द्वारा तय किए गए लड़के से शादी कर लेती है, परंतु मिनी को तो बहुत हैंडसम पति चाहिए था जो उसे मिला तो लेकिन शादी के बाद हैंडसम पति अपने बॉस की लड़की की तरफ मुखातिब हो जाता है, दोनों के जीवन में कलह उत्पन्न हो जाती है, हैंडसम पति अपने मित्र की बात भी नहीं सुनता, अंत में मिनी नाराज होकर पति का घर छोड़कर अपने पिता के घर लौट आती है, समय के साथ पति को अपनी गलती का एहसास होता है और वह वापस मिनी के पास उसे लेने पहुंचता है अंत में कुछ शर्तों के साथ मिनी अपने अप टू डेट पति को माफ कर देती है। मंच-पर-अभिषेक सिंह, मिन्नी दीक्षित, काव्या मिश्रा, शुभम कुमार दुबे।

परूली की इजा: सारांश- पहली की इजा लगभग हर पर्वतीय विवाह का अनिवार्य अंग होती हैं। वे ढोलक की थाप के साथ, अपने वर्चस्व की ताल ठोंक, स्वयं को हर मांगलिक, अमांगलिक कार्य का हिस्सा बना लेती है। कम्मो बूबू जैसे चरित्र कमोबेश हर सम्पत्र परिवार में मिल जाते हैं, जो घर की धुरी से होते हुए भी अहस्य होते हैं इन दोनों ही की आवश्यकताएं सीमित हैं, पर उनके लिए भी वे प्रतिदिन संघर्ष करती हैं। अपने चारों ओर के वैभव से उन्हें कोई सरोका नहीं है, पर एक दूसरे की छोटी-छोटी बातों से भी ईर्ष्यां है। उसी विवाद की परिणति होती है, एक विस्फोट में, जो सारे सामाजिक ढाँचे को अस्त-व्यस्त कर देता है और उन बकी-दबी व्यथा सबके सामने उजागर हो जाती है, पर सहानुभूति मिलती है तो बस एक दूसरे से। फिर भी क्या पहली की इजा, कम्मी बूबू और उन जैसी महिलाओं अकेलापन, उनकी निस्सहायता दूर हो पाती है। मंच-पर-अर्चना शुक्ला, भानु प्रकाश पाण्डेय, मीता पंत, अंशुमाला, शीलू मलिक।

भातखंडे : कार्यशाला के लिए 20 विद्याओं में 24 अस्थायी शिक्षक रखे जायेंगे

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय में होने वाली ग्रीष्मकालीन कार्यशाला के लिए अस्थाई शिक्षक रखे जाएंगे। शिक्षकों के चयन के लिए पांच और छह मई को साक्षात्कार होंगे। 20 विद्याओं के 24 शिक्षकों को ग्रीष्मकालीन कार्यशालाओं में प्रशिक्षण देने के लिए चयनित किया जाएगा। भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय में ग्रीष्मकालीन कार्यशाला 20 मई से 26 जून तक सुबह नौ से 11 बजे तक संचालित होनी है। जिसमें शास्त्रीय गायन, सुगम संगीत, लोकगीत, तबला, पखावज, ढोलक, सितार, वायलिन, गिटार (वेस्टर्न), बांसुरी, हारमोनियम, कीबोर्ड, कथक नृत्य, भरतनाट्यम, लोकनृत्य, सारंगी, सरोद, पेंटिंग एवं क्ले मॉडलिंग के अतिरिक्त दिव्यांग बच्चों के लिए शास्त्रीय गयन की विशेष कार्यशाला होनी है इस अवधि के लिए प्रशिक्षण कार्य के लिए प्रशिक्षकों का चयन किया जाना है। जिसके लिए उक्त अवधि में 12 हजार रुपए का भुगतान किया जाएगा। पांच और छह मई को साक्षात्कार भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय की ग्रीष्मकालीन कार्यशाला में प्रशिक्षकों के चयन के लिए पांच और छह मई को साक्षात्कार दोपहर 12:30 से तीन बजे तक विश्वविद्यालय परिसर में होगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ बायोडाटा एवं प्रमाण पत्रों की छायाप्रति सहित निर्धारित समय में उपस्थित होकर साक्षात्कार में शामिल हो सकता है। कार्यशाला संयोजक डा. मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि किसी भी शिक्षक को तभी आमंत्रित किय जाएगा जब कार्यशाला में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या पांच से अधिक होगी।

किस विधा में कितने प्रशिक्षकों का चयन

शास्त्रीय गायन- 1, दिव्यांग-आस्टिस्टिक बच्चों के लिए शास्त्रीय गायन -1, तबला- 1, पखावज-1, सितार- 1, वायलिन-1, बांसुरी-1, कथक नृत्य-2, भरतनाट्यम-1, सरोद-1, सुगम संगीत-1, लोकगीत- 1, लोकनृत्य दो, ढोलक-1, सारंगी-2, गिटार- 2, हारमोनियम-1, कीबोर्ड- 2, पेंटिंग-1 एवं क्ले माडलिंग में 1 प्रशिक्षक रखे जायेंगे।

अमृतसर-दरभंगा के बीच चलेगी विशेष ट्रेन, मिलेगी राहत

ग्रीष्मकालीन अवकाश के दिनों में यात्रियों को मिलेगी राहत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में यात्रियों की सुविधा हेतु 04608/04607 अमृतसर-दरभंगा-अमृतसर साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन अमृतसर से 09 मई से 11 जुलाई तक प्रत्येक शुक्रवार को तथा दरभंगा से 11 मई से 13 जुलाई तक प्रत्येक रविवार को 10 फेरों के लिये किया जायेगा।

04608 अमृतसर-दरभंगा साप्ताहिक विशेष गाड़ी 09 मई से 11 जुलाई तक प्रत्येक शुक्रवार को अमृतसर से 20.10 बजे प्रस्थान कर ब्यास जं. से 20.42 बजे, जलन्धर सिटी से 21.20 बजे, फगवाड़ा से 21.40 बजे, ढंडारीकला से 22.40 बजे, सरहिन्द से 23.24 बजे, राजपुरा से 23.52 बजे, दूसरे दिन अम्बाला कैंट से 00.40 बजे, यमुनानगर जगाधरी से 01.32 बजे, सहारनपुर से 02.40 बजे, मुरादाबाद से 06.00 बजे, बरेली से 07.32 बजे, सीतापुर से 11.25 बजे, गोण्डा से 14.20 बजे, गोरखपुर से 17.20 बजे, सीवान से 19.22 बजे, छपरा से 20.30 बजे, हाजीपुर से 22.05 बजे, मुजफ्फरपुर से 23.20 बजे, तीसरे दिन समस्तीपुर से 00.55 बजे छूटकर दरभंगा 02.30 बजे पहुंचेगी।

वापसी यात्रा में 04607 दरभंगा-अमृतसर साप्ताहिक विशेष गाड़ी 11 मई से 13 जुलाई तक प्रत्येक रविवार को दरभंगा से 04.00 बजे प्रस्थान कर समस्तीपुर से 05.30 बजे, मुजफ्फरपुर से 06.35 बजे, हाजीपुर से 07.35 बजे, छपरा से 10.00 बजे, सीवान से 10.57 बजे, गोरखपुर से 13.40 बजे, गोंडा से 16.10 बजे, सीतापुर से 19.25 बजे, बरेली से 22.50 बजे, दूसरे दिन मुरादाबाद से 00.30 बजे, सहारनपुर से 03.50 बजे, यमुनानगर जगाधरी से 04.20 बजे, अम्बाला कैंट से 05.25 बजे, राजपुरा से 05.50 बजे, सरहिन्द से 06.25 बजे, ढंडारी कलां से 07.45 बजे, फगवाड़ा से 08.25 बजे, जलन्धर सिटी से 08.55 बजे तथा ब्यास से 09.30 बजे छूटकर अमृतसर 10.30 बजे पहुँचेगी।

इस गाड़ी में शयनयान श्रेणी के 18 तथा एस.एल.आर. के 02 कोच कोचों सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे।

चार ट्रेनों के संचालन में किया गया विस्तार

लखनऊ। रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में यात्रियों की सुविधा हेतु पूर्व से चल रही विशेष गाड़ियों के संचालन अवधि में विस्तार किया गया है। ये गाड़िया अपने पूर्ववत ठहराव एवं समयानुसार विस्तारित अवधि तक चलाई जायेगी।

अवधि विस्तार के तहत 07323 हुबली-बनारस ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी के संचलन अवधि का विस्तार 17 मई से 28 जून तक 07 फेरों के लिए किया गया है। यह गाड़ी 28 जून, 2025 तक प्रत्येक शनिवार को हुबली से चलाई जायेगी। 07324 बनारस-हुबली ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी के संचलन अवधि का विस्तार 20 मई से 01 जुलाई तक 07 फेरों के लिए किया गया है।

यह गाड़ी 01 जुलाई तक प्रत्येक मंगलवार को बनारस से चलाई जायेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 02, शयनयान श्रेणी के 07, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 09 तथा एसएलआरडी के 02 कोचों सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे।

07327 बेलगावि-मऊ जं. ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी के संचलन अवधि का विस्तार 18 मई से 29 जून तक 07 फेरों के लिए किया गया है। यह गाड़ी 29 जून तक प्रत्येक रविवार को बेलगावि से चलाई जायेगी।

07328 मऊ जं.-बेलगावि ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी के संचलन अवधि का विस्तार 21 मई से 02 जुलाई तक 07 फेरों के लिए किया गया है। यह गाड़ी 02 जुलाई तक प्रत्येक बुधवार को मऊ से चलाई जायेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 05, शयनयान श्रेणी के 10, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 02 तथा एसएलआरडी के 02 कोचों सहित कुल 21 कोच लगाये जायेंगे।

एनईआर को स्क्रैप बिक्री से हुई 21 करोड़ की आय

लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन स्क्रैप निस्तारण के क्षेत्र में निरन्तर उल्लेखनीय प्रदर्शन कर रहा है। स्क्रैप निस्तारण से रेल राजस्व की प्राप्ति के साथ ही पर्यावरण संरक्षण की दिशा में रेल प्रशासन द्वारा किये जा रहे प्रयासों को नई गति मिली है।

स्क्रैप निस्तारण के परिणामस्वरूप रेल परिसर एवं रेल लाइनों के किनारे पड़ी निराकृत सामग्रियों के निस्तारण से यह स्थल स्वच्छ एवं साफ-सुथरे हो रहे हैं। वर्तमान वित्त वर्ष 2025-26 के प्रथम माह अप्रैल, 2025 में मिशन जीरो स्क्रैप के तहत स्क्रैप निस्तारण से 16.21 करोड़ रुपये की आय हुई।

भारत सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम स्वच्छ भारत मिशन के तहत रेल परिसरों तथा रेल पटरियों के किनारे पड़े हुये अवांछित एवं निष्प्रयोज्य सामग्री, परित्यक्त इमारतों एवं आवासों की पहचान कर निस्तारण किया गया है, जिससे रेल राजस्व प्राप्त होने के साथ ही रेल परिसर तथा रेल पटरियों को स्वच्छ रखने में भी सफलता मिली है।

जबकि रेलवे प्रशासन द्वारा व्यापारियों तथा औद्योगिक प्रतिष्ठानों को दी जा रही उन्नत सुविधाओं तथा मुख्यालय एवं मंडल स्तर पर बिजनेस डेवलपमेंट यूनिटों के सुनियोजित प्रयासों से पूर्वोत्तर रेलवे पर माल लदान में वृद्धि का क्रम जारी है। वर्तमान वित्त वर्ष 2025-26 के प्रथम माह अप्रैल, 2025 में कुल 0.264 मिलियन टन माल का लदान हुआ, जिससे 26.726 करोड़ रुपये की आय हुई। रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समेकित प्रयासों के फलस्वरूप पूर्वोत्तर रेलवे पर माह अप्रैल, 2025 में कुल 0.264 मिलियन टन माल लदान हुआ, जो कि माह अप्रैल, 2024 की तुलना में 30.693 प्रतिशत अधिक है तथा माह अप्रैल, 2025 में माल लदान से 26.726 करोड़ रुपये की आय हुई, जो कि माह अप्रैल, 2024 की तुलना में 31.196 प्रतिशत अधिक है।

अपनी मेधा के दम पर करें चुनौतियों का सामना

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। श्री जय नारायण मिश्र महाविद्यालय में शनिवार को बीबीए-आईबी विभाग द्वारा अभ्युत्थान 2025 का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन प्राचार्य प्रो विनोद चंद्रा ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। इस अवसर पर उन्होंने भावी प्रबंधकों को शुभकामना संदेश देते हुए कहा कि आप प्रबंधन के क्षेत्र में उच्च कौशल तकनीक और परिष्कृत संवाद क्षमता के साथ जीवन एवं अपने कैरियर में अनेकों ऊंचाईयों को छु सकते हैं। उन्होंने छात्र छात्राओं से कहा कि जीवन जितना सरल है उतना ही कठिन है और चुनौतियों से भरा होता है। हमें इन चुनौतियों का सामना साहस आत्मविश्वास और अपनी मेधा के दम पर करना होता है। आप अपने जीवन में अपने माता-पिता का हमेशा सम्मान करें और अपने वरिष्ठ जनों से सादैव परामार्श लेते रहे। इनके आशीर्वाद आपको हमेश काम आयेंगे। आयोजित हुए कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने अपने वरिष्ठ छात्रों को भावभीनी और औपचारिक विदाई दी। इस अवसर पर जूनियर छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया। छात्र-छात्राओं ने सुनो ना संगमरमर, अपनी तो जैसे तैसे कट जाएगी, आपका क्या होगा जनाबे अली, चिट्टियां कलाइयां वे, आजा नचले आदि गीतों पर जूनियर और सीनियर छात्र छात्राएं जमकर थिरके। आज आयोजित हुए विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के आधार पर तनिष्का श्रीवास्तव एवं शिवांश को मिस और मिस्टर अभ्युत्थान चुना गया। इस अवसर पर डॉ अंशुमाली शर्मा, पूर्व एसलओ, एनएसएस ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया और कहा कि जीवन में तीन चीजों को कभी न भूले। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि लर्निंग, अर्निंग और उसके बाद समाज को रिटर्निंग क्रम बनाएं। आप जब यहां से जाएं तो अपने जूनियर छात्र-छात्राओं को भी अपने से जोड़े और अपने समाज को भी बहुत कुछ वापस करें। इस अवसर पर विभाग प्रभारी, डा विजय राज श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों का स्वागत किया एवम छात्र छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विभाग के शिक्षक, डॉ शिवांगी शर्मा, डॉ शरद कुमार चतुर्वेदी, डॉ शिखा अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

सीआरएस ने किया तीसरी लाइन का निरीक्षण, लिया स्पीड ट्रायल

गोरखपुर-गोरखपुर कैंट स्टेशनों के बीच विद्युत रेल लाइन का लिया जायजा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल ने यात्री सुविधाओं के उन्नयन और परिचालन दक्षता बढ़ाने हेतु गोरखपुर-गोरखपुर कैंट स्टेशनों के मध्य 3.5 किमी लंबी, 25,000 वोल्ट ए.सी. क्षमता वाली तीसरी विद्युतीकृत रेल लाइन का पूर्वोत्तर परिमंडल के रेल संरक्षा आयुक्त प्रणजीव सक्सेना ने मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) अभय कुमार गुप्ता, मुख्य विद्युत इंजीनियर (निर्माण) ओ.पी. सिंह, मण्डल रेल प्रबन्धक गौरव अग्रवाल और अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में निरीक्षण किया।

निरीक्षण के आरंभ में गोरखपुर जंक्शन पर उन्होंने ए.आई. आधारित इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग पैनल, स्टेशन अधीक्षक कक्ष, सेफ्टी अभिलेख, यार्ड प्लान, स्टेशन वर्किंग रूल, इंटीग्रेटेड पावर सप्लाई और बैटरी रूम का अवलोकन किया। इसके पश्चात

● डीआरएम सहित अन्य उच्चाधिकारी रहे निरीक्षण के समय मौजूद

उन्होंने गोरखपुर स्टेशन- गोरखपुर कैंट खण्ड तक मोटर ट्राली के माध्यम से पॉइंट एंड क्रॉसिंग, कर्व एवं पुल की गहनता से संरक्षा जांच की।

गोरखपुर कैंट स्टेशन पर श्री सक्सेना ने सिगनलिंग, बैलास्ट, प्लेटफॉर्म क्लियरेंस, इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग, बैटरी रूम, रिले रूम और कर्मचारियों की संरक्षा तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने ट्रेन परिचालन से संबंधित कर्मचारियों से संरक्षा प्रश्न पूछकर उनकी कार्यकुशलता परखी।

निरीक्षण के उपरांत, तीसरी विद्युतीकृत रेल लाइन पर स्पेशल ट्रेन द्वारा गति परीक्षण किया गया, जो पूरी तरह सफल रहा। इस लाइन के निर्माण से रेलवे नेटवर्क की क्षमता बढ़ेगी, जिससे अधिक ट्रेनों का संचालन संभव होगा और यात्रा समय में कमी आएगी। विद्युतीकरण से डीजल ट्रेनों पर निर्भरता कम होगी, जिससे कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। यात्रियों को कम प्रतीक्षा समय, बेहतर कनेक्टिविटी और आरामदायक यात्रा अनुभव मिलेगा। यह लाइन क्षेत्र में व्यापार, पर्यटन और रोजगार के अवसरों को बढ़ाकर स्थानीय अर्थव्यवस्था को बल देगी। इसके अलावा, ट्रेनों की भीड़भाड़ कम होने से परिचालन सुगम होगा और रेलवे की विश्वसनीयता बढ़ेगी। जनता से अपील है कि इस विद्युतीकृत रेल खण्ड और ओवरहेड लाइन से सुरक्षित दूरी बनाए रखें, ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

इस अवसर पर लखनऊ मण्डल के वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबंधक, वरिष्ठ मण्डल संरक्षा अधिकारी, वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर/प्रथम, वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबन्धक/कोचिंग, वरिष्ठ मण्डल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर, वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर (टीआरडी), वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर(सा.), वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर (टीआरएस) एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

डॉ. माद्री और नेहा राठौर के पक्ष में छात्रों का प्रदर्शन

दर्ज मुकदमे के विरोध में प्रदर्शनकारियों को किया गया गिरफ्तार

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में शनिवार को छात्रों ने डॉ. माद्री काकोटी और नेहा सिंह राठौर पर दर्ज मुकदमों के खिलाफ प्रदर्शन करने आये छात्रों, शिक्षकों और सांस्कृतिक कार्यकर्ताओं को पुलिस ने गिरफ्तार किया। राज्यव्यापी प्रतिरोध दिवस के तहत लखनऊ विश्वविद्यालय गेट नंबर एक से परिवर्तन चौक तक निकाले जाने वाले मार्च को पुलिस ने रोक दिया। प्रदर्शन शुरू होने से पहले ही विश्वविद्यालय के गेट को भारी पुलिस बल ने घेर लिया और दर्जनों छात्रों, शिक्षकों और सांस्कृतिक कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया गया।

इस पर समर गौतम, उपाध्यक्ष, आइसा उत्तर प्रदेश ने कहा कि आज की गिरफ्तारी सिर्फ प्रदर्शन को रोकने की नहीं थी, यह हर असहमति को कुचलने की कार्रवाई थी। जब ट्वीट को देशद्रोह और विरोध को अराजकता कहा जाने लगे, तो समझ लीजिए कि लोकतंत्र दम तोड़ रहा है। कमला गौतम, राज्य कमेटी सदस्य, ऑल इंडिया प्रोग्रेसिव वूमेन्स एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश ने कहा कि सरकार सोचती है कि गिरफ़्तारी से हम डर जायेंगे लेकिन हम संघर्ष के रास्ते पर हैं। जब तक नेहा और माद्री पर से फर्जी मुकदमे वापस नहीं लिए जाते, हमारा आंदोलन जारी रहेगा—चाहे जेल में हो या बाहर।

राजीव गुप्ता, संयुक्त सचिव, रिवोल्यूशनरी यूथ एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश ने कहा कि यह सिर्फ कुछ लोगों की लड़ाई नहीं है। यह उन सभी की लड़ाई है जो सवाल करते हैं, जो पढ़ाते हैं, जो गाते हैं, जो सोचते हैं। इस सरकार को सच से डर लगता है। और हम डरने वाले नहीं हैं। कौशल किशोर, कार्यकारी अध्यक्ष, जन संस्कृति मंच, उत्तर प्रदेश ने कहा कि आज की गिरफ्तारी यह बताती है कि हमला सिर्फ विचारों पर नहीं है, यह संस्कृति, शिक्षा और इंसानियत पर हमला है। माद्री और नेहा के खिलाफ कार्रवाई इस फांसीवादी दौर की भयावहता को उजागर करती है। जन संस्कृति मंच हर प्रतिरोधी आवाज के साथ खड़ा है।

नरेश कुमार बने प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। नरेश कुमार ने शुक्रवार को पूर्वोत्तर रेलवे के प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर का पदभार ग्रहण किया। इसके पूर्व, आप पूर्वोत्तर रेलवे मुख्यालय गोरखपुर में मुख्य कारखाना इंजीनियर के पद पर कार्यरत रहे।

संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित स्पेशल क्लास रेलवे अप्रेंटिस परीक्षा-1986 के माध्यम से नरेश कुमार भारतीय रेल यांत्रिक सेवा में आये। आपकी पहली नियुक्ति दक्षिण पूर्व रेलवे पर सहायक यांत्रिक इंजीनियर/वैगन, हल्दिया के पद पर हुई। आपने रेल सेवा के दौरान एम.बी.ए. फाइनेंस, एम.बी.ए. मार्केटिंग की डिग्री प्राप्त की। भारतीय रेल के विभिन्न क्षेत्रीय रेलों में अनेक पदो के अतिरिक्त निदेशक/आरडीएसओ लखनऊ, मुख्य सतर्कता अधिकारी तथा मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/प्लांट, डीजल लोकोमोटिव वर्क्स वाराणसी, महाप्रबन्धक/यांत्रिक (रेलवे विकास निगम लिमिटेड/वाराणसी), मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/प्रोक्योरमेंट, काफमऊ/दिल्ली आदि पदों पर आपने सफलतापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन किया। आपको रेल प्रबन्धन, प्रशासन एवं यांत्रिकी का गहन अनुभव प्राप्त है तथा आप रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों में समान रूप से लोकप्रिय हैं।

पुनर्वास विवि में ऑडियो-वीडियो प्रयोगशाला का उद्घाटन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय सिंह ने शनिवार को ऑडियो-वीडियो प्रयोगशाला उद्घाटन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव रोहित सिंह, वित अधिकारी श्रीनिवास त्रिपाठी, अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो वीके सिंह, कुलानुशासक प्रो सीके दीक्षित, अधिष्ठाता कला संकाय प्रो अवनीश चंद्र मिश्रा, प्रो यशवंत वीरोदय आदि मौजूद रहे। डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय ने एक अभिनव पहल करते हुए दृष्टिबाधित एवं श्रवणबाधित विद्यार्थियों के लिए एक विशेष ऑडियो-वीडियो प्रयोगशाला की स्थापना की है। यह प्रयोगशाला डॉ. मल्लिका सक्सेना के संयोजन में कार्य करेगी।

प्रयोगशाला की कोऑर्डिनेटर डॉ. मल्लिका सक्सेना तथा सह-कोऑर्डिनेटर डॉ. अपर्णा हैं। इस प्रयोगशाला में दिव्यांग विद्यार्थियों की भी सक्रिय सहभागिता है, जिनमें सतेंद्र रावत और नाजिम खान प्रमुख रूप से कार्य कर रहे हैं। प्रयोगशाला के अंतर्गत उपयोग की जाने वाली पुस्तकों को राजा राममोहन राय पुस्तकालय प्रतिष्ठान से आईएसबीएन नंबर भी प्राप्त होगा, जिससे शिक्षक वर्ग भी लाभान्वित होगा। इतिहास विषय को सरल एवं दृष्टिगोचर बनाने के लिए ब्रेल लिपि में विश्व मानचित्रों का विशेष संकलन भी तैयार किया गया है, जिसमें पुनर्जागरण कालीन विश्व, फ्रांसीसी क्रांति, अमेरिका का स्वतंत्रता संग्राम, इटली व जर्मनी का एकीकरण, तथा प्रथम एवं द्वितीय विश्व युद्ध से संबंधित नक्शे सम्मिलित हैं। इन मानचित्रों का निर्माण डॉ. अपर्णा द्वारा किया गया है, जबकि इनका लेखन कार्य दृष्टिबाधित छात्रा रोशनी गुप्ता ने किया है। यह प्रयोगशाला न केवल छात्रों के लिए बल्कि शिक्षकों के लिए भी एक प्रेरणास्पद संसाधन केंद्र के रूप में कार्य करेगी, जिससे समावेशी शिक्षा की दिशा में एक नया मील का पत्थर स्थापित होगा।

प्रयोगशाला को तीन मुख्य खंडों में विभाजित किया गया है

- ब्रेल विभाग : दृष्टिबाधित छात्रों के लिए ब्रेल लिपि में शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी।
- ऑडियो-वीडियो सेल (डिजिटल मोड में) : श्रवण और दृष्टि से वंचित छात्रों हेतु डिजिटल शिक्षण साधन।
- हियरिंग इम्पेयर्ड के लिए पुस्तकें झ श्रवणबाधित विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से तैयार की गई पुस्तकें।

उप्र राज्य विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष बने संजय शुक्ला

लविवि के एपी सेन सभागार में उप्र राज्य विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ का अधिवेशन सम्पन्न

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उप्र राज्य विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ का अधिवेशन शनिवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के एपी सेन सभागार में सम्पन्न हुआ। अधिवेशन का उद्घाटन मुख्य अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने दीप प्रज्वलित करके किया तथा अध्यक्षता महासंघ के अध्यक्ष सुधांशु कुमार ने किया। जिसमें प्रदेश के 09 राज्य विश्वविद्यालयों के शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ, कर्मचारी परिषद, कर्मचारी वेलफेयर समिति एवं स्टाफ यूनियन के पदाधिकारियों ने सहभाग करते हुए सर्वसम्मति से महासंघ की नवीन कार्यकारिणी का चुनाव किया। पदाधिकारियों के नाम की घोषणा वर्तमान अध्यक्ष सुधांशु कुमार ने किया। जिसमें लखनऊ विश्वविद्यालय कर्मचारी परिषद के महामंत्री संजय शुक्ला को अध्यक्ष, पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के अध्यक्ष नंद किशोर सिंह को महामंत्री, आगरा विश्वविद्यालय के अध्यक्ष अखिलेश चौधरी को कार्यकारी अध्यक्ष, कानपुर विश्वविद्यालय के अध्यक्ष आलोक कुमार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, गोरखपुर विश्वविद्यालय के अध्यक्ष महेन्द्र नाथ सिंह, रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय के महामंत्री रामप्रीत, अवध विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार सिंह को उपाध्यक्ष, कानपुर विश्वविद्यालय के महामंत्री अभिषेक त्रिवेदी को कोषाध्यक्ष, पूर्वांचल विश्वविद्यालय के महामंत्री रमेश चंद्र यादव को संगठन मंत्री निर्वाचित किया गया।

वहीं, लखनऊ विश्वविद्यालय कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष व अखिल भारतीय विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ के उपाध्यक्ष राकेश यादव को समन्वयक निर्वाचित किया गया। महासंघ की नवीन कार्यकारिणी में शामिल अन्य पदाधिकारियों में सुधांशु कुमार, रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली को मुख्य संरक्षक तथा गोरखपुर विश्वविद्यालय के डॉ. बीएन सिंह, कानपुर विश्वविद्यालय के राजेश सिंह, लखनऊ विश्वविद्यालय के अजीत सिंह, पूर्वांचल विश्वविद्यालय के रामजी सिंह और रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय के राज बहादुर सिंह को संरक्षक मंडल में शामिल किया गया है। इसी क्रम लखनऊ विश्वविद्यालय से विनोदधर दुबे प्रचार मंत्री, आगरा विश्वविद्यालय के डॉ. संतोष कुमार यादव प्रवक्ता, लखनऊ विश्वविद्यालय के शिवानंद द्विवेदी व गोरखपुर विश्वविद्यालय के अरूण श्रीवास्तव सह-प्रवक्ता निर्वाचित किया गया है। इसी क्रम में रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय से राम प्रकाश शाही, बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय से शहंशाह, गोरखपुर विश्वविद्यालय से निर्भय नारायण सिंह, काशी विद्यापीठ से सुरेंद्र यादव व लखनऊ विश्वविद्यालय से भगवानदीन को संयुक्त मंत्री निर्वाचित किया गया। आगरा विश्वविद्यालय से निखिल शर्मा, पूर्वांचल विश्वविद्यालय से सुरेन्द्र बहादुर सिंह, काशी विद्यापीठ से शिशुपाल सिंह, कानपुर विश्वविद्यालय से प्रशांत कुशवाहा, लखनऊ विश्वविद्यालय के सुरेश कश्यप को विशिष्ट कार्यकारिणी सदस्य के साथ ही लखनऊ विश्वविद्यालय के सोमनाथ व विनय कुमार श्रीवास्तव कार्यालय मंत्री, लखनऊ बनाये गये है।

अधिवेशन का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि प्रो. आलोक कुमार राय ने अपने में उद्बोधन में प्रदेश के सभी विश्वविद्यालय आये पदाधिकारियों को स्वागत करते हुए कहा कि किसी भी विश्वविद्यालय की उपलब्धि अकेले कुलपति अथवा कुलसचिव की नहीं होती है उसमें कर्मचारी समुदाय की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कोई कर्मचारी संगठन जब सकारात्मक सोच के साथ रचनात्मक प्रयास करता है तो कर्मचारी समस्याओं के समाधान के साथ ही उस संस्थान की प्रतिष्ठा बढ़ती है और विश्वविद्यालय के साथ-साथ कर्मचारी समुदाय का भी भला होता है। उन्होंने कहा कि प्रतिनिधियों को सदैव यह प्रयास करना चाहिए कि उनके द्वारा कोई ऐसा कृत न हो जिससे कर्मचारी समुदाय के साथ ही संबंधित संस्थान की प्रतिष्ठा पर किसी प्रकार की आंच आये अथवा छवि धूमिल हो। उन्होंने कहा कि समस्याओं के निदान के लिए सतत प्रयासरत रहने से ही उसका समाधान होता है और इसमें कर्मचारी समुदाय और उनके प्रतिनिधियों की विशेष भूमिका होती है क्योंकि किसी भी पत्रावली की शुरूआत करने का दायित्व कर्मचारी का होता है और उसे पूर्णता तक पहुंचाने के बाद भी उसका अनुपालन ठीक से हो जाए और उसे निर्णय में निहित लाभ सभी कर्मचारियों को मिल जाए। इसके लिए इसमें कर्मचारी नेताओं का सदैव तत्पर रहना चाहिए। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण लखनऊ विश्वविद्यालय के कर्मचारियों का मिलने वाली कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ है। उन्होने कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय कर्मचारी परिषद द्वारा कर्मचारियों के मेधावी बच्चों के प्रतिभा सम्मान समारोह जैसे आयोजन से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है।

गर्विता मिश्रा ने बढ़ाया शहर का मान

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, इन्दिरा नगर कैम्पस की कक्षा गर्विता मिश्रा ने आई.सी.एस.ई. (कक्षा-10) की बोर्ड परीक्षा में शानदार 98.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर शहर का मान बढ़ाया है। इस मेधावी छात्रा ने कम्प्यूटर एवं विज्ञान में पूरे 100 प्रतिशत अंक अर्जित किये हैं जबकि हिन्दी में 99, गणित में 97, इंग्लिश में 96 एवं इतिहास व भूगोल में 99 अंक अर्जित कर अपने मेधात्व का परचम लहराया है। गर्विता ने इस अभूतपूर्व सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व शिक्षकों को दिया है। यह छात्रा आगे चलकर समाज की बेहतरी के लिए कार्य करना चाहती है।

ग्राम पंचायत नटकुर में 18 करोड़ की कीमत की भूमि को कराया कब्जा मुक्त

लखनऊ। सरोजनी नगर की ग्राम पंचायत नटकुर में 18 करोड़ रुपए की कीमत की भूमि को शासन प्रशासन की टीम द्वारा कब्जा मुक्त कराया गया। जिसका कुल रकबा 2,168 हेक्टेयर है। मालूम हो कि मंडलायुक्त लखनऊ मंडल एवं नगर आयुक्त नगर निगम गौरव कुमार के निर्देश पर सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराए जाने के लिए चलाए जा रहे अभियान में अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव द्वारा गठित टीम ने सरोजनी नगर की ग्राम पंचायत नटकुर में शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त किए जाने की एक बड़ी कार्य वाई की गई। ग्राम पंचायत की भूमि गाटा संख्या व क्षेत्रफल क्रमशः 898/0,458 हेक्टेयर ,876/0,161 हेक्टेयर ,884 /0,073 हेक्टेयर ,885/0,013 हेक्टेयर ,888/0,019 हेक्टेयर ,906 /0,076हेक्टेयर ,908 /0,341 हेक्टेयर ,909 /0,025 हेक्टेयर ,911/0,025 हेक्टेयर ,912/0,013 हेक्टेयर ,913/0,038 हेक्टेयर ,914/0,506 हेक्टेयर ,862/0,013 हेक्टेयर ,866/0,013 हेक्टेयर ,760/0,095 हेक्टेयर ,729/0,031 हेक्टेयर ,730/0,048 हेक्टेयर ,731/0,33हेक्टेयर ,0781 हेक्टेयर है जो कि राजस्व अभिलेखों में ऊसर ,नवीन परती,बंजर व नाली के खाते में दर्ज भूमिया है और नगर निगम में निहित भूमि है।

संक्षेप

बाइक-मैजिक की टक्कर, युवक की मौत

शाहगढ़, अमेठी। कोतवाली गौरीगंज क्षेत्र के अन्तर्गत मान सिंह का पुरवा मजरे हरखपुर निवासी विजय आनंद शर्मा 28 वर्ष पुत्र भगवान दीन शनिवार की सुबह अपने बाइक जाते समय रामगंज शाहगढ़ भूसियावां मार्ग पर बीरामपुर के निकट मोड पर सामने से आ रही मैजिक ने मोटरसाइकिल से सवार युवक को टक्कर मार दी, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, ग्रामीणों ने इलाज के लिए एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेजा जहां इलाज के दौरान मृत्यु हो गई, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया।

मजिस्ट्रेट ने देखा सखी वन स्टॉप सेंटर

सुलतानपुर। जिलाधिकारी कुमार हर्ष के निर्देश पर सखी वन स्टॉप सेंटर, निजाम पट्टी पाँचोपीरन का संयुक्त जांच टीम द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। जांच दल में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एसडीएम लम्भुआ गामिनी सिंगला, प्रशिक्षु आईएएस रिदम आनंद तथा उपायुक्त उद्योग नेहा सिंह शामिल रहीं। निरीक्षण के दौरान टीम ने उपस्थिति पंजिका, परामर्श कक्ष, पुलिस चैकी, आश्रय कक्ष, रसोई और अन्य व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। वन स्टॉप सेंटर की मैनेजर सीता सिंह के कार्यालय में कई अभिलेख जैसे उपस्थिति रजिस्टर, स्टॉक, ड्यूटी रोस्टर आदि अद्यतन नहीं मिले। जवाब न देने पर उन्हें कड़ी फटकार लगाते हुए, जांच टीम ने उनके विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए। रसोई की स्थिति भी संतोषजनक नहीं पाई गई। भोजन की गुणवत्ता खराब और सफाई व्यवस्था लचर रही। राशन स्टॉक रजिस्टर भी उपलब्ध नहीं था। आश्रय कक्ष में साफ-सफाई की कमी तथा वहां तैनात कर्मचारियों की अनुपस्थिति पर टीम ने नाराजगी जताई। कुल 8 कर्मचारियों में से 7 उपस्थित मिले, एक के मेडिकल अवकाश की पुष्टि के लिए कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराया गया। टीम ने सेंटर की समस्त व्यवस्थाओं को सुधारने और रिकॉर्ड अद्यतन करने के निर्देश दिए। निरीक्षण में कई खामियों के उजागर होने पर संबंधित को जल्द से जल्द सुधार की चेतावनी दी गई है।

जहरीले जीव के काटने से छात्र की मौत

गोसाईंगंज, सुलतानपुर (वीओएल)। गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के पांडेयपुर गांव में शुक्रवार रात जहरीले जीव के काटने से एक छात्र की मौत हो गई। पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। छात्र की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। थानाक्षेत्र पाण्डेयपुर निवासी अंकित गुप्त (18) पुत्र शिवशंकर गुप्ता शुक्रवार रात को निमंत्रण से वापस आने के बाद अपने बिस्तर पर सो गया था। रात करीब एक बजे उसे किसी जहरीले जीव ने काट लिया। जिसके बाद अंकित की तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन आनन-फानन में रात को अंकित को मेडिकल कालेज सुल्तानपुर ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अंकित ने इसी वर्ष मयादीं इंटर कालेज से 12 वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। अंकित अपने छोटे भाई अमित, बहन सोनी और बाबा नन्दलाल गुप्ता व दादी सुदामा के साथ घर पर रहता था। उसकी माँ उषा देवी और पिता शिवशंकर गुप्ता मुंबई में रहते है। अंकित की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। परिजनों ना रो रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष राम आशीष उपाध्याय ने बताया कि जानकारी है। घटना की लिखित सूचना नहीं मिली है।

विद्युत विभाग के संविदा कर्मियों ने किया अर्धनग्न प्रदर्शन

वेतन न मिलने व छंटनी के विरोध में किया विरोध

जिला संवाददाता (vol)

अयोध्या। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उ0प्र0 अयोध्या क्षेत्र अयोध्या के बैनर तले विद्युत विभाग मे कार्यरत संविदा कर्मचारियों ने 12 वे दिन भी अपनी मांगो को लेकर मुख्य अभियंता वितरण अयोध्या क्षेत्र अयोध्या के कार्यालय प्रांगण में निविदा/संविदा कर्मचारियों ने अपने दो माह के बकाया वेतन, फेस अटेंडेंस के विरोध में, और सबसे मुख्य विरोध निविदा कर्मचारियों की गलत तरीके से हो रही छंटनी के विरोध में सभी कर्मचारियों ने अपना आधा कपड़ा उतार कर प्रदर्शन कर मुख्य अभियंता वितरण अशोक कुमार चैरसिया के खिलाफ नारे बाजी किया। और समिति के जिलाध्यक्ष जय गोविन्द सिंह ने मुख्य अभियंता वितरण अशोक कुमार चैरसिया पर आरोप लगाते हुये कहा कि हम लोगो विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले अपनी मांग को लेकर धरना प्रदर्शन कर आंदोलन कर रहे है। उस पर विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता वितरण ने मुझे नोटिस दे कर धमकाने का काम किया है। जिस नोटिस मे लिखा है कि मुख्य अभियंता के प्रांगण में जो धरना प्रदर्शन कर नारे बाजी कर रहे हो उससे कार्य मे बाधा उत्पन्न हो रही है जिससे प्रतिदिन 50लाख का नुकसान हो रहा है जिसकि वसूली आप से कि जाएगी। और तत्काल धरना प्रदर्शन बंद कर दो नहीं तुम्हारे ऊपर एफआईआर दर्ज करवा देने कि बात नोटिस मे कहा है। उसी के आक्रोश में आक्रोशित संविदा कर्मचारियों ने मुख्य अधिशाषी अभियंता के खिलाफ नारेबाजी कर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से मांग किया है कि इस तरह के अधिकारी ही सरकार को बदनाम करने का कार्य कर रहे हैं। हम सरकार से मांग करते हैं कि हमारी इस समस्या का संज्ञान लेकर माननीय मुख्यमंत्री जी समस्या का समाधान करें। वही कहा कि विद्युत विभाग मे कार्यरत संविदा कर्मचारी पूरे प्रदेश में आंदोलन कर रहे है और शक्ति भवन पर भी हमारा आंदोलन चल रहा है। और जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होगी हमारा आंदोलन अनवरत चलता रहेगा। सोमवार से हम लोग अनशन पर भी बैठने का काम करेंगे।

समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करायें अधिकारी : डीएम

रायबरेली। डीएम हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम ने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है। डीएम ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में यदि कोई समस्या है तो उसका कारण स्पष्ट करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये। डीएम ने बताया कि तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 100 प्रकरण प्राप्त हुये, जिसमें से 12 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रकरणों का निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित कराए। एसपी डॉ0 यशवीर सिंह ने भी पुलिस से संबंधित मामलों को सुना और संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम सदर प्रफुल्ल कुमार शर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

वरीयता के आधार पर करें शिकायतों का निस्तारण

महराजगंज, रायबरेली। तहसील दिवस में आए हुए फरियादियों के द्वारा दिए गए शिकायती पत्रों का वरीयता के आधार पर अधिकारी व कर्मचारी निस्तारण करना सुनिश्चित करें अन्यथा निस्तारण में लापरवाही बर्तने वाले अधिकारी व कर्मचारी बख्शे नहीं जाएंगे। यह उद्गार तहसील सभागार में आयोजित तहसील दिवस की अध्यक्षता करते हुए एडीएम प्रशासन सिद्धार्थ चैधरी व्यक्त कर रहे थे। शनिवार को तहसील सभागार में एडीएम प्रशासन सिद्धार्थ चैधरी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 39 शिकायती पत्र आए। जिसमें सर्वाधिक शिकायतें राजस्व से 26 और पुलिस से 6 विकास 3 अन्य 4 शिकायतें आई, जिसमे से 5 शिकायती पत्रों को मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। समाधान दिवस में 10 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार हेतु वाहन को हरी झंडी दिखाकर एडीएम ने रवाना किया।

पीएम का जातीय जनगणना का फैसला अभूतपूर्व : जिलाध्यक्ष

सुलतानपुर (वीओएल)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जातीय जनगणना कराए जाने के ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत करते हुए शनिवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने तिकोनिया पार्क में भव्य उत्सव मनाया। ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी और एक-दूसरे को मिष्ठान खिलाकर कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की। बड़ी संख्या में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी जिंदाबाद और भारत माता की जय के नारों के साथ प्लेकार्ड लहराते हुए समर्थन जताया। भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने इस फैसले को भारतीय राजनीति में ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना से वंचितों, पिछड़ों, अति पिछड़ों और पसमांदा मुस्लिमों को उनका हक मिलेगा और वे विकास की मुख्यधारा से जुड़ सकेंगे। उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि 1931 के बाद 94 वर्षों तक कांग्रेस सहित किसी भी सरकार ने जातीय जनगणना की पहल नहीं की। अब जब पीएम मोदी ने यह साहसिक कदम उठाया है, विपक्ष श्रेय लेने की होड़ में है। एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने इसे समता और न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष डॉ राम जी गुप्ता ने भी फैसले की सराहना करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने ही ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया। कार्यक्रम के दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, पूर्व विधायक, जनप्रतिनिधि और सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। मीडिया प्रभारी विजय रघुवंशी ने कहा कि भाजपा हमेशा से जातीय जनगणना की पक्षधर रही है और यह निर्णय सामाजिक समरसता और सशक्तिकरण को मजबूती देगा।

शादी से पहले युवती लापता, लव जिहाद की आशंका से गरमाया मामला

अमेठी। रामगंज थाना क्षेत्र के एक गांव से एक युवती के लापता होने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। युवती की शादी आगामी 6 मई को होनी थी, लेकिन वह 24 अप्रैल को बाजार गई थी, जिसके बाद से उसका कोई सुराग नहीं मिला है। परिजन और ग्रामीणों ने शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में बड़ी संख्या में पहुंचकर प्रशासन से कार्रवाई की मांग की। परिजनों के अनुसार, युवती का मोबाइल भी बंद आ रहा है और काफी खोजबीन के बावजूद उसका कोई पता नहीं चल पाया। अंततः परिजनों ने थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। मामले ने उस समय और गंभीर रूप ले लिया जब भाजपा नेता मनीष सिंह ने इसे 'लव जिहाद' का मामला बताया। उनका आरोप है कि गांव का ही एक मुस्लिम युवक युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। उन्होंने यह भी आशंका जताई कि आरोपी युवक ने युवती का पासपोर्ट बनवाकर उसे विदेश, विशेषकर दुबई भेजने की योजना बनाई है। ग्रामीणों और परिजनों ने युवती की जल्द बरामदगी और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि मामले की एफआईआर दर्ज कर ली गई है और पुलिस गंभीरता से जांच कर रही है।

आरडीए अफसरों की मिलीभगत से हो रहा बिल्डिंग का निर्माण

रायबरेली। जिले के लखनऊ-प्रयागराज राजमार्ग पर त्रिपुला के निकट बाजपेई पेट्रोल पंप के पास एक अवैध बिल्डिंग का निर्माण जोरों पर चल रहा है। रायबरेली विकास प्राधिकरण के अधिकारियों की मेहरबानी के चलते यह निर्माण बिना किसी रोक-टोक के जारी है। बिल्डर ने छुट्टी के दिन का इंतजार करते हुए छत डालने की तैयारी कर ली है, ताकि निर्माण कार्य को तेजी से पूरा किया जा सके।

सूत्रों के अनुसार, यह बिल्डिंग बिना स्वीकृत नक्शे और आरडीए की मौखिक अनुमति के बनाई जा रही है। इसके बावजूद, दिन भर आरडीए अधिकारियों और अन्य प्रशासनिक कर्मचारियों का इस क्षेत्र में आना-जाना लगा रहता है। अधिकारियों की मौन स्वीकृति के बिना इतने बड़े पैमाने पर अवैध निर्माण संभव नहीं है। एक स्थानीय निवासी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, अधिकारी रोजाना इस रास्ते से गुजरते हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होती। ऐसा लगता है कि बिल्डर को ऊपरी संरक्षण प्राप्त है।

बिल्डर की चाल छुट्टी का इंतजार

जानकारी के मुताबिक, बिल्डर ने निर्माण कार्य को तेज करने के लिए छुट्टी के दिन का सहारा लेने की योजना बनाई है। छुट्टी के दिन प्रशासनिक गतिविधियां कम होने के कारण बिल्डर छत डालने की तैयारी में जुटा है। यह रणनीति अवैध निर्माण को जल्द से जल्द पूरा करने की मंशा को दर्शाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिल्डर ने पहले भी इसी तरह की रणनीति अपनाकर कई निर्माण कार्यों को अंजाम दिया है।

मामले की जानकारी लेने के लिए जब आरडीए के अवर अभियंता से सम्पर्क किया तो उन्होंने फोन बंद कर लिया, वहीं जब सहायक अभियंता को फोन किया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

एक राष्ट्र- एक चुनाव का विजन देश के लिए आवश्यक : मनीषा अनुरागी

गौरीगंज, अमेठी। विधायक मनीषा अनुरागी ने कहा कि एक राष्ट्र-एक चुनाव का विजन देश के लिए आवश्यक है। इससे समय और धन की बचत होगी देश का विकास होगा। पहले भी लोकसभा और विधानसभा के चुनाव साथ-साथ हुए हैं। जनहित के लिए अब फिर साथ में चुनाव आवश्यक है। वह शनिवार को मऊ स्थित विद्यालय में एक राष्ट्र-एक चुनाव बिल के समर्थन में आयोजित महिला सम्मेलन को संबोधित कर रही थी। श्रीमति आशा बाजपेई की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में ने कहा कि एक साथ चुनाव कराना कोई नई बात नहीं है। स्वतंत्र भारत में 1950 में संविधान लागू हुआ। उसके बाद 1951 से लेकर 1967 तक सभी राज्य की विधानसभाओं और लोकसभा के आम चुनाव साथ-साथ होते थे। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के पहले आम चुनाव 1951-52 में एक साथ आयोजित किए गए थे। यह परंपरा

इसके बाद 1957, 1962 और 1967 के तीन आम चुनावों के लिए भी जारी रही। हालांकि, कुछ राज्य विधानसभाओं के समय से पहले भंग होने के कारण 1968 और 1969 में एक साथ चुनाव कराने में बाधा आई थी।पहली, दूसरी और तीसरी लोकसभा ने पांच वर्षों का अपना कार्यकाल पूरा किया।कहा लोकसभा व विधानसभा का अलग-अलग चुनाव कराना चुनौतियां बन गए है उन्होंने कहा सरकार एक राष्ट्र एक चुनाव के लिए कमेटी बनाकर, आम लोगों से, आधी आबादी से, विभिन्न संगठनों व राजनीतिक दलों से लगातार चर्चा कर माहौल बना रही है।

प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्ष आशा बाजपेई ने सभी का धन्यवाद व आभार प्रकट किया। भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने कहा बार-बार चुनाव होने से देश की प्रगति में बाधा उत्पन्न होती है कार्यक्रम संयोजक श्रीमती प्रज्ञा त्रिपाठी रही। संचालन जिला महामंत्री महिला मोर्चा श्रीमती गीता सिंह ने किया।

अवध विवि में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन समर्थ पोर्टल पर शुरू

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विवि परिसर में संचालित कोर्स में सत्र 2025-26 में समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रवेश के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के निर्देश पर विवि प्रवेश समिति द्वारा गुरुवार को प्रवेश आवेदन की सूचना जारी की गई। परिसर में संचालित यूजी कोर्सों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 10 जून निर्धारित की गई है। वहीं पीजी एवं पीजी डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 25 जून तक किया जा सकता है। यूजी कोर्स के लिए ऑनलाइन पेमेंट गेटवे के माध्यम से किया जायेगा जिसकी अंतिम तिथि 12 जून व पीजी कार्स के लिए अंतिम तिथि 28 जून निर्धारित की गई है। स्नातक स्तरीय कोर्सों में प्रवेश काउंसिलिंग 01 जुलाई से संभावित है। परास्नातक व पीजी डिप्लोमा कोर्स की काउंसिलिंग 15 जुलाई से प्रारम्भ होगी। प्रवेश हेतु इच्छुक छात्र-छात्राएं डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू आरएमएलएयू एडीयूएम डॉट समर्थ डॉट ईडीयू डॉट इन पर आनलाइन आवेदन कर सकते है।

आवासीय प्रवेश समन्वयक प्रो. शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि परिसर के यूजी कोर्स में बीए, बीएससी, फाइन आर्टस, सूचना एवं लाइब्रेरी साइंस, बीबीए, बीसीए, बीकॉम, बीवोक मास कम्युनिकेशन एण्ड जर्नलिज्म, फैशन डिजाईनिंग एण्ड गारमेंटस टेक्नोलॉजी में प्रवेश आनलाइन आवेदन शुरू है। वहीं पीजी कोर्सों में इकोनॉमिक्स एण्ड रूरल डेवलपमेंट, हिस्ट्री, कल्चर एण्ड आर्कियोलॉजी, एडल्ट एंड कंटीन्यूइंग, मास कम्युनिकेशन एण्ड जर्नलिज्म, सोशल वर्क, पब्लिक हेल्थ, योगा, सूचना एवं लाइब्रेरी साइंस, एमपीए, हिन्दी, इंग्लिश, सिन्धी, एप्लाइड साइकोलॉजी, सोसियोलॉजी, इन्टरनेशनल रिलेशन, पब्लिक पालिसी एण्ड गवर्नेस, फिजिक्स, इलेक्ट्रानिक्स, मैथमेटिक्स (स्टैटिक्स), बायोकेमेस्ट्री, माइक्रोबायोलॉजी, इन्वायरमेंटल साइंस, जियोग्राफी, बायोटेक्नोलॉजी, एमबीए, फाइनान्स एण्ड कंट्रोल, एग्री बिजनेस, हास्पिटिलिटी मैनेजमेंट, टूरिज्म मैनेजमेंट, एलएलएम, पीजी डिप्लोमा, फैशन डिजाइनिंग, आर्ट एजुकेशन, अवधी, इन्वायरमेंटल मॉनिटरिंग एण्ड सिमुलेशन, डिजिटल सिस्टम, डिजाइनिंग एण्ड इंस्ट्रूमेंटेशन, फ्रेंच, जर्मन, डाइटेटिक्स एण्ड न्यूट्रन, काउंसिलिंग एण्ड गाइडेंस, वीएलएसआई डिजाइन, वेदिक मैथमेटिक्स कोर्सों में प्रवेश के लिए आवेदन मांगे गए है। अन्य कोर्सेज में बीपीईएस, बीपीएड, एमपीएड, हेल्थ एण्ड फिटनेस मैनेजमेंट, स्टैज्थ एण्ड कंडिसनिंग, योगा एण्ड अल्टरनेटिव, बीटेक में सीएसई, आईटी, एमई, ईई, सीई व एमटेक इलेक्ट्रानिक्स कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग और एमसीए, एमएससी कम्प्यूटर साइंस, डीफार्मा, बीफार्मा तथा सर्टिफिकेट कोर्स में आर्ट एप्रिसिएशन, फरमेंटेशन टेक्नोलॉजी, स्वायल एण्ड वॉटर टेस्टिंग, प्रोफिसियेंसी इन इंग्लिश कम्यूनिकेशन सहित विश्वविद्यालय के संघटक महाविद्यालयों के बीए, बीबीए, बीसीए में प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू है।

दूसरी ओर विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित व्यावसायिक पाठ्यक्रमों एलएलबी (त्रि-वर्षीय एवं पंचवर्षीय पाठ्यक्रम), एमएड, बीपीएड एवं एमपीएड में प्रवेश के वास्ते उत्तर प्रदेश शासन द्वारा समय-समय पर निर्गत शासनादेश के अनुरूप महाविद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से ही मान्य होंगे। विश्वविद्यालय के परिसर से महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए अलग से कोई प्रवेश परीक्षा नही कराई जायेगी। मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर के समस्त पाठ्यक्रमों एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के सम्बन्ध में प्राचार्यों को प्रवेश आवेदन के सम्बन्ध में सूचित किया जा चुका है। यह सूचना विश्वविद्यालय की अधिकारिक वेबसाइट व कालेज लॉगिन पर अपलोड कर दी गई है।

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 10 को

रायबरेली। उप्रराज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार व जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली राजकुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में 10 मई को दीवानी न्यायालय, रायबरेली में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के सम्बन्ध में जिला सूचना अधिकारी के साथ बैठक आहूत की गयी। बैठक में अपर जिला जज द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार-प्रसार प्रिन्ट व इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से कराये जाने के सम्बन्ध में जिला सूचना अधिकारी अनुराग रंजन को दिशा-निर्देश दिये। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम शौर्य ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में व्यापक स्तर पर बैंक से सम्बन्धित प्री-लिटिगेशन मामले, बीमा से सम्बन्धित मामले, राजस्व से सम्बन्धित मामले व अन्य छोटे-मामलों का निस्तारण किया जाएगा।

153 शिकायतों में 39 का मौके पर निस्तारण

सुलतानपुर। तहसील सदर में शुक्रवार को डीएम कुमार हर्ष की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक, प्रशिक्षु आईएएस रिदम आनंद समेत कई जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिलेभर से कुल 153 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 39 का निस्तारण मौके पर ही अधिकारियों द्वारा किया गया। जिलाधिकारी ने शेष 114 प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कई मामलों में अधिकारियों को तत्काल घटनास्थल पर जाकर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी कुमार हर्ष ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप जन समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि हर शिकायतकर्ता को संतुष्ट करना प्राथमिकता होनी चाहिए। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि लंबित प्रकरणों की शीघ्रता से जांच कर निस्तारण कर, उसकी सूचना जिला प्रशासन को उपलब्ध कराएं। इसके अतिरिक्त जिले की अन्य सभी तहसीलों में भी समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जहां तहसील स्तरीय अधिकारियों द्वारा जन शिकायतों को सुना गया और निस्तारण की कार्यवाही की गई। समाधान दिवस के आयोजन से आमजन में प्रशासन के प्रति भरोसा और पारदर्शिता बढ़ी है।

वक्फ बोर्ड सुधार अधिनियम विकास के कदम में महत्वपूर्ण प्रयास : प्रभारी मंत्री

रायबरेली। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय अटल भवन त्रिपुला में वक्फ बोर्ड सुधार अधिनियम के अंतर्गत जन जागरण अभियान (नागरिक संवाद कार्यक्रम) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद के प्रभारी मंत्री राकेश सचान जी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी जनपद के अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी ने किया। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अशरफ फारूकी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कुरान में कहीं भी ऐसा नहीं लिखा है कि वक्फ के नाम पर गरीबों की जमीन को हथिया लिया जाए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री राकेश सचान ने कहा कि मुस्लिम वर्ग भारतीय जनता पार्टी के लिए एक वोट बैंक नहीं है बल्कि उनके विकास के लिए जो भी कदम उठाना है वह मोदी, योगी जरूर उठाएंगे। वक्फ बोर्ड सुधार अधिनियम विकास के कदम में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष बुद्धि लाल पासी ने मुस्लिम वर्ग की उपस्थित सैकड़ों महिलाओं, पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया कि वह इस कार्यक्रम में आकर प्रभारी मंत्री के साथ संवाद कर इस विषय पर जो आशंकाएं हैं उनका समाधान प्राप्त किया। कार्यक्रम में मंच पर सलोन के विधायक अशोक कोरी, पूर्व विधायक रामलाल अकेला, सुरेंद्र सिंह दाढ़ी, किरण सिंह, अशरफ फारूकी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, मोहम्मद शरीफ अल्पसंख्यक मोर्चा, वंदना कश्यप, आदि लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कार्यक्रम के संयोजक जन्मेजय सिंह, ब्लॉक प्रमुख दल बहादुर सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष विनोद कौशल, पूर्व प्रमुख सत्येंद्र सिंह, योग गुरु रवि प्रताप सिंह, डॉक्टर एस.एम सिंह, क्रिकेट खिलाड़ी मोहम्मद अयाज, देवेन्द्र सिंह, शिवेन्द्र सिंह, दिलीप द्विवेदी, विजय सिंह, विधु सिंह, सुधा अवस्थी, शिल्पी चावला, रवि दीक्षित, राजेंद्र निगम, अजय गुप्ता, मो पीर, अभिषेक वर्मा, सोनू सिंह विनोद बलेचा, पंकज मुरारका, अध्यक्ष नगर पंचायत डलमऊ बृजेश दत्त, वीरेन्द्र गौतम, तिलक सिंह, विवेक शुक्ला, पवन सिंह, सौरभ सिंह, अनुज मौर्य, आशुतोष पाण्डेय, रवि चैधरी, रामशंकर यादव, उमेश मिश्रा, मनोज अवस्थी, शीला सिंह, किरण भारती, रियाज अहमद जिला उपाध्यक्ष, प्राची सविता, मौलाना कलाम हाफिज, मौलाना आमिर, संदीप जैन मीडिया प्रभारी विनय शुक्ला सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

अतिक्रमण विरोधी अभियान से नाराज व्यापार मंडल ने सौंपा ज्ञापन

लालगंज, रायबरेली। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष विवेक शर्मा और जिला अध्यक्ष रोहित सोनी ने तहसील पहुँचकर उप जिला मजिस्ट्रेट को शुक्रवार को नगर पंचायत के द्वारा गलत तरीके से चलाए गए अतिक्रमण अभियान के बाबत ज्ञापन सौंपा है और व्यापारियों के नुकसान के बाबत जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा ने एसडीएम को बताया कि शुक्रवार को नगर पंचायत प्रशासन के द्वारा लालगंज नगर में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया और व्यापारियों ने जो दुकानों में धूप से बचने के लिए ऊपर छोटी-छोटी टीन डा रखी थी उसे तोड़ दिया गया है।

यह सारी कार्यवाही व्यापार मंडल को बिना विश्वास में लिए हुए की गई है। पूर्व में जब भी अतिक्रमण विरोधी अभियान चला है तो उसके पहले व्यापार मंडल के साथ अधिकारियों ने बैठक की और एक निश्चित योजना के तहत अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया लेकिन इस बार अधिशासी अधिकारी के द्वारा मनमानी तरीके से अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया है जिससे व्यापारियों में नाराजगी व्याप्त है। व्यापार मंडल अध्यक्ष ने एसडीएम से कहा कि बिना वार्ता के भविष्य में अतिक्रमण विरोधी अभियान न चलाया जाए अन्यथा व्यापार मंडल आंदोलन के लिए बाध्य होगा। एसडीएम ने व्यापार मंडल को आश्वस्त किया है कि आगे से विधि सम्मत ही कार्यवाही होगी। इस मौके पर प्रदेश मंत्री मृत्युंजय बाजपेई, नगर महामंत्री शिवम गुप्ता, पुष्कर गुप्ता, नीरज अग्रहरि विनय गुप्ता, अर्पित गुप्ता, शीलू त्रिवेदी, हंसराज आदि व्यापारी मौजूद रहे।

आधुनिकता की दौड़ में अपनी पहचान खोते जा रहे हम

अयोध्या लोक संस्कृति किसी क्षेत्र के लोगों के जीवन का एक अभिन्न अंग है, जो उनकी पहचान, विरासत, और सामुदायिक भावना का प्रतिनिधित्व करती है। आधुनिकता की इस दौड़ में आज हम अपनी जड़ों से दूर होते जा रहे हैं, जो हमारी पहचान है। हमें वापस लौटना ही होगा। यह बात श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के सदस्य डॉ अनिल मिश्र जी ने अपने उद्बोधन में कही। वे साकेत महाविद्यालय के वार्षिक सांस्कृतिक समारोह हृ्सांकेतोत्सव-2025हृ में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वन्दना एवं स्वागत गीत से हुई। प्राचार्य प्रो. दानपति तिवारी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि आज वह समय आ गया है जब हमें वेदों में उल्लिखित ऋचाओं से सीखना होगा। कार्यक्रम के संयोजक एवं सांस्कृतिक परिषद् के अध्यक्ष डॉ असीम त्रिपाठी ने कार्यक्रम की भावभूमि प्रस्तुत करते हुए लोक संस्कृति के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को पुनः अपनी लोक-संस्कृति से परिचय कराना होगा, जो हमारी पहचान है। उसके उपरान्त छात्र छात्राओं ने गणेश वन्दना, राजस्थानी नृत्य घूमर, पंजाबी गिद्धा, लावणी नृत्य, कजरी, गुजराती नृत्य,

होली नृत्य आदि प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि साकेत महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ सुरेन्द्र नाथ दुबे जी थे। उन्होंने महाविद्यालय में अपने कार्यकाल को याद करते हुए कार्यक्रम के आयोजकों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष श्री दीप कृष्ण वर्मा ने अपने मधुर गीतों से सभी दर्शकों का मन मोह लिया। उन्होंने प्राचार्य और सांस्कृतिक परिषद् के सदस्यों की मुक्त कण्ठ से सराहना की। प्रबन्ध समिति के अवैतनिक मन्त्री आनन्द कुमार सिंघल ने महाविद्यालय में ऐसे शिक्षणेतर गतिविधियों को बनाए रखने का आह्वान किया और छात्र-छात्राओं को इसमें सहभाग करने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने ऐसे कार्यक्रमों के सम्पन्न करने के लिए अपने सहयोग की प्रतिबद्धता को दोहराया। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक परिषद् के उप सचिव सुमधुर और उपाध्यक्ष डॉ नीता पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम के अंत में परिषद् की सचिव डॉ0 सुरभि पाल ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में साकेत महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रो. प्रदीप खरे, अंजलि खरे, हिन्दी विभाग की पूर्व प्रोफेसर डॉ शोभा सत्यदेव, डॉ0 उषा त्रिपाठी, मनूचा कालेज की प्राचार्या प्रो मंजूषा मिश्रा, प्रो मीनू दूबे, प्रताप नारायण शुक्ल, परिषद् के सभी सदस्य, महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रो. योगेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी, प्रो. प्रणय कुमार त्रिपाठी, प्रो. अभिषेक दत्त त्रिपाठी, प्रो. अमूल्य सिंह, प्रो. कविता सिंह, डॉ. जनमेजय तिवारी, मुख्य नियन्ता डॉ. बी.के. सिंह व डॉ अशोक कुमार मिश्र, छात्र कल्याण अधिकारी डॉ. सन्तोष कुमार व रवि कुमार चैरसिया, डॉ. कनक बिहारी पाठक आदि एवं कर्मचारी उपस्थित थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी प्रो. आशुतोष त्रिपाठी ने दी।

संक्षेप

ट्रैक्टर की चपेट में आने से पूर्व प्रधान की मौत

जौनपुर।सरपतहां थाना क्षेत्र के असैथापट्टी गांव के पास ट्रैक्टर की चपेट में आने से पूर्व महिला ग्राम प्रधान की मौत हो गई।घटना शनिवार सुबह की है जब थाना क्षेत्र के अतरडीहा गांव की पूर्व प्रधान सीतापति (50) पत्नी श्याम अवध अपने भतीजे के साथ अम्बेडकर नगर जनपद अन्तर्गत जलालपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव स्थित अपने मायके से घर आ रही थी।बताया जाता है कि उक्त स्थान पर सामने से ईंट लादकर आ रहे ट्रैक्टर से बाइक की टक्कर होने से वह नीचे गिर गई,जबकि बाइक चला रहा भतीजा नगेन्द्र सड़क के किनारे जा गिरा।ट्रैक्टर के नीचे आ जाने से पूर्व प्रधान सीतापति की घटनास्थल पर हीं दर्दनाक मौत हो गई जबकि भतीजा मामूली रूप से घायल हो गया।घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया।घटना की सूचना मिलते हीं परिवार में कोहराम मच गया।मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी।पूर्व प्रधान की मौत से गांव में शोक की लहर दौड़ पड़ी।पुलिस ने मृतका के पुत्र की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर शव को अन्त्यपरीक्षण हेतु भेज दिया।थानाध्यक्ष अमित सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर को कब्जे में लिया गया है,मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

स्ट्रीट लाइट का विद्युत पोल टूटकर गिरा

सीतापुर।महमूदाबाद नगर पालिका परिषद के वार्ड ठठेरी बाजार में शनिवार की दोपहर स्ट्रीट लाइट का विद्युत पोल टूटकर गिर गया। इस दौरान कोई जनहानि नहीं हुई।विद्युत पोल बगल में खड़ी कार के पिछले हिस्से से टकरा गया जिससे कार का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। अचानक विद्युत पोल गिरने से व्यापारी डर गए।मौके पर मौजूद लोगों ने नगर पालिका को इसकी सूचना दी।

सुरेश अवस्थी बने महंत

सीतापुर। हरगांव के सधुवापुर में स्थित शिव-शक्ति धाम आश्रम पर महंत की उपाधि से श्रीचैरासी कोसीय परिक्रमा समिति की तरफ से कथावाचक सुरेश चंद्र अवस्थी का पट्टाभिषेक कर नियुक्त किया गया। सधुवापुर निवासी कथावाचक पं. सुरेश चंद्र अवस्थी को गत दिनों नैमिषारण्य में श्री चैरासी कोसीय परिक्रमा समिति के साधु-संत मंडल ने शिव-शक्ति धाम आश्रम सधुवापुर के महंत पद पर पट्टाभिषेक कर महंत सुरेशदास को उपाधि दी गई थी।महंत पद पर प्रतिष्ठित होने के बाद से अभी तक नैमिषारण्य स्थिति आश्रम में रहकर पूजापाठ कर अनुष्ठान में रत थे। आज शनिवार तीन मई को महंत पद से विभूषित होने के बाद अपने गृह सधुवापुर स्थित शिवशक्ति धाम आश्रम पर आने पर नैमिषारण्य के श्री चैरासी कोसीय परिक्रमा समिति के साधु मंडल के अध्यक्ष महंत नारायणदास पहला आश्रम, महामंत्री महंत संतोष दास खाकी, सचेतक प्रस्तावक बजरंगी विमल मिश्र, महंत प्रीतम दास सहित साधु-संत वेदपाठी वटुकों के साथ मंत्रोच्चार के साथ महंत सुरेशदास को आश्रम के दर्शन, पूजन कराकर उन्हें आश्रम का पूर्णकालिक दायित्व प्रदान किया गया। इससे पूर्व सुरेश चंद्र अवस्थी भक्तों समेत हरगांव सूर्यकुंड तीर्थ स्थल पर पहुंचकर गोरीशकर मदिर में पूजा अर्चना की व बस्ती मार्ग होकर सीतापुर के लिए प्रस्थान कर गये। भंडारे का भी आयोजन आश्रम पर किया गया। इस अवसर पर सुरेश चंद्र अवस्थी के अनुयायी सहित क्षेत्रीय लोग उपस्थित थे।

देरी से पहुंच रहे सरकारी शिक्षक विभाग अनजान

उन्नाव। इन दिनों शिक्षा विभाग के अधिकारियों की सुस्ती के चलते शिक्षक विलंब से स्कूल पहुंच रहे है। देरी से स्कूल पहुंचने के चलते शिक्षा व्यवस्था भी खराब हो रही है। सरकार भले ही बच्चों की पढ़ाई के लिए लगातार विकास परख योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है। लेकिन अधिकारी सुधरने का नाम नहीं ले रहे है। इसके अलावा लोगों में यह भी चर्चा बनी है कि स्कूल में बनने वाला मिडडे मील की गुणवत्ता भी कुछ जगह इतनी खराब है कि भोजन तक नहीं बन रहा है। फतेहपुर चौरासी ब्लॉक क्षेत्र के ग्रामीणों में राकेश कुमार, रमेश प्रसाद, अंकुश आदि ने बताया कि यहां के अधिकांश स्कूल का माहौल शिक्षा के अनुसार नहीं लगता है। अध्यापक मनमाने ढंग से स्कूल आते रहते है। इतना ही नही स्कूल में शिक्षकों के आने और जाने का कोई निधारित समय नही है। लोगो ने यह भी बताया कि स्थानीय अधिकारी की सुस्ती के चलते शिक्षा व्यवस्था लगातार बेपटरी होती जा रही है। शिक्षा गुणवत्ता की अगर निष्पक्ष जांच हो जाए तो तश्वीर खुद ब खुद सामने होगी।

कमजोर व वंचित वर्ग की समस्याओं को प्राथमिकता पर लिया जाये

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। जनपद की मिश्रित तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने मौके पर पहुंचकर नागरिकों की शिकायतों को गम्भीरता से सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्याओं का निस्तारण न्यायसंगत, समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से राजस्व विभाग को सचेत करते हुए कहा कि गरीब, कमजोर एवं वंचित वर्ग की समस्याओं को प्राथमिकता पर लिया जाए तथा किसी भी प्रकार की शिथिलता या उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

मिश्रिख विधायक थानाध्यक्ष रामकोट व संदना पर भड़के

विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि मेरी सिफारिश की जांच करा ली जाए यदि गलत पाया जाए तो इस्तीफा दे दूंगा। विधायक ने कहा कि पुलिस मुकदमा लिखने से लेकर विवेचना करना तक में खेल करती है। वसूली के चलते अपराधियों को देते हैं संरक्षण, या तो विवेचना के दौरान धाराएं हटा दी जाती है या फिर मुकदमा लिखने के दौरान तहरीर बदलवा दी जाती है। विधायक ने कहा कि मिश्रित, संदना, मछरेहटा, रामकोट के निरीक्षक पुलिस अधीक्षक एवं जिलाधिकारी को गुमराह करते है।

डीएम का महिलाओं की सुरक्षा पर सख्त रुख पुलिस को दी चेतावनी

हाल ही में आयोजित मिश्रित होली मेले में महिलाओं से छिनैती एवं चेन स्नैचिंग जैसी घटनाएं घटित हुईं। जिन पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने पुलिस विभाग को सख्त चेतावनी दी कि यदि कार्यशैली में शीघ्र सुधार नहीं हुआ तो ऐसी अनुकरणीय कार्रवाई की जाएगी जो भविष्य के लिए नजीर बनेगी। क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी और लूट की घटनाओं पर जिलाधिकारी ने अपराध निरीक्षक से

जवाब तलब किया। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी घटनाओं के खुलासे के लिए अपर पुलिस अधीक्षक और पुलिस अधीक्षक को स्वयं क्षेत्र में उतरना पड़ रहा है जो स्थानीय पुलिस तंत्र की अक्षमता को दशार्ता है।

भ्रष्टाचार के मिश्रित थाने पर गंभीर आरोप

थाना मिश्रित की कार्यप्रणाली पर कई गंभीर आरोप सामने आए हैं। प्राप्त शिकायतों के अनुसार, एक प्रसिद्ध दलाल की थाने में गहरी सांठगांठ है। बताया गया कि पुलिसकर्मियों द्वारा तहसील से जमानत, जेल से रिहाई, जुए में संरक्षण एवं अवैध पेड़ कटान जैसे मामलों में कथित रेट लिस्ट बनाकर आर्थिक लेन-देन किया जा रहा है। यह भी आरोप है कि नाबालिग या लापता लड़कियों से संबंधित मामलों में बिना पिंक सेंटर भेजे ही समझौते कर लिए जाते हैं और पीड़ित पक्ष से अवैध धन की वसूली की जाती है।

पूर्व विरोध के बावजूद दलाल को मिला संरक्षण

क्षेत्रीय महिलाओं द्वारा पूर्व में उक्त दलाल का सार्वजनिक विरोध किया गया था, लेकिन इसके बावजूद उसे थाना परिसर में शरण दी गई। चिंताजनक यह है कि वर्तमान में भी उसकी पकड़ थाने में पूर्ववत बनी हुई है।

पुलिस थानों में भ्रष्टाचार और साठगांठ के आरोप

थाना मिश्रित की कार्यप्रणाली पर नागरिकों द्वारा अनेक शिकायतें दर्ज कराई गईं। आरोप हैं कि कुछ दलाल किस्म के लोग पुलिस थानों में अवैध गतिविधियों में संलिप्त हैं तथा पुलिस के कुछ कर्मियों से उनकी मिलीभगत है। शिकायतों में जमानत, जेल से रिहाई, अवैध कटान, जुए की गतिविधियों एवं नाबालिकों के मामलों में मनमाने समझौते किए जाने जैसे आरोप शामिल हैं। यह भी कहा गया कि थानों में कथित तौर पर रेट लिस्ट के माध्यम से वसूली की जाती है। एक शिकायतकर्ता ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना-पत्र दिया, जिसमें कुछ दबंगो ने उसे मारा पीटा, किंतु मिश्रित थाने में पैसे लेकर मुख्य आरोपी पर मुकदमा न लिखकर उनका नाम हटा दिया। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने थानाध्यक्ष मिश्रित को तलब कर कहा कि यहां फ्रॉड नहीं चलेगा। सभी आरोपियों पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। एक महिला शिकायतकर्ता द्वारा छेड़छाड़ से संबंधित शिकायत थाने में की गई किंतु कोई कार्यवाही नहीं कि गई उल्टे विपक्षी द्वारा मारपीट की गई। एक शिकायत ऐसी भी रही जिलाधिकारी के समक्ष जिसमें शिकायतकर्ता द्वारा आरोप लगया गया कि उसके खेत से दबंगों ने पेड़ काट लिया है। जिसकी शिकायत थाने पर की गई किंतु कोई कार्यवाही नही हुई। जिलाधिकारी ने निरीक्षक को निर्देश देते हुए कहा कि जांचकर मुकदमा पंजीकृत किया जाए।

नवागत एसपी अंकुर अग्रवाल की सख्ती भी बेअसर

हाल ही में नियुक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा सख्त निर्देशों और चेतावनियों के बावजूद मिश्रित थाना क्षेत्र की कार्यशैली में कोई ठोस सुधार देखने को नहीं मिला है। यह संकेत करता है कि थाने स्तर पर कुछ पुलिसकर्मी अब भी पुराने भ्रष्ट तंत्र को संरक्षित करने में लगे हुए हैं। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने निर्देश दिये कि पूर्व में हुए समाधान दिवस में आये शिकायती प्रार्थना-पत्रों में से सभी विभाग पांच-पांच शिकायत निस्तारण के संबंध में शिकायतकताओं से प्रति पुष्टि अवश्य करें। तहसील मिश्रिख में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 56 शिकायतों में से 06 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील लहरपुर में प्राप्त 42 प्रार्थना पत्रों में से 03, तहसील सिधौली में प्राप्त 56 प्रार्थना पत्रों में से 07, तहसील महोली में प्राप्त 38 प्रार्थना पत्रों में से 04, तहसील महमूदाबाद में प्राप्त 43 प्रार्थना पत्रों में से 07, तहसील बिसवां में प्राप्त 83 प्रार्थना पत्रों में से 07, तहसील सदर में प्राप्त 26 प्रार्थना-पत्रों में से 06 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी मिश्रिख शैलेन्द्र मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार, जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों को तेजी से निस्तारित किया जायेः शशांक त्रिवेदी

- विधायक व एसडीएम ने सुनी फरियादियों की समस्याएं जन चौपाल लगाकर समस्याओं का हो निस्तारण

जिला संवाददाता(vol)

महोली/सीतापुर। जनता की शिकायत एवं समस्याओं को गुणवत्तापूर्ण निस्तारित करने के लिए शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया।

तहसील महोली में विधायक शशांक त्रिवेदी की अध्यक्षता में समाधान दिवस संपन्न हुआ। समाधान दिवस में कुल 38 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें चार शिकायतों का निस्तारण किया गया वहीं राजस्व 33, पुलिस दो, विकास दो ,अन्य की एक शिकायत प्राप्त हुई। विधायक शशांक त्रिवेदी ने कहा कि जनता की शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण सुनिश्चित करने के लिए निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों को तेजी से निस्तारित किया जाए। किसी भी फरियादी को जिला व लखनऊ की दौड़ न लगानी पड़े। समस्या का निस्तारण तहसील स्तर से होना सुनिश्चित किया जाए।उप जिलाधिकारी शशी बिंद द्विवेदी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जन चैपाल लगाकर अधिकारी व कर्मचारी समस्या का समाधान करें। सरकार द्वारा जो योजनाएं चलाई जा रही हैं उनका लाभ पात्र व्यक्ति को अवश्य दिया जाए। किसी भी फरियादी को बार-बार दौड़ न लगानी पड़े इसके लिए आई हुई शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया जाए। इसके बाद विधायक ने खलिहान दुर्घटना कृषक योजना के अंतर्गत कृषि उत्पादन मंडी समिति द्वारा चंद्रपाल पुत्र रेवती गरगढा मजरा गोरिया को 8400 रुपए की चेक वहीं उषा देवी पत्नी हरिकृष्ण मुरारी महमदापुर को 4800 रुपए की चेक प्रदान करी। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी विशाल गुप्ता, तहसीलदार तपस्या यादव, बीडीओ महोली प्रशांत शुक्ला, प्रमुख महोली जगदीश प्रसाद, प्रमुख पिसावा मिथिलेश यादव, मंडी सचिव देवेंद्र प्रताप सिंह सहित राजस्व निरीक्षक लेखपाल व संबंधित विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

एसडीएम की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

लहरपुर/सीतापुर। स्थानीय तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी आकांक्षा गौतम की अध्यक्षता में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का किया गया आयोजन। संपूर्ण समाधान दिवस में 42शिकायतकताओं ने अपनी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु शिकायती प्रार्थना पत्र दिए जिसमें से मात्र 0 3 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया प्राप्त शिकायतों में 23 राजस्व, 9पुलिस ,2 विकास, 3 आपूर्ति, 1चकबंदी, 3विद्युत ,1बैंक की प्राप्त हुई, इसमें तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया शेष 39 शिकायतों को संबंधित विभागों को पूरी पारदर्शिता के साथ निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया गया। इस मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकार सुशील कुमार,खंड विकास अधिकारी अरुण कुमार वर्मा बेहटा ,नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी अनिरुद्ध पटेल, सहायक विकास अधिकारी पंचायत जय प्रकाश वर्मा, शिव प्रताप यादव और अभियंता सिंचाई, सतीश चंद्र अवर अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण, डॉ भारतेंदु वर्मा पशुधन प्रसाद अधिकारी,सहायक विकास अधिकारी कृषि राजकुमार वर्मा, सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण ओमेंद्र वर्मा, वन दरोगा राजकुमार सहित तहसील स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

ड्रेन की सफाई के नाम 35 लाख रुपये फर्जी तरीके से निकाले जाने का लगाया आरोप

सीतापुर। ड्रेन की सफाई के नाम 35 लाख रुपए फर्जी तरीके से निकाले जाने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजा ह महमूदाबाद के चतुराबेहड़ के प्रवीण यादव, कामता, हरद्वारी, रमेशचंद्र सहित अन्य ने आरोप लगाया है। कि सिंचाई खंड सीतापुर के चतुर्थ उपखंड की चार किमी लंबी इमलिया तिलकापुर ड्रेन, छह किमी लंबी रमद्वारी ड्रेन, 12 किमी लंबी नरापुर ड्रेन, पांच किमी लंबी नूरपुर ड्रेन, 12 किमी लंबी पैंतेपुर ड्रेन, पांच किमी लंबी महमूदाबाद ड्रेन समेत छह ड्रेनों में सफाई के नाम पर जेई वीरेंद्र विक्रम, विजय वर्मा, शशांक वर्मा व ठेकेदार राजकुमार, आशीष सिंह आदि ने आपस में सांठ-गांठ करके करीब 35 लाख रुपए गलत तरीके से गबन कर लिए हैं। आरोप है कि ड्रेनों की सफाई का कार्य 10 प्रतिशत भी नहीं हुआ है। आरोप है कि शारदा नहर के किलोमीटर 97 से 100 तक नहर के दोनों ओर सीपेज ड्रेन में फावड़ा तक नहीं लगाया गया है। इस कार्य के लिए जेई विजय वर्मा ने ठेकेदार आलोक वर्मा द्वारा फर्जी बिल लगाकर दो लाख रुपए का भुगतान कराया गया है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री, जलशक्ति मंत्री को शिकायतीपत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है।

पीड़िता के पिता की शिकायत पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

सीतापुर। बिसवां कोतवाली इलाके में एक नाबालिग लड़की के अपहरण का मामला सामने आया है। कोतवाली बिसवां क्षेत्र में शनिवार को पीड़िता के पिता की शिकायत पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना उस समय हुई जब लड़की शौच के लिए घर से बाहर गई थी। आरोप है कि कुछ लोगों ने लड़की को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गये। जब लड़की लंबे समय तक घर नहीं लौटी, तो परिवार ने उसकी तलाश शुरू की। पता चला कि सुनील और उसके साथियों ने लड़की का अपहरण कर लिया है। इतना ही नहीं, शनिवार पीड़ित ने बताया कि सुबह सुनील, राजकुमार, अजय प्रकाश (विद्याप्रसाद के पुत्र) और एक अज्ञात व्यक्ति उसके घर पहुंचे। उन्होंने परिवार के साथ गाली-गलौज की। आरोपियों ने पूरे परिवार और अपहृत लड़की को जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने सुनील, राजकुमार, अजय प्रकाश और एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जांच जारी है।

समाधान दिवस संपन्न, 102 मामलों में 8 का निस्तारण

पुरवा, उन्नाव। माह मई का पहला सम्पूर्ण समाधान दिवस उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ जिसमें एक सैकड़ा से अधिक फरियादियों ने प्रार्थना पत्र दिए। डीएम के न आ पाने से फरियादियों में निराशा रही। शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी के आने की पूर्व सूचना के कारण फरियादियों की संख्या में बाढ़ सी आ गई। लेकिन जनपद में कमिश्नर के आगमन के कारण डीएम के न आने पर एसडीएम उदित नारायण सेंगर की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील सभागार में सम्पन्न हुआ। कुल 102 पंजीकृत फरियादियों ने अपनी समस्या के निस्तारण के लिए उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिया। आज राजस्व के 8 मामलों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। कुल प्रकरणों में राजस्व के 59, पुलिस के 27, विकास 4, विद्युत के 4 व शेष अन्य विभागों के प्रकरण मिले। इस मौके पर एसडीएम न्यायिक, तहसीलदार रामशंकर, खण्ड विकास अधिकारी संतोष श्रीवास्तव, प्रभारी निरीक्षक पुरवा अमरनाथ सिंह समेत राजस्व, पुलिस विभाग तथा नगर पंचायत मौरावां व पुरवा के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। आपको बता दें कि राजस्व के अधिकांश प्रकरणों में एसडीएम उदित नारायण सेंगर ने शीघ्र निराकरण हेतु मातहतों को निर्देशित किया।

95 शिकायतों में महज 6 निपटीं

पाटन, उन्नाव। बीघापुर तहसील मुख्यालय स्थित पाटन सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा ने की। इस अवसर पर विभिन्न विभागों से जुड़ी कुल 95 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें सर्वाधिक 45 मामले राजस्व विभाग से संबंधित रहे।इसके अलावा पुलिस विभाग से 23, विकास विभाग से 5, समाज कल्याण विभाग से 2 व अन्य विभागों से 20 शिकायती पत्र प्राप्त हुए। जिसमे अधिकारियों ने मौके पर छह मामलों का मौके पर निस्तारण किया। मुख्य विकास अधिकारी ने पूर्व में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों की प्रगति की समीक्षा की। इसके पश्चात उन्होंने प्रत्येक फरियादी की समस्या को गंभीरता से सुना और कुछ मामलों में पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम गठित कर कार्रवाई के निर्देश दिए।इस मौके पर उपजिलाधिकारी रणवीर सिंह, तहसीलदार मनीष द्विवेदी, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

रानीपुर मन्दिर का जीर्णोद्धार पूर्ण भाजपा नेता ने कराया जीणोर्धार

उन्नाव। गत वर्ष अक्टूबर माह में रानीपुर गांव राष्ट्रीय मीडिया की सुर्खियों में आया था, क्योंकि मुस्लिम पक्ष इस मंदिर के जीर्णोद्धार न होने पर अड़ा हुआ था, तब नर सेवा नारायण सेवा समिति के संस्थापक व प्रखर हिंदूवादी भाजपा नेता विमल द्विवेदी ने जीर्णोद्धार की कमान अपने हाथ मे ली थी। जिला प्रशासन ने भी मामले की संवेदनशीलता को समझते हुए हस्तक्षेप कर मामला शांत कराया था।

इस अवसर पर रानीपुर गांव की निवासी शिव देवी चौहान ने पूजन व भंडारे में मुख्य यजमान की भूमिका निभाई, जिनके नेतृत्व में रानीपुर के भक्तों ने आवाज उठाई थी व शिवभक्तों ने इस अवसर पर बक्सर घाट तक शिव शोभा यात्रा भी निकाली। भाजपा नेता विमल

द्विवेदी ने कहा रानीपुर प्रकरण हिन्दू स्वाभिमान पर सीधा हमला था, आजाद भारत मे रहकर हिन्दू अगर अपने मन्दिरो का जीर्णोद्धार नही करा सकते तो ये असहनीय हैं और हिन्दू समाज ऐसी किसी घटना को अब बर्दाश्त नही करेगा। इस अवसर पर हिन्दू जागरण मंच के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, कमलेश सिंह, ग्राम प्रधान महानंद वर्मा, उदल फौजी प्रधान रुझाई, जितेंद्र सिंह, केतन अवस्थी, राकेश राजपूत, अभिषेक तिवारी, विनोद कुमार, अजय द्विवेदी, धर्मेंद्र शुक्ला, अभि तिवारी आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

संपूर्ण समाधान दिवस में सभी तहसीलों में कुल 82 शिकायतों का निस्तारण

बाराबंकी। तहसील रामनगर मे जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी के समक्ष राजस्व विभाग से 57, पुलिस विभाग से 20, विकास विभाग से 11 सहित कुल 102 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुये। मौके पर 20 प्रकरणो का निस्तारण करवाया गया। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं से सहजता से बात कर और स्थलीय निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण व ससमय समस्याओं का निस्तारण किये जाने को लेकर सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने ने 10 लाभार्थियों को मत्स्य पालन के लिये आवंटित पट्टे का प्रमाण पत्र, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत विकासखंड सूरतगंज के 7 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र और 5 को चाभी भेंट एंव रामनगर ब्लॉक के 10 लाभर्थियों को स्वीकृति पत्र और 5 को चाभी भेंट की। सभी तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अन्तर्गत विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 410 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से मौके पर 82 शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, एसडीएम रामनगर पवन कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी अवधेश कुमार यादव, परियोजना निदेशक डीआरडीए मनीष कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पांडेय सहित अधिकारी मौजूद रहे।

दीनदयाल के न्यायविद् प्रपौत्र और संजयभाई जोशी मिले

'न्यायिक-भाषायी स्वतंत्रता' के अपने देशव्यापी-अभियान 'हिन्दी से न्याय' के लिए चन्द्रशेखर पण्डित भुवनेश्वर दयाल उपाध्याय ने मांगा समर्थन

विशेष संवाददाता

लखनऊ। भारतीय-जनसंघ के शलाका पुरुष पण्डित दीनदयाल उपाध्याय के प्रपौत्र एवं प्रख्यात न्यायविद् चन्द्रशेखर पण्डित भुवनेश्वर दयाल उपाध्याय ने दिल्ली में 'न्यायिक भाषायी स्वतंत्रता' हेतु चलाये जा रहे अपने देशव्यापी-अभियान 'हिन्दी से न्याय' के लिए भाजपा के शीर्ष नेता रहे संजयभाई जोशी से समर्थन मांगा।

बताते चलें हिन्दी माध्यम से एल-एल.एम. उत्तीर्ण करने वाले प्रथम भारतीय छात्र चन्द्रशेखर देश की सुप्रीमकोर्ट एवं पच्चीस-हाईकोर्ट्स में हिन्दी एवं अन्य भारतीय भाषाओं (संविधान की अष्टम अनुसूची में उल्लिखित 22 भाषाएं जिनकी लिपि उपलब्ध है) में सम्पूर्ण वाद-कार्यवाही सम्पादित कराये जाने एवं निर्णय भी पारित किये जाने हेतु पिछले लगभग तीन-दशक से भी अधिक समय से चलाये जा रहे 'हिन्दी से न्याय' इस देशव्यापी-अभियान के नेतृत्व-पुरुष हैं संविधान के अनुच्छेद 348 में संशोधन करने की अपनी लगभग तीन-दशक

पुरानी मांग को लेकर चन्द्रशेखर सभी राजनीतिक-दलों के शीर्ष-लोगों से मिलकर राष्ट्रीय- समर्थन जुटा रहे हैं।

बताते चलें कि देश की सुप्रीमकोर्टएवं पच्चीस उच्च न्यायालयों में हिन्दी एवं अन्य भारतीय भाषाओं (संविधान की अष्टम अनुसूची में उल्लिखित 22 भाषाएं,जिनकी लिपि उपलब्ध है) में समस्त कामकाज प्रारम्भ कराये जाने एवं निर्णय भी पारित किये जाने हेतु हिन्दी माध्यम से एल-एल.एम. उत्तीर्ण करने वाले प्रथम भारतीय छात्र एवं न्यायिक क्षेत्र के प्रतिष्ठित पुरस्कार 'न्याय-मित्र'(जिसे वह चार वर्ष पहले लौटा चुके हैं) से पुरस्कृत न्यायाधीश प्रख्यात न्यायविद् चन्द्रशेखर पण्डित भुवनेश्वर दयाल उपाध्याय के कुशल नेतृत्व में 'हिन्दी से न्याय' यह देशव्यापी अभियान निरन्तर द्रुत-गति पकड़ रहा है।सारे देश का भरपूर प्यार एवं समर्थन अभियान को मिल रहा है। अभियान के सम्पूर्ण संगठनात्मक ढांचे के गठन के पश्चात रचनात्मक गतिविधियों के क्रम में पूरे देश-भर में पिछले लगभग ढाई दशक से हस्ताक्षर-अभियान चलाया जा रहा है, अभियान की 31 प्रान्तों की टीमें इस हेतु द्वार-द्वार गयी हैं ।समाज के शीर्ष से लेकर अन्तिम व्यक्ति तक अभियान की टीमों ने देश-भर में संवाद किया है ।'एक-परिवार से एक ही हस्ताक्षर ' यह अभियान का संकल्प था, जो अभियान का 'नारा' बन गया ।अब तक देश ही नहीं परन्तु विदेशों से भी लगभग पौने दो करोड़ से अधिक हस्ताक्षर अभियान की टीमों को प्राप्त हुए हैं,एक परिवार में अमूमन चार या पांच सदस्य होते हैं तो इस संख्या को चार-गुना किया जाय तो लगभग छह करोड़ से अधिक भारतवंशियों से अभियान की टीमों ने प्रत्यक्ष संवाद किया है। हस्ताक्षर-अभियान के शुभारम्भ में प्रत्येक भारतवंशी से आग्रह किया गया था कि वह मुहिम के समर्थन में कम से कम दस सहयोगियों-मित्रों-परिजनों के बीच विषय को 'छेड़े' और 'छोड़े'। इस प्रकार देश के लगभग साठ-करोड़ लोग आज अभियान के साथ हैं। अवगत होना चाहें कि शीर्ष-अदालतों में हिन्दी एवं अन्य भारतीय भाषाओं की प्रतिष्ठा हेतु संविधान के अनुच्छेद 348 में संशोधन किया जाना है। विषय 16वीं तथा 17वीं लोकसभा में संसद के पटल पर आ चुका है, केन्द्र सरकार को इसमें संशोधन करना है, उससे पहले की स्थिति अभियान के नेतृत्व-पुरुष चन्द्रशेखर ने उत्तराखण्ड में लागू करा दी है।

संक्षेप

दुष्कर्म मामले में वांछित गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना नारखी पुलिस टीम ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया । शनिवार को थाना नारखी पुलिस टीम ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में वांछित अभियुक्त राज पुत्र गणेश यादव निवासी ग्राम उलाऊ खेडा थाना टूण्डला जिला फिरोजाबाद को पचवान चौराहा जलेसर रोड थाना क्षेत्र नारखी जनपद फिरोजाबाद से गिरफ्तार किया ।पुलिस ने गिरफ्तारी के आधार पर विधिक कार्यवाही की है।

बलदेव में गर्मी रुला रही बिजली

मथुरा। बलदेव कस्बा में कोल्हू वाली पोखर ट्रांसफार्मर से होने वाली बिजली सप्लाई सुबह से शाम तक बंद रही।बिजली सप्लाई बंद रहने से इस क्षेत्र मैं रहने वाले बाशिंदों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।लोग पानी तक के लिए तरस गए।स्थानीय मन्नू पुजारी ने बताया कि आए दिन कई कई घंटे तक बिजली सप्लाई को बाधित कर दिया जाता है।बिजली घर फोन मिलाने पर फोन तक नहीं उठते।फोन रिसीव हो जाए तो संतोष जनक जवाब तक नहीं मिलता।

हादसे में टैंपो सवार 4 लोगों की मौत

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जताया शोक

जिला संवाददाता (vol)

मथुरा। थाना जैंत क्षेत्र अंतर्गत रामताल नगला की रोप पर स्थित कृष्णा कुटीर के पास शनिवार दोपहर भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं एक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा इतना भयानक था कि घटनास्थल पर लाशें बिखर गईं और चारों तरफ चीख-पुकार मच गई।मरने वालों में तीन तीर्थयात्री हैं, जबकि चैथा टैम्पो चालक है। अभी शिनाख्त के लिये प्रशासन और पुलिस पता लगाने में जुटी है कि ये तीर्थयात्री मथुरा में कहां रह रहे थे? सभी तीर्थयात्री कृष्ण जन्मस्थान से टैम्पो बुक कर वृन्दावन दर्शन करने के लिये जा रहे थे तभी यह हादसा हुआ। इस दुखद हादसे का मुख्यमंत्री योगी ने संज्ञान लेते हुए मथुरा के अधिकारियों को निर्देश दिए और शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

थाना जैत क्षेत्र के छटीकरा देवी-आटस मार्ग पर कृष्णा कुटीर के पास शनिवार दोपहर तेज रफ्तार थार गाड़ी यूपी 85 सीई 0202 और सवारी टेंपो यूपी 85 एटी 2864 की आमने-सामने टक्कर हो गई।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टेंपो संख्या यूपी 85 एटी 2864 के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार लोग सड़क पर गिर पड़े। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर संख्या आरजे 11 जीबी 6429 ने सड़क पर गिरे घायलों को बेरहमी से कुचल दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसे के बाद घटनास्थल पर दहशत और मातम का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, जबकि घायल को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करायी पुलिस का कहना है कि मृतकों की पहचान कराई जा रही है और डंपर चालक की तलाश जारी है।मृतकों में से सिर्फ टैम्पो चालक साबिर (22) पुत्र शहीद निवासी जयसिंहपुरा खादर की पहचान हो सकी है। अन्य तीनों की पहचान में पुलिस-प्रशासन जुटा हुआ है।वहीं गंभीर रूप से घायल तीर्थयात्री को उपचार के लिये प्राईवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके होश में आने पर अन्य मृतकों की पहचान हो सकेगी।

मुख्यमंत्री ने जताया शोक, अधिकारियों को दिए निर्देश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने जनपद मथुरा में हुए सड़क हादसे का संज्ञान लिया। मुख्यमंत्री जी ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है।

टूट गया परिवार का अकेला सहारा

टैम्पो चालक साबिर अपने घर का इकलौता कमाऊ था। माता पिता और अविवाहित बहिन के जीवनयापन का भार उस पर था पूर्व में यह लोग मछली मंडी भरतपुरगेट क्षेत्र में रहते थे। हाल में ही इन्होंने जयसिंहपुरा में मकान बनवाया था। साबिर के हादसे में मरने के बाद परिवार का सहारा टूट गया है।

बुरी तरह पिचक गया टैम्पो

हादसा कितना भयंकर था इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि डंपर की टक्कर के चार टैम्पो पूरी तरह पिचक गया। टक्कर इतनी तेज थी कि करीब 100 मीटर तक थार और टैम्पों के पार्ट्स बिखर गए।हादसे के बाद रोड पर मृतकों की चप्पलें और सामान बिखरे पड़े रहे।

मृतकों व घायलों की डीएम ने ली जानकारी

मथुरा। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने मथुरा के पोस्ट मार्टम हाउस मोर्चरी का निरीक्षण किया। उन्होंने वृन्दावन में हुए सड़क दुर्घटना में मृतकों तथा घायलों की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सदर निशा ग्रेवाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अजय कुमार वर्मा तथा तहसीलदार सदर सौरभ यादव को निर्देश दिए कि 4 मृतकों में से 3 अज्ञात मृतकों की पहचान हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाए तथा उनके परिजनों से संपर्क किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि मृतकों के परिजनों को किसी भी प्रकार की असुविधा / परेशानी का सामना न करना पड़े। प्रशासन सभी प्रकार की मदद हेतु परिवारों/परिजनों के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि 1 घायल व्यक्ति का इलाज सिटी अस्पताल मथुरा में चल रहा है, जिसके लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए है।

रामताल वृन्दावन रोड पर एक थार गाड़ी यूपी 85 सीई 0202 द्वारा ऑटो सं. यूपी 85 एटी 2864 में टक्कर मारी गयी जिससे टैम्पो दुर्घटनाग्रस्त हो गया और सामने से आ रहे ट्रैलर सं. आरजे 11 जीबी 6429 द्वारा आटो सवार व्यक्ति ?ों को कुचल दिया गया। जिनमें चार व्यक्तियों की मौके पर ही मृत्यु हो गयी व एक व्यक्ति गम्भीर रुप से घायल हो गया।

सहयोगी ग्रुप ऑफ कॉलेज में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित

जैदपुर, बाराबंकी। सहयोगी ग्रुप ऑफ कॉलेज खुशहालपुर में शिक्षक सम्मान समारोह का शुभारम्भ महाविद्यालय प्रबन्धक इं0 अरुण कुमार वर्मा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह मे प्रबन्धक श्री वर्मा ने कहा कि शिक्षक की कड़ी मेहनत के साथ यह सोच रहती है कि उसके पास पढ़ने वाला हर छात्र कुछ अच्छा बन सफलता की ऊंचाई तक पहुंचे। जिसके लिए क्लास में एक जैसी शिक्षा सभी बच्चों को दी जाती है। लेकिन उसमें से जो बच्चे मेहनत और पूरी लगन से पढ़ते हैं वह कुछ बनकर नाम रोशन करते है। समारोह मे प्रबन्धक ने 50 शिक्षक-शिक्षकाओं को उपहार, अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर राकेश कुमार वर्मा, अर्चना पांडेय, डॉ नन्हेंलाल, लालचंद वर्मा, प्रवक्ता डॉ0 प्रज्ञा सिंह, प्राचार्य डॉ0 दारा सिंह, विनोद कुमार गौतम, चंद्रकांत वर्मा, अनीता वर्मा, गीता, प्रतिभा, राजेश कुमार, अनुज कुमार वर्मा, धमार्नेद्र यादव, प्रधानाचार्य शमशेर सिंह वर्मा मौजूद रहे।

आरटीओ अयोध्या, एआरटीओ, पीटीओ की संयुक्त टीम ने चलाया अभियान

बाराबंकी। ओवरलोड, फिटनेस समेत निजी वाहनो का कमर्शियल प्रयोग करने वाले वाहनों के खिलाफ सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन अयोध्या विश्वजीत सिंह के नेतृत्व में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला, यात्री/मालकर अधिकारी रविचन्द्र त्यागी की टीम ने संघन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान टीम ने ओवरलोड वाहनो के विरुद्ध कार्यवाही करते हुये 2 दर्जनो वाहनो को चेक किया। तथा 1 ओवरलोड़ समेत 3 निजी वाहन का कमर्शियल प्रयोग मिलने पर थाना मोहम्मदपुर चैकी मे सीज किया। तो वही अन्य अभियोगो मे 25 चालान करते हुये जुमार्ना वसूला गया। अभियान के दौरान आरटीओ प्रवर्तन अयोध्या श्री सिंह ने चालको को नियमों का पालन करने तथा समस्त प्रपत्र दुरस्त रखने हेतु जागरुक भी किया।

- 1 ओवरलोड, 3 निजी वाहन का कमर्शियल प्रयोग मिलने पर सीज, 25 चालान

संस्कृति विवि में बतायी शिक्षा के वर्तमान दौर में शैक्षणिक व्यावसायिकता की उपयोगिता

मथुरा। संस्कृति विवि के सेमिनार हॉल में संस्कृति स्कूल आफ एजूकेशन ने शिक्षा के वर्तमान दौर में शैक्षणिक व्यावसायिकता विषय पर एक प्रेरक अतिथि व्याख्यान का सफलतापूर्वक आयोजन किया। अतिथि वक्ता, दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य सावन कुमार खन्ना ने शिक्षक प्रशिक्षुओं और संकाय सदस्यों, विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शैक्षणिक व्यावसायिकता के उभरते परिदृश्य पर उपयोगी और अनुभव भभी जानकारियां दीं।

श्री खन्ना ने आज के गतिशील शैक्षणिक वातावरण में शिक्षकों और छात्रों के बीच एक मजबूत संबंध बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शिक्षण में व्यावसायिकता अब औपचारिक व्यवहार और नैतिकता तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें भावनात्मक बुद्धिमत्ता, अनुकूलनशीलता और डिजिटल योग्यता भी शामिल होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर में शिक्षक को स्वयं विषयों से लगातार अपडेट होना पड़ता है। उसकी योग्यता और सफलता उसके इसी परिश्रम पर निर्भर करती है। विद्यार्थियों को जब समयानुकूल ज्ञान हासिल होता है तभी वे प्रतियोगिताओं और चुनौतियों का सही दिशा में सामना कर पाते हैं। इस सत्र में संस्कृति यूनिवर्सिटी की सीईओ डॉ. मीनाक्षी शर्मा ने भाग लिया, जिनकी उपस्थिति ने इस अवसर को और भी महत्वपूर्ण बना दिया। डॉ. सरस्वती घोष ने विशिष्ट अतिथि का औपचारिक परिचय कराया और उनके स्कूली शिक्षा और नेतृत्व में योगदान पर प्रकाश डाला। अतिथियों के सम्मान की भारतीय परंपरा को कायम रखते हुए, स्कूल ऑफ एजुकेशन की डीन डॉ. रैनू गुप्ता ने श्री खन्ना को पटका ओढ़ाकर और एक पौधा देकर सम्मानित किया।व्याख्यान का समापन सुश्री शुभ्रा पांडे द्वारा दिए गए धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। उन्होंने इस कार्यक्रम की मेजबान और संकाय समन्वयक के रूप में भी काम किया। कार्यक्रम के सुचारू निष्पादन को सुनिश्चित करने वाले छात्र समन्वयकों में अग्रज, शिवा, दिनेश (बी.ए. बी.एड. चतुर्थ सेमेस्टर), हेमंत (बीए बी.एड. द्वितीय सेमेस्टर), आयुष कश्यप (बीएससी बी.एड. द्वितीय सेमेस्टर) और अनामिका (बी.ए. बी.एड. छठा सेमेस्टर) शामिल थे।

भाजपा के प्रबुद्धजन समागम में पहुंचे राष्ट्रीय महासचिव अरुण

मथुरा। देश में चुनाव सुधार की दिशा में केंद्र सरकार की एक राष्ट्र, एक चुनावनीति को लेकर शनिवार को गोवर्धन के गुरु कृपा गार्डन, पुराना सौंख बाईपास रोड पर एक प्रबुद्धजन समागम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद अरुण सिंह, भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव, विधायक मेघ श्याम सिंह ठाकुर और महापौर विनोद अग्रवाल एमएलसी ठाकुर ओम प्रकाश सिंह ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अरुण सिंह ने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव कोई राजनीतिक नारा नहीं, बल्कि राष्ट्रहित में लिया गया दूरदर्शी निर्णय है। उन्होंने कहा कि बार-बार होने वाले चुनावों से न केवल शासन प्रक्रिया बाधित होती है, बल्कि समय और संसाधनों की भी भारी बबार्दी होती है। इस प्रणाली से देश को स्थिर और विकासोन्मुख प्रशासन मिलेगा। विधायक मेघ श्याम सिंह ठाकुर ने कहा कि बार-बार होने वाले चुनावों में सरकारी मशीनरी जैसे शिक्षक, प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस बल बार-बार व्यस्त हो जाते हैं, जिससे विकास कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। एक राष्ट्र, एक चुनाव की अवधारणा से नीति निर्माण और योजनाओं के क्रियान्वयन में निरंतरता बनी रहेगी। भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने कहा कि यह प्रणाली राजनीतिक स्थायित्व की दिशा में एक बड़ा सुधार है। इससे जनता को बार-बार मतदान की प्रक्रिया में शामिल होने की असुविधा नहीं होगी और सरकारें विकास लक्ष्यों पर केंद्रित रह सकेंगी। कार्यक्रम का संचालन ज्ञानेंद्र राणा ने किया। इस अवसर पर एमएलसी ओम प्रकाश पूर्व विधायक कारिंदा सिंह हीरा सिंह कुंतल पूर्व महापौर डॉ मुकेश आर्य बंधु पूर्व जिला अध्यक्ष डीपी गोयल पूर्व ब्लाक प्रमुख पन्नालाल गौतम संजय शर्मा कुंज बिहारी चतुर्वेदी रामकिशन पाठक आदि मौजूद रहे।

आगरा के धनौली में 70 दलित परिवारों को बेदखली नोटिस, भय के साये में ग्रामीण

आगरा। आगरा के ग्राम धनौली में दलित समुदाय के लगभग 70 परिवारों को तहसीलदार सदर द्वारा बेदखली का नोटिस भेजे जाने से इन परिवारों के बीच भय का माहौल बन गया है। यह परिवार पिछले 50 वर्षों से इस क्षेत्र में निवास कर रहे हैं। इस मुद्दे पर पीड़ित परिवारों का एक प्रतिनिधिमंडल भाजपा नेता उपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में आज जिलाधिकारी आगरा से मिला और अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। उपेन्द्र सिंह ने जिलाधिकारी को बताया कि अचानक से भेजे गए इन नोटिसों ने परिवारों में घबराहट पैदा कर दी है। इन परिवारों के जीवन में एक अनिश्चितता का माहौल उत्पन्न हो गया है। प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से पीड़ितों के मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की। साथ ही, सांसद राजकुमार चाहर ने भी फोन के माध्यम से पीड़ितों की मदद के लिए जिलाधिकारी से बात की। इससे दो दिन पूर्व इन परिवारों ने उत्तर प्रदेश के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण से मिलकर अपनी समस्या साझा की थी। मंत्री ने भी प्रशासन से बात की और इन परिवारों की मदद का आश्वासन दिया था। जिलाधिकारी अरविन्द मलप्पा बंगारी ने मामले का उचित समाधान निकालने का आश्वासन दिया है। प्रतिनिधिमंडल में लोकेश कुमार प्रधान प्रतिनिधि, भगवान सिंह, रूप किशोर, मनीष, रमेश जाटव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

हरे रंग व उर्दू चिह्नों पर दो समुदायों में तनाव

मथुरा। महावन तहसील के ग्राम पंचायत सिहोरा में मुस्लिम मोहल्ले में एक विवाद सामने आया है। यहां एक मकान की दीवार पर बने चांद-तारे और अन्य चिह्नों को लेकर दो समुदायों के बीच तनाव की स्थिति बन गई। चूड़ी व्यवसायी अलीम ने अपने मकान के छज्जे को हरे रंग से रंगवाया था और उस पर कुछ उर्दू चिह्न बनवाए थे। गांव के कुछ युवकों ने इन चिह्नों का विरोध किया। उनका आरोप था कि यह पाकिस्तान के झंडे जैसा प्रतीत होता है। विरोध के दौरान दर्जनों युवक वहां एकत्रित हुए और चिह्न हटाने की मांग की। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पहले इनकार किया। इस दौरान करीब दो घंटे तक दोनों पक्षों में बहस होती रही। गांव के बुजुर्गों ने भी मौके पर पहुंचकर चिह्न हटाने का समर्थन किया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा हैं। अलीम के बेटे बकील ने स्पष्ट किया कि वे भारत के नागरिक हैं और उन्होंने पाक का कोई चिह्न नहीं लगाया था। विरोध के बाद सभी चिह्नों को हटा दिया गया।

कारगिल गोलीकांड के बदमाशों से मुठभेड़

- आगरा पुलिस को बड़ी सफलता, दो के लगी गोली, दस लाख की लूट का खुलासा

आगरा। आगरा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। 26 अप्रैल को जूस पी रहे युवक को गोली मारने वाले बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। पुलिस की कार्रवाई में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी है। थाना सिकंदरा क्षेत्र में जूस पीने के दौरान युवक की गोली मारकर हत्या करने वाले बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। दोनों ओर से जमकर गोलियां चलीं। इस दौरान पुलिस की गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। कारगिल चौराहे के पास देवी राम फूड सर्किल के सामने 26 अप्रैल को युवक को गोली मार दी गई थी। इस गोलीकांड के बाद पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी हुई थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने देर रात चेकिंग के दौरान अमन और अभिषेक को घेर लिया। पुलिस से खुद को घिरता देख दोनों ने पुलिस टीम पर फायर कर दिए। इस दौरान पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए गोलियां चलाईं। पुलिस की गोलियां दोनों बदमाशों के पैर में लगी। घायल होते ही उन्होंने हथियार डाल दिए। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उल्लेखनीय है कि जनपद में बदमाशों के हौसले बुलंद है। पिछले 10 दिनों में शहर में दो मर्डर और करीब आधा दर्जन लूट और फायरिंग की घटनाएं हुई हैं। कारगिल चौराहे के पास 26 अप्रैल को एक युवक को दिनदहाडे.गोली मारी गई थी। इस घटना में भी आरोपी फरार हो गए थे। अभी तक उनको पकड़ा नहीं जा सका है। 200 मीटर की दूरी पर दो घटना होने से लोगों में आक्रोश है। 23 अप्रैल को ताजनगरी में शाहिद बिरयानी रेस्टोरेंट पर तीन युवकों ने रेस्टोरेंट कर्मी गुलफाम की गोली मार कर हत्या कर दी थी। इसके अलावा एक अन्य युवक सैफ अली पर भी फायरिंग की गई थी। गोली उसके गले के पास से निकल गई थी। इस घटना के बाद हत्यारोपियों ने मर्डर की जिम्मेदारी लेते हुए वीडियो पोस्ट किया था। ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। पुलिस ने इस मामले में दो हत्यारोपी और वीडियो वायरल करने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया। मुख्य आरोपी पुष्पेंद्र अभी फरार है। 23 अप्रैल की दोपहर केंद्रीय हिंदी संस्थान मार्ग पर न्यू आगरा क्षेत्र में कार में टक्कर लगने पर ऑटो चालक विद्या नगर, नगला पदी निवासी जवाहरलाल को गोली मारी गई थी। वारदात को सूर्यलोक कालोनी, मऊ रोड निवासी अजय यादव ने अंजाम दिया था। अजय मूल रूप से एटा का निवासी है। गैंगस्टर है। हत्या का मुकदमा चल रहा है। दयालबाग चौकी पुलिस इस बात से बेखबर थी कि इलाके में गैर जनपद का बदमाश आराम से रह रहा है। पुलिस ने आरोपी पकड़कर जेल भेज दिया। हालांकि किसी ने चौकी प्रभारी और बीट सिपाही से यह नहीं पूछा कि उन्हें बदमाश के रहने की जानकारी क्यों नहीं थी। 26 अप्रैल को बिचपुरी निवासी 18 वर्षीय मिलन को कारगिल चौराहे के पास देवी राम फूड सर्किल के सामने बाइक सवारों ने गोली मारी थी। मिलन जिंदगी और मौत से लड़ रहा है। उसे गोली मारने वाले अभी तक नहीं पकड़े गए हैं। जिस चौकी क्षेत्र में मिलन को गोली मारी गई थी उसी चौकी क्षेत्र में सराफ की लूट के दौरान हत्या हुई है। 31 दिसंबर 2024 की रात कारगिल चौराहे के पास ही एक युवक की गोली मारकर हत्या की गई थी। लगातार तीन वारदातें होने के बावजूद चौकी पुलिस के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। 28 अप्रैल की रात शाहगंज के नरीपुरा इलाके में स्कूटर सवार युवक ने अपने दोस्त को गोली मार दी थी। दोनों के बीच किसी बात पर विवाद हुआ था। हमलावर गोली मारने के बाद नाले में कूद गया था। घटना में इस्लाम की पीठ में छर्रे लगे थे। असलम ने गोली चलाई थी। घटना से बाजार में दहशत फैल गई थी। दुकानें बंद हो गई थीं।

बालिकाओं को अधिकारों के प्रति किया जागरूक

टूंडला। मिशन शक्ति अभियान 4.0 के तहत थाना नगला सिघी पुलिस ने रसूलाबाद स्थित मुरारीलाल मेमोरियल विद्यालय में महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया साथ ही उनके अधिकारों के प्रति संवेदनशील होने पर जोर दिया, ताकि किसी भी तरह की परेशानी या उत्पीड़न होने पर वह अपने हक का इस्तेमाल कर सकें। इस दौरान थाना नगला सिंघी उप निरीक्षक आदित्य चौधरी ने कहा कि महिला पुलिसकर्मी गांवों के अलावा शहर की गलियों में चौपाल लगा रही हैं और महिलाओं से बातचीत करके उनकी समस्याएं भी जान रही हैं। थानों पर महिला शिकायतकर्ता के लिए स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हेल्प डेस्क पर कोई भी महिला, बालिका अपनी शिकायत दर्ज करा सकती है। यहां महिला पुलिसकर्मी ही तैनात रहती हैं, ताकि वह सहज तरीके से अपनी समस्या बता सकें।

खराब पड़े हैंडपम्प का बीडीओ ने लिया संज्ञान

रामसनेहीघाट, बाराबंकी। विकासखंड पूरेडलई क्षेत्र की हर एक ग्राम पंचायत में इंडिया मार्को हैंडपंप खराब अवस्था में अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहे हैं। रिवोर के नाम पर लाखों रूपया ग्राम पंचायत में खर्च हुये। लेकिन हैंडपंप की दशा नही बदली थी। वॉयस ऑफ लखनऊ समाचार पत्र ने इस मुद्दे को गंभीरता से उठाया था। जिसके बाद पूरेडलई के तेज तर्रार खंड विकास अधिकारी शिवजीत सिंह ने समस्या का संज्ञान लेते हुये समस्या का समाधान करवाया। तथा सभी ग्राम पंचायतो में खराब अवस्था में पड़े मार्को हैंड पंप को रिवोर कार्य शुरू हुआ। खंड विकास अधिकारी श्री सिंह ने बताया कि जहा जहा हैंडपंप बदहाल अवस्था में पड़े हैं उनको रिवोर करवाने, सूखे पडे तालाबो में पानी भरवाने के लिए निर्देशित किया गया है। ताकि जनमानस के साथ जीव जंतुओं को भी भीषण गर्मी में पेयजल की समस्या से जूझना ना पड़े। ग्राम सराय बरई, डालमऊ, नियामतपुर, खजुरी, चिर्रा, बेलखरा, पंसारा, चंदामाऊ आदि सभी 51 ग्राम पंचायतो में खराब अवस्था में पड़े सभी सरकारी मार्को हैंडपंप को रिवोर करवाया जा रहा है।

भाजपा की आगामी कार्य योजना से संबंधित बैठक हुई आयोजित

टूंडला। मां शीयर देवी मंडल की आगामी कार्य योजना से संबंधित आवश्यक बैठक मंडल अध्यक्ष की अध्यक्षता में ग्राम गढ़ी भक्ति में आहूत की गई। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित मंडल के कार्यकताओं एवं भाजपा के सदस्यों एवं सक्रिय सदस्यों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने एक राष्ट्र एक चुनाव, वन नेशन वन इलेक्शन व वक़्फ सुधार जन जागरण अभियान से संबंधित सभी बिंदुओं की चर्चा करते हुए आगामी कार्यक्रम एवं अभियानों की बिंदुवार चर्चा व समीक्षा की। तत्पश्चात हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी एवं उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी की जन कल्याणकारी योजनाओं, नीतियों एवं विरासत को विकास में बदलने की वृहद चर्चा उपस्थित कार्यकताओं के साथ की, एवं वर्तमान में जो जीवन पद्धति बिगड़ी हुई है उसको सुधारने के लिए, दैनिक दिनचर्या को बदलने के लिए एवं दैनिक दिनचर्या से गलत चीजों को हटाने के लिए कहा। जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने ग्रामीण शिक्षा, स्वास्थ्य संबंधित चर्चा करते हुए कहा कि स्कूलों में नया सत्र प्रारंभ हो चुका है, ग्राम वासियों को सभी बच्चों को स्कूल भेजना चाहिए व भारत को विश्व गुरु बनाने हेतु सभी नौनिहालों की भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। बैठक का संचालन जिलाकोषाध्यक्ष महिपाल निषाद ने किया। बैठक पूर्व विधानसभा संयोजक शिव शंकर शर्मा, मंडल प्रभारी वीरेन्द्र प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष पूरन सिंह बी डी सी, डॉ वेद प्रकाश सूरज धाकरे, शैलेंद्र, बंशीधर प्रधान, पप्पू बघेल, उर्मिला देवी, निरुपमा, गीतम रजनी देवी आरती देवी, हाकिम सिंह, बीनू तोमर, राकेश कुमार, लटूरी सिंह, रामनिवास आशीष कुमार, फौरन सिंह, रामवीर, राजेंद्र कुमार, राम सिंह, अनिल कुमार, राम प्रकाश कुशवाहा आदि लोग उपस्थित रहे।

प्राप्त 83 शिकायतों में 8 का मौके पर निस्तारण

जिला संवाददाता (vol)



फिरोजाबाद। डीएम रमेश रंजन की अध्यक्षता और सीडीओ शत्रोहन वैश्य के साथ-साथ समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील टूंडला में आयोजित किया गया, जहां टूंडला तहसील के दूर-दराज से आए नागरिकों की समस्याओं को डीएमने सुना, कुछ समस्याओं का तत्काल समाधान कर कुछ समस्याओं को शीघ्र दूर करने का भरोसा दिलाया, डीएम ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा जन समस्याओं के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न हो जहां राजस्व की टीम को पुलिस बल की आवश्यकता हो वहां एक संयुक्त टीम गठित कर मामले का शीघ्र निस्तारण करने का प्रयास किया जाए, सभी अधिकारी यह भली प्रकार सुनिश्चित कर लें की समस्याओं को निस्तारण हेतु जनता को बार-बार दफ्तरों के चक्कर न लगाना पड़े और किसी भी अधिकारी की कोई शिकायत आती हैं, तो उस पर कठोर कार्यवाही की जाएगी।

इस दौरान राजस्व, सिंचाई, बिजली, नगर पालिका, नगर पंचायत इत्यादि से संबंधित मामले आए एक मामला नरोत्तम पुत्र मेवाराम जो तारानगर के निवासी हैं, जिन्होंने डीएम के पास यह शिकायत की, की ग्राम सभा की भूमि को कुछ अराजक तत्वों ने जोतकर अपने खेतों में मिला लिया है, जब उनसे, उक्त भूमि को खाली करने की कहते हैं, तो वह लोग उनको जान से मारने की धमकी देते हैं, डीएम ने तहसीलदार के नेतृत्व में एक टीम बनाकर इस पूरे मामले की जांच करने की आदेश दिए, डीएम के समक्ष प्रार्थी जगदीश सिंह सिसोदिया ने प्रार्थना दिया कि, की फिरोजाबाद स्थापना दिवस की तरह टूंडला तहसील की स्थापना दिवस 17 जुलाई को भव्यतापूर्वक बनाई जाए, इसी तरह प्रार्थी चंद्रपाल ने ग्राम पखरपुरा का रहने वाला है, उसने जिलाधिकारी से निवेदन किया कि उसका भाई उसके हिस्से का प्लॉट जबरन घेर रहा है और बंटवारे में आयी जमीन देने से मना कर रहा है, जिलाधिकारी ने इस मामले की जांच नायब तहसीलदार और एसएचओ को संयुक्त टीम से कराने के निर्देश दिए, साथ ही 7 दिन में इसकी आख्या उपलब्ध कराने की बात कही, इसी तरह प्रार्थिनी लज्जा देवी ने डीएम के समक्ष अपनी परेशानी रखते हुए कहा कि उसका भाई उससे अक्सर झगड़ता रहता है और उसे परेशान करता है, क्योंकि मेरे पति जीवित नहीं है, ऐसी स्थिति में मुझ असहाय महिला की मदद की जाए, जिला अधिकारी ने एसएचओ व तहसीलदार की संयुक्त टीम बनाकर जांच करने के आदेश दिए, इसी तरह डीएम समक्ष कुल 83 मामले आए जिनमें से आठ का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

निलंबित दरोगा ने थाना प्रभारी पर लगाये गंभीर आरोप, वीडियो वायरल

आगरा। अछनेरा थाने में तैनात रहे निलंबित दरोगा सोबरन यादव का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में दरोगा ने थाना प्रभारी पर प्रताड़ना और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। यह वायरल वीडियो पुलिस महकमे में चर्चा का विषय बना हुआ है। उच्च अधिकारी इस वीडियो के आधार पर जांच भी करा रहे हैं। दरोगा ने आरोप लगाया है कि उन्हें जानबूझकर रात की ड्यूटी में लगाया जाता था। रात ड्यूटी में जब उन्होंने अवैध खनन वालों को पकड़ा तो थाना प्रभारी ने उन्हें छोड़ दिया। दरोगा यादव का कहना है कि जब उन्होंने अपनी बेटी की सगाई के लिए तीन दिन के अवकाश के लिए प्रार्थना पत्र दिया तो थाना प्रभारी ने कहा कि पहले जयपुर जाकर वारंट तामील कराकर आओ, इसके बाद छुट्टी मिलेगी। बेटी की सगाई का हवाला देने पर थाना प्रभारी ने न सिर्फ प्रार्थना पत्र फाड़ दिया बल्कि उनके साथ गाली गलौज और अभद्रता भी की। यही नहीं, वरिष्ठ अधिकारियों से कहकर उन्हें निलंबित भी करा दिया। वीडियो में दरोगा ने थाने में हो रहे कथित अवैध खनन और पुलिस के भ्रष्टाचार की ओर भी इशारा किया है। दरोगा का कहना है कि थाना प्रभारी द्वारा अवैध खनन कराया जा रहा है। दरोगा का कहना है कि उन्हें अपनी जान का खतरा है। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए दरोगा की पत्नी ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए अपने पति की सुरक्षा की मांग की है। पुलिस विभाग ने मामले की जांच के लिए दो एसीपी को अलग-अलग बिंदुओं पर जिम्मेदारी सौंपी है। फिलहाल पूरे मामले की जांच जारी है।

संक्षेप

जियोस्टार ने किया 10 अरब डॉलर का निवेश

मुंबई। स्ट्रीमिंग मंच जियोस्टार ने तीन साल में भारत में कंटेंट में 10 अरब डॉलर का निवेश किया है। कंपनी के वाइस चेयरमैन उदय शंकर ने शनिवार को यह जानकारी दी। यहां पहले विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) के एक सत्र में उन्होंने कहा कि उद्योग को दो-तीन बड़े चालकों पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है, जिसमें भारतीय जरूरतों के अनुरूप अधिक कंटेंट बनाना शामिल है। शंकर ने कहा, वित्त वर्ष 2023-24 में दोनों कंपनियों ने अकेले कंटेंट पर 25,000 करोड़ रुपये खर्च किए। पिछले वित्त वर्ष (2024-25) में यह 30,000 करोड़ रुपये हो गया और चालू वित्त वर्ष (2025-26) के लिए यह आंकड़ा 32,000-33,000 करोड़ रुपये से अधिक होगा। उन्होंने कहा, इसलिए, अकेले तीन वर्षों में हमने 10 अरब डॉलर से अधिक खर्च किए हैं।

एसबीआई का मुनाफा मार्जिन कम होने से घटा

मुंबई। सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का एकीकृत शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की जनवरी-मार्च तिमाही में 8.34 प्रतिशत घटकर 19,600 करोड़ रुपये रह गया, जो एक साल पहले समान तिमाही में 21,384 करोड़ रुपये था। बैंक ने शनिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि शुद्ध ब्याज मार्जिन में गिरावट के कारण यह गिरावट आई है। देश के सबसे बड़े ऋणदाता का एकल आधार पर शुद्ध लाभ मार्च तिमाही में घटकर 18,642 करोड़ रुपये रह गया, जो एक साल पहले समान तिमाही में 20,698 करोड़ रुपये था। बैंक ने बताया कि कम शुद्ध ब्याज मार्जिन के कारण 12 प्रतिशत से अधिक की ऋण वृद्धि के बावजूद बैंक की मुख्य शुद्ध ब्याज आय 2.69 प्रतिशत बढ़कर 42,775 करोड़ रुपये हो गई।

हरियाणा-पंजाब में नदी जल बंटवारे पर बैठक

चंडीगढ़। पंजाब के साथ नदी जल बंटवारे को लेकर जारी विवाद के बीच मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी नीत हरियाणा सरकार ने शनिवार को यहां सर्वदलीय बैठक की और इसमें पड़ोसी राज्य की आम आदमी पार्टी सरकार से भाखड़ा बांध से बिना शर्त पानी छोड़ने की अनुमति देने का आग्रह किया गया। हरियाणा सरकार का यह कदम एक दिन पहले पंजाब में हुई सर्वदलीय बैठक के बाद सामने आया है। पंजाब में हुई सर्वदलीय बैठक में राज्य सरकार द्वारा भाजपा शासित हरियाणा को और अधिक पानी देने से इनकार करने का समर्थन किया गया था। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता करने के बाद पंजाब सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड के पानी छोड़ने के निर्देश का पालन न करना असंवैधानिक, अमानवीय और संविधान के संघीय ढांचे पर हमला है। सैनी ने बैठक में शामिल विभिन्न दलों के नेताओं के साथ संवाददाता सम्मेलन में कहा, सर्वदलीय बैठक में फैसला किया गया कि पंजाब की भगवंत मान सरकार को तुरंत और बिना शर्त पानी छोड़ना चाहिए।

एनआईए ने दाखिल किया आरोप पत्र

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने श्रीनगर के बाजार में पिछले साल हुए ग्रेनेड हमले के सिलसिले में प्रतिबंधित इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) इस्लामिक स्टेट जम्मू एंड कश्मीर (आईएसजेके) आतंकवादी समूह से जुड़े तीन आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में शनिवार को यह जानकारी दी गई। विज्ञप्ति के मुताबिक 2024 में हुए हमले में एक महिला की मौत हो गई थी और कई अन्य नागरिक घायल हो गए थे। आतंकवाद रोधी एजेंसी ने बताया कि जम्मू स्थित एनआईए की विशेष अदालत के समक्ष दायर आरोपपत्र में शेख उसामा यासीन, उमर फैयाज शेख और अफनान मंसूर नाइक को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत नामजद किया गया है।

पंचायतों को कानूनी अधिकार देने पर जोर

गांवों में सामाजिक सद्भाव राष्ट्र को मजबूत बनाने के लिए आवश्यक : मुर्मू

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को विवाद समाधान तंत्र को ग्रामीण क्षेत्रों तक विस्तारित करने की जोरदार वकालत की, ताकि पंचायतों को गांवों में विवादों में मध्यस्थता करने और उन्हें सुलझाने के लिए कानूनी रूप से सशक्त बनाया जा सके। मुर्मू ने कहा कि गांवों में सामाजिक सद्भाव राष्ट्र को मजबूत बनाने के लिए आवश्यक शर्त है।

मुर्मू ने यह भी कहा कि गांव में पारिवारिक या भूमि विवादों में मध्यस्थता करने वाले लोग सामाजिक रूप से सशक्त होते हैं, लेकिन उनमें कानूनी सशक्तीकरण का अभाव होता है, जिसके कारण ऐसे मामले ग्राम स्तर पर नहीं सुलझ पाते। राष्ट्रपति मुर्मू ने यहां मध्यस्थता पर प्रथम सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि विवादों के समाधान के दौरान, प्रभावित पक्षों को पता होता है कि मध्यस्थों के पास कानूनी शक्तियों का अभाव है, इसलिए वे निर्णयों से सहमत नहीं होते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी व्यवस्था बनाने की जरूरत है, जहां ग्राम स्तर पर विवादों का समाधान वहीं हो जाए और माहौल खराब न हो तथा लोग सद्भावना से रहें। उन्होंने कहा कि कई बार विवाद बहुत बढ़ जाते हैं। उन्होंने कहा कि कई छोटे-मोटे मुद्दों को जमीनी स्तर पर ही सुलझाया जा सकता है। इस कार्यक्रम में भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना, भावी प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई और कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी उपस्थित थे। मुर्मू ने कहा कि शायद यह किसी चूक या समय की कमी के कारण हो सकता है कि गांव से लेकर उच्चतम न्यायालय तक न्यायिक व्यवस्था स्थापित नहीं हो पायी है। उन्होंने कहा कि गांवों में मध्यस्थता की व्यवस्था पहले से ही मौजूद है, लेकिन चूंकि अब लोग शिक्षित हो चुके हैं, इसलिए उन्हें पता है कि मध्यस्थों के पास कोई शक्ति नहीं है। मुर्मू ने कहा कि मध्यस्थता अधिनियम, 2023 सभ्यतागत विरासत को मजबूत करने की दिशा में पहला कदम है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अब हमें इसमें गति लाने और इसके अभ्यास को मजबूत करने की जरूरत है। राष्ट्रपति ने कहा कि मध्यस्थता न्याय प्रदान करने का एक अनिवार्य हिस्सा है, जो भारत के संविधान के मूल में है। उन्होंने कहा कि मध्यस्थता न केवल विचाराधीन विशिष्ट मामले में, बल्कि अन्य मामलों में भी बड़ी संख्या में मुकदमों के बोझ को कम करके न्याय प्रदान करने में तेजी ला सकती है। उन्होंने कहा कि इससे समग्र न्यायिक प्रणाली और अधिक कुशल बन सकती है तथा विकास के वे रास्ते खुल सकते हैं, जो अवरुद्ध हो गए हैं। उन्होंने कहा कि यह व्यापार करने में सुगमता और जीवन जीने में सुगमता दोनों को बढ़ा सकती है। उन्होंने रेखांकित किया जब हम इसे इस तरह से देखते हैं, तो मध्यस्थता 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने का एक महत्वपूर्ण साधन बन जाती है।

नक्सल रोधी अभियान में आयी तेजी

छत्तीसगढ़ पुलिस और बीएसएफ ने नारायणपुर में की नये शिविर की स्थापना

एजेंसी

नारायणपुर (छत्तीसगढ़)। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ में नक्सल विरोधी अभियान और सड़क निर्माण कार्यों में तेजी लाने के लिए छत्तीसगढ़ पुलिस और सीमा सुरक्षाबल ने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण पांगुड़ गांव में शिविर की स्थापना की है। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 29 अप्रैल को गांव में छत्तीसगढ़ पुलिस और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने संयुक्त रूप से सुरक्षा एवं जन सुविधा शिविर स्थापित किया। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही इस साल अब तक जिले में 14 नए सुरक्षा शिविर स्थापित किए जा चुके हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यहां बताया कि इस शिविर का उद्देश्य क्षेत्र में नक्सल रोधी अभियान को तेज करना और सोनपुर-ढोढरीबेड़ा-मसपुर-होरादि-गारपा-कान्दुलनार-पांगुड़ गांवों से कोंगे-सितरम-मरोडा गांवों तक सड़क निर्माण कार्य को सुगम बनाना है, जिससे आंतरिक क्षेत्रों के लोगों को मुख्यधारा से जोड़ा जा सके।

अधिकारी ने बताया कि राज्य सरकार की नियद नेल्लानार (आपका अच्छा गांव) योजना के तहत शिविर के आसपास के गांवों में विकास कार्यों को सुगम बनाने के उद्देश्य से पांगुड़ के आसपास के क्षेत्र में सड़क, पानी, पुल, शिक्षा, चिकित्सा, मोबाइल नेटवर्क कनेक्टिविटी और अन्य बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह शिविर कोंडागांव-नारायणपुर को अबूझमाड़ से सितरम और फिर महाराष्ट्र तक जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण सड़क के निर्माण के लिए सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी मदद करेगा। अधिकारी ने बताया कि शिविर की स्थापना के बाद नारायणपुर जिला पुलिस और बीएसएफ ने पांगुड़ में एक दिवसीय सामुदायिक पुलिसिंग शिविर का आयोजन किया, जिसमें पांगुड़, कोगे, सितरम, बिनागुंडा, कोरोनार और वाल्ला गांव के दो सौ से अधिक ग्रामीणों ने भाग लिया। उन्होंने बताया, ग्रामीणों ने पुलिस से कहा कि वे नक्सलवाद का समर्थन नहीं करेंगे और विकास कार्यों में सहयोग करेंगे।

उन्होंने बिजली, नल का पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क आदि जैसी बुनियादी सुविधाओं की भी मांग की, जिन्हें जल्द ही पूरा करने का आश्वासन दिया गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि केंद्र सरकार ने मार्च 2026 तक नक्सलवाद को समाप्त करने का संकल्प लिया है। 2023 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद छत्तीसगढ़ में नक्सलविरोधी अभियान तेज हो गए हैं।

पाक के बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षण से और बढ़ेगा तनाव

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत पहलगाम आतंकी हमले के बाद बढ़े तनाव के बीच पाकिस्तान द्वारा सतह से सतह पर मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइलों के परीक्षण की तैयारी को लापरवाही से युक्त उकसावे की कार्वाई और स्थिति को खतरनाक स्थिति में पहुंचाने वाला कदम मानता है। पूरे घटना से वाकिफ लोगों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि ऐसी अस्थिर परिस्थितियों में पाकिस्तान के मिसाइल परीक्षण करने की योजना, भारत के साथ स्पष्ट उकसावे और हताशा में तनाव बढ़ाने के प्रयास से कम नहीं है। पहलगाम 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। भारत ने हमले के सीमा पार संबंधों का हवाला देते हुए घटना में शामिल लोगों को कड़ी सजा देने का संकल्प लिया है। अमेरिका और यूरोपीय संघ सहित कई वैश्विक शक्तियों ने आतंकवादी हमले की स्पष्ट रूप से निंदा करते हुए दोनों पक्षों से तनाव कम करने का आह्वान किया है। पूरे घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले लोगों में से एक ने बताया जानकारी मिली है कि पाकिस्तान इस सप्ताह सतह से सतह पर मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण करने की तैयारी कर रहा है।

टिकैत से हाथापाई के बाद भाकियू ने दिखायी एकता

एजेंसी



मुजफ्फरनगर। पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में शुक्रवार को मुजफ्फरनगर में निकाली गई आक्रोश रैली के दौरान किसान नेता राकेश टिकैत से हाथापाई की घटना के बाद भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) ने शनिवार को पंचायत बुलाई और अपनी एकता का प्रदर्शन किया। पंचायत के बाद भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की पंचायत ने सफलतापूर्वक किसानों के बीच एकता का प्रदर्शन किया। किसान नेता और बालियान खाप के प्रमुख नरेश टिकैत ने कहा, आपातकालीन आह्वान के बावजूद, विभिन्न क्षेत्रों, विशेष रूप से पश्चिमी उत्तर प्रदेश से हजारों लोग पंचायत में शामिल हुए।

उन्होंने कहा, पंचायत का उद्देश्य एकता प्रदर्शित करना था, तत्काल कोई निर्णय लेना नहीं था। उन्होंने कहा, पंचायत ने किसी विशेष प्रस्ताव की घोषणा नहीं की। पंचायत में समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल दोनों के वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया। साल 2024 के लोकसभा चुनावों से ठीक पहले राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल हो गया था। रालोद के विधायक राजपाल बालियान, सरधना से सपा के विधायक अतुल प्रधान, रालोद विधायक मदन भैया, मुजफ्फरनगर निर्वाचन क्षेत्र से सपा सांसद हरेंद्र मलिक और कैराना लोकसभा क्षेत्र से सांसद इकरा हसन भी पंचायत में शामिल थीं। पंचायत के समापन के बाद किसानों ने जीआईसी मैदान से टाउन हॉल तक मार्च निकाला। इसी स्थान पर आयोजित आक्रोश रैली के दौरान राकेश टिकैत से धक्का-मुक्की हुई और उनकी पगड़ी जमीन पर गिर गई। राकेश टिकैत आपातकालीन पंचायत में पहुंचे, लेकिन गर्मी के कारण उनकी तबीयत खराब हो गई।

यूपीईएक्स में ऊर्जा क्षेत्र के विशेषज्ञ नयी टेक्नोलॉजी पर करेंगे चर्चा

लखनऊ। यूपी में सोलर और रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में व्यापार और नई टेक्नोलॉजी को बढ़ावा देने के लिए राजधानी में तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश ऊर्जा एक्सपो 2025 (यूपीईएक्स) का आयोजन किया जा रहा है। एक्सपो का आयोजन यूपी स्टेट चैप्टर, पीएचडीसीसीआई (पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रिज) और यूपीनेडा के सहयोग से किया जा रहा है।

एक्सपो में देश और दुनिया भर के ऊर्जा क्षेत्र के विशेषज्ञ और नीति निर्माता नवीनतम ऊर्जा प्रौद्योगिकियों और समाधानों का प्रदर्शन करेंगे। यूपीईएक्स का उद्देश्य यूपी को सौर क्षेत्र में निवेश के अग्रणी गंतव्य के रूप में स्थापित करते हुए एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहयोग करना है।

एक्सपो के मुख्य उद्देश्यों में प्रदेश में सौर ऊर्जा के उत्पादन और भंडारण के क्षेत्र में निवेश के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करना है। साथ ही राज्य में सौर ऊर्जा के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए उद्योग की भागीदारी को प्रोत्साहित करते हुए इलेक्ट्रिक मोबिलिटी व्हीकल्स और विनिर्माण के वैश्विक केंद्र के रूप में बढ़ावा देना है। यह प्रदर्शनी 8 मई से 10 मई तक इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के लॉन 2 में प्रातः 10 बजे से शाम छह बजे तक लगेगी। सभी आगन्तुकों का प्रवेश निःशुल्क है।

वाणिज्य मंत्रालय ने अमेरिकी निर्यात पर किया आगाह

एजेंसी

नयी दिल्ली। वाणिज्य मंत्रालय ने घरेलू उद्योग को अमेरिका को माल निर्यात करते समय अमेरिका के उत्पत्ति या उद्गम स्थल मानदंडों का सख्ती से पालन करने के संबंध में आगाह किया है, क्योंकि पर्याप्त मूल्य संवर्धन के बिना उच्च टैरिफ वाले देशों के उत्पादों को वहां (अमेरिका) भेजने को ट्रांसशिपमेंट (निर्यात) के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है और उस पर अधिक शुल्क लगाया जा सकता है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी है। अधिकारी ने कहा कि मंत्रालय ने उद्योग को यह भी आश्वासन दिया है कि निर्यातकों को निश्चितता और स्पष्टता प्रदान करने के लिए मूल्य संवर्धन मानदंडों को संहिताबद्ध करने के लिए सभी प्रयास किए जाएंगे। इस मुद्दे पर 2 मई को मंत्रालय द्वारा भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों पर एक अंशधारक परामर्श के दौरान विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। अंशधारक परामर्श की अध्यक्षता मंत्रालय में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल ने की। वह भारत-

❍ अधिक शुल्क लगाये जाने की जतायी संभावना

अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के लिए भारत के मुख्य वार्ताकार भी हैं। ट्रांसशिपमेंट का तात्पर्य एक देश से उत्पादों को आयात करने और फिर आमतौर पर बिना किसी महत्वपूर्ण प्रसंस्करण या मूल्य संवर्धन के दूसरे देश को निर्यात करने की प्रक्रिया से है। पिछले महीने निर्यातकों के साथ एक बैठक में, वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने घरेलू निर्यातकों को आगाह किया कि उन्हें चीन जैसे उच्च टैरिफ वाले देशों से आने वाले सामानों को अमेरिका भेजने के लिए भारत को एक माध्यम के रूप में उपयोग नहीं करने देना चाहिए। अमेरिका ने चीनी सामानों पर 145 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। उच्च अमेरिकी आयात शुल्क का सामना करने वाले देशों से सामान खरीदना और फिर उन्हें अमेरिका भेजना, अमेरिकी अधिकारियों की कार्वाई को आमंत्रित कर सकता है, जिसमें फर्मों को ब्लैकलिस्ट भी किया जाना भी शामिल हो सकता है। ऐसे निर्यात अमेरिकी उद्गम स्थल नियमों का उल्लंघन करते हैं। अधिकारी ने कहा कि परामर्श के दौरान, अमेरिका द्वारा अपनाए गए उद्गम स्थल नियमों पर एक सिंहावलोकन प्रदान किया गया।

मणिपुर में नहीं रुकी हिंसा, पीएम मोदी राजधर्म निभाने में विफल

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मणिपुर में हिंसा की शुरुआत के दो साल पूरे होने पर शनिवार को दावा किया कि पूर्वोत्तर के इस राज्य में आज भी हिंसक घटनाएं नहीं रुकी हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राजधर्म निभाने में एक बार फिर विफल रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि मणिपुर के लोगों के प्रति इतनी उदासीनता और तिरस्कार क्यों है तथा राजनीतिक जवाबदेही कहां है? मणिपुर में तीन मई, 2023 को हिंसा शुरू हुई थी। इस हिंसा में 200 से अधिक लोग मारे गए। खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, मणिपुर में दो साल से हिंसा हो रही है, लेकिन प्रधानमंत्री के पैर वहां नहीं पड़े। हिंसा तीन मई, 2023 को शुरू हुई और अब भी जारी है। अभी दो दिन पहले ही तामेंगलांग जिले में हुई हिंसक झड़प में 25 लोग घायल हो गए थे।

उन्होंने कहा कि 260 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और 68,000 लोग विस्थापित हुए हैं तथा हजारों लोग अब भी राहत शिविरों में रह रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, नरेन्द्र मोदी जी, मणिपुर आपकी यात्रा, शांति और सामान्य स्थिति की वापसी का इंतजार कर रहा है। उन्होंने दावा किया जनवरी, 2022 में मणिपुर में आपकी आखिरी चुनावी रैली के बाद से आपने दुनिया भर में 44 विदेशी दौरे और देश भर में 250 घरेलू दौरे किए हैं, फिर भी आपने मणिपुर में एक सेकंड भी नहीं बिताया है। खरगे ने सवाल किया, मणिपुर के लोगों के प्रति इतनी उदासीनता और तिरस्कार क्यों? राजनीतिक जवाबदेही कहां है?

उन्होंने कहा कि मणिपुर की जनता ने खुद राष्ट्रपति शासन की मांग की, लेकिन जब भाजपा को कांग्रेस पार्टी द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव का सामना करना पड़ा और प्रधानमंत्री की पार्टी के विधायक नया मुख्यमंत्री तय नहीं कर सके तो 20 महीने बाद मुख्यमंत्री बीरेन सिंह को हटाने मांग मानने के लिए प्रधानमंत्री को मजबूर होना पड़ा। खरगे ने प्रधानमंत्री से सवाल किया डबल इंजन सरकार अपने नागरिकों को सुरक्षा प्रदान करने के अपने संवैधानिक कर्तव्य में विफल क्यों रही? आपने पहले मुख्यमंत्री को बर्खास्त क्यों नहीं किया? उन्होंने दावा किया कि केंद्र और राज्य का प्रशासन अब भी मणिपुर में विफल है तथा हिंसा की घटनाएं नहीं रुक रही हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा आपने अपनी अक्षमता को छिपाने के लिए जल्दबाजी में आधी रात को दो बजे राष्ट्रपति शासन लागू करने का प्रस्ताव संसद में पारित करा दिया, जैसे कि किसी का आपके पापों पर ध्यान नहीं जाएगा।

पेज एक का शेष

12 जिलों में

सरल रूप देते हुए एक ही बार में निस्तारित किया जाना चाहिये। उन्होंने कहा है कि ऐसे जो भी प्रकरण लंबित हैं, एक समय सीमा तय करते हुए उनका निस्तारण कर दिया जाए। इसके साथ ही, मुख्यमंत्री ने ये निर्देश भी दिए हैं कि नगरों में जीआईएस आधारित मास्टर प्लान अब तक मंजूर नहीं हुआ है, उसे वर्तमान माह की समाप्ति से पहले मंजूरी दी जाए। मेट्रो परियोजनाओं की प्रगति की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि कानपुर मेट्रो के मोतीझील से कानपुर सेंट्रल स्टेशन तक 6.7 किमी. लंबे भूमिगत खंड का निर्माण पूर्ण हो गया है और कॉरीडोर। और 2 का कार्य इस वर्ष के अंत तक पूर्ण कर लिया जाएगा। मुख्यमंत्री को बताया गया कि आगरा मेट्रो के प्रथम कॉरिडोर को भी दिसम्बर 2025 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है, जबकि द्वितीय कॉरिडोर का कार्य 2026 तक निर्धारित किया गया है। उन्हे जानकारी दी गई इसी क्रम में लखनऊ मेट्रो परियोजना के अंतर्गत चारबाग से बसंतकुंज तक (11.165 किलोमीटर) प्रक्रिया भी तेजी से जारी है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने लखनऊ विकास प्राधिकरण के सीमा विस्तार की आवश्कता जताई, साथ ही जेपीएनआईएसी को यथाशीघ्र लखनऊ विकास प्राधिकरण को हस्तांतरित करने के भी निर्देश दिए।

कार्यस्थल पर

महिलाओं के लिए भी उपलब्ध है। विशेष बात यह है कि यह पोर्टल छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं के लिए आवाज उठाने का एक गोपनीय व सशक्त माध्यम बनेगा। सरकार ने सभी जिलों में इस अभियान की निगरानी की जिम्मेदारी जिला प्रोबेशन अधिकारियों को सौंपी है। इसके अलावा असंगठित क्षेत्र में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए गैर-सरकारी संगठनों की मदद भी ली जाएगी। महिला कल्याण विभाग का स्पष्ट निर्देश है कि हर संस्था समिति का गठन करे, शिकायतें दर्ज की जाएं और उनका निपटारा समय पर हो। यदि कोई संस्था इस आदेश की अवहेलना करती है तो उसके खिलाफ विधिक कार्वाई की जाएगी। इन समितियों में चार से पांच सदस्य होंगे, जो कर्मचारियों की संख्या के आधार पर तय किए जाएंगे। महिला एवं बाल विकास विभाग की उप निदेशक और नोडल अधिकारी अनु सिंह ने बताया कि शी-बाक्स पोर्टल एक सिंगल-विंडो ऑनलाइन शिकायत निवारण प्रणाली है। उन्होंने कहा कि यह पोर्टल सरकारी व निजी दोनों क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं के लिए उपलब्ध है और कोई भी महिला शारीरिक संपर्क, अभद्र इशारे, अश्लील टिप्पणियां या काम के बदले अनुचित मांग जैसी यौन उत्पीड़न की शिकायतें इस पोर्टल पर दर्ज करा सकती है। उन्होंने बताया कि शिकायत दर्ज होने के बाद यह सीधे संबंधित आंतरिक समिति या स्थानीय समिति को भेजी जाती है, जिसे 90 दिनों के अंदर निवारण करना होगा।

पोर्टल की खासियत यह है कि यह गोपनीयता सुनिश्चित करता है और शिकायतकर्ता को ट्रैकिंग आईडी के जरिए शिकायत की स्थिति की जानकारी मिलती रहती है। उत्तर प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि कार्यस्थल पर महिलाओं के लिए सुरक्षित, गरिमामय और समावेशी वातावरण बने। अनु सिंह ने कहा कि छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं, जो स्थानीय स्तर पर शिकायत दर्ज करने में हिचकती हैं, उनके लिए यह पोर्टल एक सुरक्षित मंच है। सरकार ने सभी संस्थानों से अपील की है कि वे अपने कर्मचारियों को शी-बाक्स पोर्टल की जानकारी दें और आंतरिक समिति का गठन सुनिश्चित करें। इसके साथ ही, महिलाओं से भी अपील की गई है कि वे किसी भी उत्पीड़न के खिलाफ चुप न रहें और इस पोर्टल के माध्यम से अपनी आवाज उठाएं।

भारत-पाकिस्तान

आयात या निर्यात किए जाने वाले सभी सामानों का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आयात या पारगमन, चाहे स्वतंत्र रूप से आयात योज्ञ हो या अन्यथा अनुमति प्राप्त हो, तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक प्रतिबंधित रहेगा। यह निर्णय 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद लिया गया है। इसमें 26 लोग मारे गए थे, जिनमें से अधिकतर पर्यटक थे।

वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, इससे पाकिस्तान से सीधे या किसी अन्य व्यापार मार्ग के माध्यम से माल के आयात पर प्रतिबंध लग जाएगा। अप्रैल-जनवरी 2024-25 के दौरान पड़ोसी देश से मुख्य आयात में फल और मेवे (80,000 डॉलर), कुछ तिलहन और औषधीय पौधे (2.6 लाख डॉलर) और जैविक रसायन शामिल थे। आतंकी हमले के बाद भारत ने कई कदम उठाए, जिसमें अटारी सीमा चौकी को तत्काल बंद करना शामिल है, जिसका इस्तेमाल कुछ खास तरह के सामानों की आवाजाही के लिए किया जाता है। इसके अलावा भारत ने 1960 की सिंधु जल संधि को निलंबित करने की घोषणा की है। जवाबी कार्वाई में, पाकिस्तान ने भी भारत के साथ सभी व्यापार को निलंबित करने की घोषणा की है, जिसमें पाकिस्तान के माध्यम से किसी भी तीसरे देश से व्यापार शामिल है। पुलवामा आतंकी हमले के बाद दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार में भारी गिरावट आई है। भारत ने 200 प्रतिशत शुल्क लगाने के अलावा पाकिस्तान का तरजीही राष्ट्र व्यापार का दर्जा भी वापस ले लिया था।

पाकिस्तानी जहाजों

की धारा 411 के तहत शक्ति का प्रयोग करते हुए पाकिस्तानी जहाजों के भारतीय बंदरगाहों में प्रवेश करने पर प्रतिबंध लगा दिया। अधिसूचना में कहा गया है, पाकिस्तान के झंडे वाले जहाज को किसी भी भारतीय बंदरगाह पर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। भारतीय झंडे वाला जहाज पाकिस्तान के किसी भी बंदरगाह पर नहीं जाएगा। डीजीएस ने कहा कि यह आदेश भारतीय संपत्तियों, कार्गो और संबंधित बुनियादी ढांचे की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जारी किया गया है। पहलगाम हमले के तार सीमा पार से जुड़े होने का हवाला देते हुए भारत ने हमले में शामिल लोगों को कड़ी सजा देने का संकल्प जताया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को शीर्ष रक्षा अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान कहा था कि सशस्त्र बलों को पहलगाम आतंकवादी हमले के खिलाफ भारत की जवाबी कार्वाई का तरीका, लक्ष्य और समय निर्धारित करने की पूरी अभियानगत छूट है। भारत ने हमले के बाद कठोर कदम उठाते हुए सिंधु जल संधि स्थगित करने, पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द करने, अटारी एकीकृत जांच चौकी को तत्काल प्रभाव से बंद करने का फैसला किया था। भारत ने राजनयिक संबंधों को भी कमतर करने का फैसला किया था। भारत के कदमों की प्रतिक्रिया में, पाकिस्तान ने भारतीय विमानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया और तीसरे देशों के माध्यम से होने वाले व्यापार सहित भारत के साथ सभी व्यापार को स्थगित कर दिया। पाकिस्तान ने भारत द्वारा सिंधु जल संधि को स्थगित करने को अस्वीकार कर दिया और कहा कि पानी के प्रवाह को रोकने के किसी भी कदम को युद्ध की कार्रवाई के रूप में देखा जाएगा।

बिना सूचना

तब सामने आया जब भारत ने पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद उठाए गए कूटनीतिक कदमों के तहत पाकिस्तानी नागरिकों को देश छोड़ने को कहा था। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे। अहमद और मेनल खान ने पिछले साल 24 मई को वीडियो कॉल के जरिए शादी की थी। सीआरपीएफ की जांच में पाया गया कि जवान ने अपनी शादी और अपनी पत्नी के भारत में निर्धारित समय से अधिक समय तक रहने की सूचना संबंधित अधिकारियों को नहीं दी थी।

धामी ने

अपील की है कि देवभूमि को पवित्र और स्वच्छ बनाए रखने में अपना सहयोग दें। उन्होंने कहा कि हरित चारधाम यात्रा के साथ ही स्वच्छता पर राज्य सरकार का विशेष फोकस है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केदारनाथ के पुनर्निर्माण और बदरीनाथ के मास्टर प्लान पर तेजी से कार्य हुए हैं। गौरीकुंड से केदारनाथ तक रोपवे का कार्य पूर्ण होने के बाद यात्रा और ज्यादा सुगम होगी। ऑल वेदर रोड के निर्माण से पहले के मुकाबले आज यात्री काफी कम समय में ऋषिकेश से चार धाम पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री ने संयुक्त रोटेशन यात्रा व्यवस्था समिति द्वारा श्रद्धालुओं को यात्रा कराने में सहयोग प्रदान कराने की पहल की सराहना की। इस दौरान कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, विधायक प्रेमचन्द अग्रवाल, मेयर शंभू पासवान, विभिन्न राज्यों से चार धाम यात्रा के लिए आये श्रद्धालु एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

गोवा: मंदिर

पुलिस अधिकारी वरमा शर्मा, राज्य परिवहन निदेशक परिमल अभिषेक और दक्षिण गोवा के पुलिस अधीक्षक टीकम सिंह वर्मा शामिल हैं। सावंत ने बताया कि समिति शिरगाओ गांव में भगदड़ स्थल का दौरा करेगी और पुलिस अधीक्षक, जिलाधिकारी तथा अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाओं के अधिकारियों सहित सभी संबंधित व्यक्तियों से बातचीत करने के बाद एक रिपोर्ट तैयार करेगी।

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने भगदड़ की घटना की मजिस्ट्रेट से जांच कराने की घोषणा की। पुलिस ने बताया कि हजारों श्रद्धालु वार्षिक उत्सव में भाग लेने के लिए मंदिर की संकरी गलियों में उमड़ पड़े और इसी दौरान भगदड़ मच गई। पुलिस महानिदेशक आलोक कुमार ने बताया कि छह लोगों की मौत हुई है और कई अन्य लोगों का राज्य के विभिन्न अस्पतालों में इलाज जारी है। अधिकारी ने कहा इस उत्सव के लिए कम से कम 30,000 से 40,000 लोग एकत्र हुए थे और कुछ लोग एक ढलान पर खड़े थे। ढलान पर कुछ लोग गिर गए जिससे अन्य लोग एक-दूसरे पर गिर गए। उन्होंने बताया कि 40 से 50 लोग ढलान पर गिर गए जिसके परिणामस्वरूप भगदड़ मच गई। उन्होंने कहा कि यह भगदड़ ढलान वाले स्थान तक सीमित रही। अधिकारी ने कहा कि उत्सव में शामिल होने के लिए गोवा, महाराष्ट्र और कर्नाटक से हजारों श्रद्धालु मंदिर में एकत्र हुए थे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगदड़ में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मुर्मू ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, गोवा के शिरगांव में भगदड़ की दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बारे में जानकर दुख हुआ। इस घटना में कई लोगों की जान चली गई। मैं शोकसंतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करती हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों की सहायता कर रहा है। राज्य के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने भी उत्तरी गोवा जिला अस्पताल में घायलों से मुलाकात की।

बहुत कम दूरी

इन्फ्रा-रेड होमिंग (आईआर) तकनीक पर आधारित ये वीएसएचओआरएडी प्रभावी फायर-एंड-फॉरगेट प्रकार की मिसाइल प्रणाली हैं और इन्हें वीएसएचओआरएडी (एनजी) कहा जा रहा है। मैनपोर्टेबल का मतलब है एक ऐसी वस्तु जिसे एक व्यक्ति द्वारा लंबी दूरी तक ले जाया जा सकता है। आरएफपी नियोजित वीएसएचओआरएडीएस (एनजी) के लिए जनरल स्टाफ क्वालिटेटिव रिक्वारमेंट (जीएसक्यूआर) को परिभाषित करता है। इसमें कहा गया है, इस प्रणाली में एक आईआर होमिंग मिसाइल शामिल होनी चाहिए जो एक मैनपोर्टेबल लॉन्चिंग मैकेनिज्म और उपयुक्त दृष्टि प्रणाली से जुड़ी हो, ताकि दिन और रात दोनों समय लक्ष्यों को निशाना बनाया जा सके।

इसमें कहा गया है कि इसमें लड़ाकू विमानों, परिवहन विमानों, हेलीकॉप्टरों और यूएएस (मानव रहित हवाई प्रणाली) से निपटने की क्षमता होनी चाहिए। इस खरीद का उद्देश्य किसी भी प्रतिकूल हवाई खतरे से निपटने के लिए सेना की वायु-रक्षा क्षमताओं को बढ़ाना है।

बेंगलुरु ने चेन्नई को दो रन से हराया

आईपीएल : शेफर्ड ने 14 बॉल पर 53 रन बनाये, यह सीजन की सबसे तेज फिफ्टी; कोहली-बेथेल के भी अर्धशतक

एजेंसी

बेंगलुरू । रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल के 52वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स पर 2 रन की रोमांचक जीत हासिल की। टीम 16 अंक के साथ पॉइंट्स टेबल के टॉप पर आ गई। यह बेंगलुरु की लगातार चौथी जीत है। जबकि प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुकी चेन्नई ने लगातार चौथा मैच गंवाया। बेंगलुरु ने उसे इस सीजन के दोनों मैच में हराया। चिन्नास्वामी स्टेडियम में 214 रन का टारगेट चेज कर रही चेन्नई की टीम 20 ओवर में 5 विकेट पर 211 रन ही बना सकी। रवींद्र जडेजा 45 बॉल पर 77 रन बनाकर नाबाद लौटे। जबकि आयुष म्हात्रे ने 48 बॉल पर 94 रनों की पारी खेली। लुंगी एनगिडी ने 3 विकेट हासिल किया। इससे पहले, बेंगलुरु की ओर से रोमारियो शेफर्ड ने 14 गेंद पर सीजन की सबसे तेज फिफ्टी लगाई। उन्होंने 6 छक्के और

❍ रोमारियो शेफर्ड की पारी में 6 छक्के और 4 चौके शामिल रहे

4 चौके लगाए। विराट कोहली ने 62 रन और जैकब बेथेल ने 55 रन की पारियां खेलीं। मथीशा पथिराना ने 3 विकेट हासिल किए। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल 2025 के 52वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को 214 रन का टारगेट दिया है। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में चेन्नई ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी है। बेंगलुरु ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 213 रन बनाए। रोमारियो शेफर्ड ने 14 बॉल पर नाबाद 53 रनों की विस्फोटक पारी खेली। उन्होंने इस सीजन का सबसे तेज अर्धशतक बनाया है। शेफर्ड की पारी में 6 छक्के और 4 चौके शामिल रहे। उनके अलावा, विराट कोहली ने 33 बॉल पर 62 रन और जैकब बेथेल ने 33 बॉल पर 55 रनों की पारी खेली। चेन्नई की ओर से मथीशा पथिराना ने 3 विकेट झटके। सैम करन और नूर अहमद को एक-एक विकेट मिला। कोहली (505 रन) मौजूदा सीजन के टॉप स्कोरर बन गए हैं। उन्होंने साई सुदर्शन (504 रन) को पीछे छोड़ा। वे टी-20 में एक टीम से सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बने।

आरसीबी के रोमारियो शेफर्ड ने 14 गेंद पर फिफ्टी लगा दी। उन्होंने 20वें ओवर की आखिरी 3 गेंदों पर मथीशा पथिराना के खिलाफ 1 चौका और 2 छक्के लगाकर फिफ्टी पूरी कर ली। उन्होंने 19वें ओवर में खलील अहमद के खिलाफ 33 रन भी बनाए थे। शेफर्ड ने आईपीएल के 18वें सीजन में सबसे तेज फिफ्टी लगाई। उन्होंने राजस्थान के वैभव सूर्यवंशी का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने गुजरात के खिलाफ 17 गेंद पर फिफ्टी लगाई थी। शेफर्ड ने आईपीएल इतिहास में दूसरी सबसे तेज फिफ्टी के रिकॉर्ड की बराबरी की। उनसे पहले केएल राहुल और पैट कमिंस भी 14-14 गेंदों पर फिफ्टी लगा चुके हैं। सबसे कम गेंदों पर फिफ्टी का रिकॉर्ड यशस्वी जायसवाल के नाम है, जिन्होंने 2023 में पंजाब के खिलाफ 13 गेंद पर हाफ सेंचुरी लगाई थी। रोमारियो शेफर्ड ने पारी के 19वें ओवर में खलील अहमद के खिलाफ 33 रन बटोरे।

यह आईपीएल इतिहास में चौथे सबसे महंगे ओवर की बराबरी का रिकॉर्ड है। खलील ने अपने 3 ही ओवर में 65 रन खर्च कर दिए। खलील से पहले 2014 में पंजाब के परविंदर अवाना और 2010 में पंजाब के ही रवि बोपारा ने भी 1 ओवर में 33-33 रन दिए थे। सबसे महंगे ओवर का रिकॉर्ड प्रशांत परमेश्वरन और हर्षल पटेल के नाम है। दोनों 37-37 रन खर्च कर चुके हैं। 18वें ओवर में बेंगलुरु ने 5वां विकेट गंवाया। यहां रजत पाटीदार 11 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें मथीशा पथिराना ने सैम करन के हाथों कैच कराया। उन्होंने देवदत्त पडिक्कल (17 रन) और जैकब बेथेल (55 रन) को भी पवेलियन भेजा। 17वें ओवर में बेंगलुरु ने चौथा विकेट गंवाया। नूर अहमद ने यहां जितेश शर्मा (7 रन) को डेवाल्ड ब्रेविस के हाथों कैच कराया। 16वें ओवर में बेंगलुरु ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां देवदत्त पडिक्कल 17 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें मथीशा पथिराना ने रवींद्र जडेजा के हाथों कैच कराया। पथिराना ने जैकब बेथेल (55 रन) को भी आउट किया। कोहली 62 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें सैम करन ने खलील अहमद के हाथों कैच कराया। कोहली (505 रन) मौजूदा सीजन के टॉप स्कोरर बन गए हैं। उन्होंने साई सुदर्शन (504 रन) को पीछे छोड़ा। जैकब बेथेल 55 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें मथीशा पथिराना ने डेवाल्ड ब्रेविस के हाथों कैच कराया। ब्रेविस ने डाइव लगाकर कैच पकड़ा। 9वें ओवर में जैकब बेथेल ने फिफ्टी पूरी की।

चैंपियनशिप : किरण जाधव ने एयर राइफल में जीता स्वर्ण

नयी दिल्ली। पुरुष राइफल थ्री-पोजीशन के मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन किरण अंकुश जाधव ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शनिवार को कुमार सुरेंद्र सिंह स्मारक निशानेबाजी (केएसएसएम) चैंपियनशिप में 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक जीता। अगले महीने म्यूनिख में होने वाले विश्व कप के लिए भारतीय टीम में शामिल नौसेना के इस निशानेबाज ने 24 निशानों से 251.5 अंक हासिल कर सेना के विवेक शर्मा को 1.4 अंक से पीछे छोड़ा।

सेना के ही विशाल सिंह (230.1) ने कांस्य पदक जीता। महाराष्ट्र के पार्थ राकेश माने ने पुरुषों के जूनियर वर्ग का खिताब 0.1 अंक के मामूली अंतर से अपने नाम किया। 23 निशाने के बाद आंध्र प्रदेश के उमा महेश मद्दीनेनी 0.3 अंक से आगे थे लेकिन वह 24वें प्रयास में 10 अंक ही हासिल कर सके। माने ने 10.4 अंक के निशाने के साथ स्वर्ण पदक पक्का कर लिया। कर्नाटक के नारायण सुरेश ने कांस्य पदक जीता। अभिनव साव ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चैंपियनशिप में अपना चौथा स्वर्ण पदक जीता। बंगाल के इस निशानेबाज ने पुरुषों की एयर राइफल युवा स्पर्धा की फाइनल में 252.2 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 0.5 अंक के अंतर से माने को दिन का दूसरा स्वर्ण पदक जीतने से रोक दिया। तमिलनाडु के गुरु सबरी ने कांस्य पदक (230.3) जीता।

खेल मंत्री ने खेलो इंडिया सुविधा का उद्घाटन किया

नयी दिल्ली। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने शनिवार को अरुणाचल प्रदेश के कामले जिले में एक बहुउद्देश्यीय हॉल का उद्घाटन करते हुए विशेष रूप से दूरदराज के क्षेत्रों में समावेशी खेल विकास को बढ़ावा देने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। आठ करोड़ रुपये की लागत से बना यह हॉल केंद्र सरकार द्वारा वित्त पोषित है और यह इस क्षेत्र में जमीनी स्तर के खेलों को बढ़ावा देने के लिए बुनियादी ढांचा और प्रशिक्षण सुविधाएं प्रदान करेगा। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित यह हॉल मुक्केबाजी, बैडमिंटन, जूडो, वुशु, कराटे, ताइक्वांडो, भारोत्तोलन, टेबल टेनिस और वॉलीबॉल सहित कई इनडोर खेलों के लिए सुविधाएं प्रदान करेगा।

संक्षेप

रूड और ड्रेपर मैड्रिड ओपन के फाइनल में

मैड्रिड। कैस्पर रूड ने दर्द निवारक दवाइयों की मदद से पसली की चोट पर काबू पाकर फ्रांसिस्को सेरुंडोलो को सीधे सेटों में हराया और मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के फाइनल में जगह बनाई। रूड ने मैच के दौरान तीन बार अपनी पसली का इलाज करवाया और काजा मैगिका सेंटर कोर्ट पर 6-4, 7-5 से जीत हासिल की। नॉर्वे के 15वीं रैंकिंग के खिलाड़ी रूड ने अर्जेंटीना के 21वीं रैंकिंग के खिलाड़ी सेरुंडोलो के खिलाफ 18 में से 15 ब्रेक प्वाइंट बचाए। फाइनल में रूड का सामना जैक ड्रेपर से होगा, जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में लोरेंजो मुसेटी को 6-3, 7-6 (4) से हराकर साल के तीसरे फाइनल में जगह बनाई। महिला वर्ग का फाइनल शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका और कोको गॉफ के बीच खेला जाएगा।

भारतीय हॉकी टीम की आस्ट्रेलिया में चौथी हार

पर्थ। भारतीय सीनियर महिला हॉकी टीम ने जुझारू प्रदर्शन किया लेकिन आस्ट्रेलिया के खिलाफ द्विपक्षीय श्रृंखला के लगातार चौथे मैच में उसे 2 . 3 से पराजय का सामना करना पड़ा। भारत के लिये नवनीत कौर (35वां मिनट) और लालरेम्सियामी (59वां) ने गोल दागे जबकि आस्ट्रेलिया के लिये ग्रेस स्टीवर्ट (दूसरा), जेड स्मिथ (36वां) और ग्रेटा हायेस (42वां) ने गोल किये। भारत को आस्ट्रेलिया ए ने 5 . 3 और 3 . 2 से हराया था। इसके बाद सीनियर आस्ट्रेलियाई टीम ने एक मई को भारतीय टीम को 2 . 0 से मात दी। आखिरी मैच रविवार को खेला जायेगा। पहले क्वार्टर में आस्ट्रेलिया ने दूसरे ही मिनट में गोल करके बढत बना ली। भारत ने बराबरी के गोल का भरसक प्रयास किया लेकिन कामयाबी नहीं मिली। दूसरे क्वार्टर में भारत ने एक पेनल्टी कॉर्नर बचाया। भारत के लिये बराबरी का गोल 35वें मिनट में नवनीत ने पेनल्टी कॉर्नर पर दागा लेकिन आस्ट्रेलिया ने अगले ही मिनट जेड के फील्ड गोल पर फिर बढत बना ली।

डी ब्रुइन ने दिलाई मैनचेस्टर सिटी को महत्वपूर्ण जीत

मैनचेस्टर। केविन डी ब्रुइन के गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी में शुक्रवार को यहां वॉल्वरहैम्प्टन वांडरर्स पर 1-0 से महत्वपूर्ण जीत हासिल की जिससे वह इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर पहुंच गया। बेल्जियम के रहने वाले डी ब्रुइन इस सत्र के आखिर में मैनचेस्टर सिटी को छोड़ देंगे लेकिन उन्होंने लीग के पिछले छह मुकाबलों में जीत हासिल करने वाली टीम के खिलाफ 35वें मिनट में गोल करके साबित कर दिया कि वह अब भी टीम के लिए काफी मायने रखते हैं।

साबले केकियाओ डायमंड लीग के तीन हजार स्टीपलचेज में आठवें स्थान पर

एजेंसी

केकियाओ (चीन)। भारत के शीर्ष 3000 मीटर स्टीपलचेज धावक अविनाश साबले शनिवार को यहां डायमंड लीग मीट की सत्र के दूसरे आयोजन में आठवें स्थान पर रहे। तीस साल के इस धावक ने मौजूदा सत्र की अपनी दूसरी स्पर्धा में आठ मिनट 23.85 सेकंड का समय निकाला। उन्होंने 26 अप्रैल को शियामेन डायमंड लीग के मुकाबले एक सेकंड अधिक समय लिया लेकिन उसकी तुलना में पांच स्थान ऊपर रहे। साबले ने शीर्ष खिलाड़ियों की मौजूदगी वाले शियामेन डायमंड लीग मीट में आठ मिनट 22.59 सेकंड के समय के साथ 13वां स्थान हासिल किया था। इथियोपिया के अब्राहम सिमे (आठ मिनट 07.82 सेकंड) ने शनिवार की रेस को अपने नाम किया जबकि कीनिया के एडमंड सेरेम (आठ मिनट 08.68 सेकंड) और साइमन किप्रॉप कोएच (आठ मिनट 09.05 सेकंड) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन मोरक्को के सौफियाने अल बक्काली को शियामेन में पछाड़कर उलटफेर करने वाले इथोपिया के सैमुअल फिरेवु ने आठ मिनट 11.18 सेकंड के समय के साथ छठा स्थान हासिल किया। अल बक्काली ने डायमंड लीग के इस चरण में भाग नहीं लिया। राष्ट्रीय रिकार्डधारी साबले पिछले साल सितंबर में डायमंड लीग फाइनल के बाद दूसरी बार खेल रहे थे। वह सितंबर में डायमंड लीग फाइनल में वह आठ मिनट 17.09 सेकंड का समय निकालकर नौवें स्थान पर रहे थे। उनका राष्ट्रीय रिकॉर्ड आठ मिनट 09.91 सेकंड है।

त्रिकोणीय श्रृंखला : विजय अभियान जारी रखने उतरेगा भारत

एजेंसी

कोलंबो। पिछले दो मैच में शानदार जीत से उत्साह से भरी भारतीय टीम रविवार को यहां होने वाले महिला त्रिकोणीय एकदिवसीय क्रिकेट श्रृंखला में अपना दबदबा बनाए रखने की कोशिश करेगी जबकि श्रीलंका की टीम खिताब की दौड़ में बने रहने के लिए अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ेगी। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है।

उसने श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका दोनों के खिलाफ जीत दर्ज की और वह अंक तालिका में शीर्ष पर है। भारत ने पिछले सप्ताह टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में श्रीलंका को हराया था। श्रीलंका ने हालांकि शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका को पांच विकेट से हराकर अपने अभियान में नई जान डाल दी है। भारत ने अब तक तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन करके लगातार आठ एकदिवसीय मैच जीते हैं और टीम अपने इस विजय अभियान को नए मुकाम पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध होगी। श्रीलंका के खिलाफ पहले मैच में स्पिनर स्नेह राणा और श्री चरणी ने शानदार गेंदबाजी करके उसे बड़ा स्कोर नहीं बनाने दिया था। इसके बाद सलामी बल्लेबाज प्रतीका रावल और स्मृति मंधाना ने हरलीन देयोल के साथ मिलकर 148 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल किया। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत के शीर्ष क्रम ने एक बार फिर मंच प्रदान किया, जबकि कौर और जेमिमा रोड्रिग्स के नेतृत्व में मध्य क्रम ने अंतिम 10 ओवरों में 82 रन जोड़कर टीम को चुनौती पूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। सलामी बल्लेबाज तज़मीन ब्रिट्स की शानदार पारी से दक्षिण अफ्रीका एक समय जीत की तरफ बढ़ रहा था लेकिन राणा ने एक ओवर में तीन विकेट लेकर मैच भारत के पक्ष में कर दिया था। भारत ने अब तक अपने क्षेत्ररक्षण से भी प्रभावित किया है और किसी भी टीम को उसे हराना आसान नहीं होगा। श्रीलंका के लिए कप्तान चमारी अथापथु की खराब फॉर्म चिंता का विषय बनी हुई है, जिससे बल्लेबाजी इकाई पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है। 19 वर्षीय विशमी गुणरत्ने को शामिल करने से शीर्ष क्रम को कुछ मजबूती मिली है। भारत इस मैच में अपनी शानदार लय के साथ फाइनल में जगह पक्की करने का लक्ष्य रखेगा, जबकि श्रीलंका एक और दमदार प्रदर्शन करके प्रतियोगिता में बने रहना चाहेगा। मैच सुबह 10:00 बजे शुरू होगा।

सूर्यवंशी को अपने तरीके से खेलने की छूट : बॉन्ड

कोलकाता। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के सबसे युवा शतकवीर राजस्थान रॉयल्स के किशोर खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी को भले ही मुंबई इंडियंस के खिलाफ दो गेंदों पर शून्य पर आउट होने के बाद निराशा का सामना करना पड़ा हो लेकिन टीम के तेज गेंदबाजी कोच शेन बॉन्ड ने कहा कि इस 14 वर्षीय खिलाड़ी को चीजों को अधिक जटिल बनाए बिना अपने तरीके से खेलने की आजादी दी गयी है। सूर्यवंशी 28 अप्रैल को गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंदों में शतक लगाकर आईपीएल में शतक बनाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बन गए। वह इस लीग में सबसे तेज शतक जड़ने वाले भारतीय खिलाड़ी भी बन गये लेकिन बृहस्पतिवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ अगले मैच में उन्हें झटका लगा। न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज बॉन्ड ने कहा, उसे अपने तरीके से खेलने की थोड़ी बहुत छूट मिली है। उसने अब तक एक 14 वर्षीय खिलाड़ी के तौर पर वाकई कमाल का काम किया है। बॉन्ड ने गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच से पहले मीडिया से बातचीत के दौरान कहा, मुझे लगता है ।

हेमराज व अंजलि पर चार और छह साल का प्रतिबंध

नयी दिल्ली। लंबी दूरी के धावक हेमराज गुर्जर और अंजलि कुमारी पर नाडा (राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी) की डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल (एडीडीपी) ने पिछले साल डोप परीक्षण में विफल होने के बाद क्रमशः चार और छह साल का प्रतिबंध लगाया है। पच्चीस साल के गुर्जर ने 2023 राष्ट्रीय अंतर-राज्यीय चैंपियनशिप में 5000 मीटर कांस्य के अलावा 2023 और 2024 में राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। उनके प्रतिबंध का समय 20 अप्रैल से शुरू हुआ। गुर्जर ने पिछले साल विश्व एथलेटिक्स क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में भी देश का प्रतिनिधित्व किया था। पिछले साल उनके डोप नमूने में प्रतिबंधित पदार्थ डार्बेपोएटिन (डीईपीओ) पाए जाने के बाद राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) द्वारा उन्हें अस्थायी तौर पर निलंबित किया गया था। नाडा की वेबसाइट पर नवीनतम जानकारी के अनुसार अंजलि की छह साल की प्रतिबंध अवधि 31 मार्च से शुरू होती है। इसमें हालांकि अधिक विवरण नहीं दिया गया है। उन्होंने पिछले साल विश्व एथलेटिक्स क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में भी देश का प्रतिनिधित्व किया था। कबड्डी खिलाड़ी मनीष गुलिया, पहलवान ओमकार शंकर चौगले और दिव्या काकरान, मुक्केबाज थोकचोम यासाना चानू और तैराक विशाल ग्रेवाल को नाडा की एडीडीपी ने चार साल का प्रतिबंध लगाया है।

किंग्स पंजाब व लखनऊ सुपर जाइंट्स का मुकाबला आज

एजेंसी

धर्मशाला। लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान ॠषभ पंत की बल्ले से खराब फॉर्म और पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर की शानदार लय के कारण इन दोनों टीमों के बीच रविवार को यहां होने वाले आईपीएल मैच को रोचक बन गया है। पंजाब के कप्तान अय्यर आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहे हैं और उन्होंने अभी तक एक कप्तान और बल्लेबाज दोनों रूप में अच्छा प्रदर्शन किया है। वह अभी तक इस प्रतियोगिता में चार अर्धशतक लगा चुके हैं और उनकी टीम 10 मैचों में 13 अंकों के साथ तालिका में चौथे स्थान पर है। दूसरी ओर पंत ने बल्ले से निराशाजनक प्रदर्शन किया है और उन्होंने 10 मैचों में कुल 110 रन बनाए हैं जिसमें चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ खेली गई 63 रन की पारी भी शामिल है। इस बीच वह छह पारियों में दोहरे अंक तक भी नहीं पहुंच पाए। उनके इस खराब प्रदर्शन का असर टीम पर पड़ रहा है जो वर्तमान में 10 अंकों के साथ तालिका में छठे स्थान पर है।

अय्यर ने पिछले सत्र में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिताब जीतने के अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, लेकिन मेगा नीलामी से पहले उन्हें रिलीज़ कर दिया गया था। पंजाब किंग्स ने उन्हें 26.75 करोड़ रुपये में खरीद कर कप्तान नियुक्त किया था और वह अपेक्षाओं पर पूरी तरह खरा उतर रहे हैं। पंजाब के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल उंगली में फ्रैक्चर के कारण शेष टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं और और उनकी जगह अज़मतुल्लाह उमरज़ई, आरोन हार्डी और यहां तक कि जेवियर बार्टलेट को अंतिम एकादश में शामिल किया जा सकता है। बल्लेबाजी विभाग में अय्यर के अलावा सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह ने भी शानदार प्रदर्शन किया है जबकि प्रियांश आर्य, नेहल वढेरा और शशांक सिंह ने अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाई है। गेंदबाजी के मोर्चे पर, युजवेंद्र चहल की फॉर्म में वापसी से पंजाब को मजबूती मिली है। इस लेग स्पिनर ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में हैट्रिक बनाई थी। लखनऊ के बल्लेबाजों को उन्हें सतर्क होकर खेलना होगा। जहां तक लखनऊ का सवाल है तो उसकी टीम एक सप्ताह के विश्राम के बाद तरोताजा होकर मैदान पर उतरेगी। पिछले मैच में तेज गेंदबाज मयंक यादव की वापसी सकारात्मक रही, फिर भी उसे मुंबई इंडियंस से 54 रन से हार का सामना करना पड़ा, जिससे मिशेल मार्श, एडेन मार्क्रम, निकोलस पूरन और डेविड मिलर जैसे पावर-हिटर्स से भरी बल्लेबाजी इकाई की खामियां उजागर हो गईं। लखनऊ की बल्लेबाजी पूरन (377 रन), मार्श (344), और मार्क्रम (326) पर बहुत निर्भर रही है और रविवार को होने वाले मैच में भी इनका प्रदर्शन काफी मायने रखेगा। मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे शुरू होगा। अय्यर ने पिछले सत्र में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिताब जीतने के अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, लेकिन मेगा नीलामी से पहले उन्हें रिलीज़ कर दिया गया था। पंजाब किंग्स ने उन्हें 26.75 करोड़ रुपये में खरीद कर कप्तान नियुक्त किया था और वह अपेक्षाओं पर पूरी तरह खरा उतर रहे हैं।

केकेआर की निगाह जीत पर मुकाबला राजस्थान रॉयल्स से आज

एजेंसी

कोलकाता। गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में रविवार को यहां जब राजस्थान रॉयल्स का सामना करेगा तो उसका लक्ष्य जीत हासिल करके प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीद को जीवंत रखना होगा। केकेआर को लीग चरण के अब चार मैच खेलने हैं और प्लेऑफ के लिए उसका समीकरण सीधा है। चारों मैच जीत कर 17 अंक तक पहुंचना। इससे वह अंतिम चार में पहुंचने के लिए अगर मगर से बच जाएगा। कागजों पर यह आंकड़ा भले ही सीधा नजर आता है लेकिन वास्तविकता में यह काफी मुश्किल है।

केकेआर को इन चार मैच में से दो मैच घरेलू मैदान पर खेलने हैं। वह रविवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलने के बाद बुधवार को अपने घरेलू मैदान पर चेन्नई सुपर किंग्स का सामना करेगा। इसके अलावा उसे 10 मई को सनराइजर्स हैदराबाद और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (17 मई) के खिलाफ उनके मैदान पर मैच खेलने हैं। सनराइजर्स की टीम अपना उत्साह खो चुकी है लेकिन बेंगलुरु की टीम शानदार फॉर्म में चल रही है और ऐसे में कोलकाता का अंतिम मुकाबला बेहद रोचक होने की संभावना है। लेकिन यह अभी बाद की बात है और केकेआर को अभी अपना ध्यान घरेलू मैदान पर होने वाले दो मैच पर केंद्रित करना होगा। राजस्थान और चेन्नई की टीम प्लेऑफ की दौड़ से लगभग बाहर हो चुकी हैं और ऐसे में वे बिना किसी खास दबाव के मैदान पर उतरेंगी जिससे निपटना केकेआर के लिए आसान नहीं होगा।

केकेआर की बड़ी चिंता घरेलू मैदान पर उनका खराब प्रदर्शन है। ईडन गार्डन्स कभी उनका गढ़ हुआ करता था, लेकिन इस बार उसने अभी तक पांच मैचों में से केवल एक जीत हासिल की है जबकि पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछला मैच बारिश के कारण पूरा नहीं हो पाया था और दोनों टीमों को एक-एक अंक मिला था।

केकेआर के स्पिनर यहां की असमान उछाल से सामंजस्य से बिठाने में नाकाम रहे हैं जबकि उसके बल्लेबाज भी अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उसकी बल्लेबाजी में आक्रामकता की कमी दिख रही है जिसके दम पर उसकी टीम ने पिछले साल खिताब जीता था। पिछले सत्र में सुर्खियां बटोरने वाले फिनिशर रिंकू सिंह आठ पारियों में सिर्फ 169 रन बना पाए हैं जबकि सलामी बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक ने सात पारियों में 137.50 के स्ट्राइक रेट से 143 रन बनाए हैं। उनके प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव है। लेकिन केकेआर को सबसे ज्यादा निराश वेंकटेश अय्यर ने किया है ।

द्रमुक को सत्ता से करेंगे बाहर

नड्डा ने तमिलनाडु में 2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा की तैयारियों की समीक्षा की

एजेंसी

चेन्नई। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जे पी नड्डा ने 2026 में तमिलनाडु में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार को पार्टी की तमिलनाडु इकाई की तैयारियों की समीक्षा की। एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि नड्डा ने शहर के अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान यहां आयोजित राज्य कोर ग्रुप की बैठक में भाग लिया और पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों को आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू करने और पार्टी के संगठनात्मक कार्य को भी आगे बढ़ाने की सलाह दी।

भाजपा की तमिलनाडु इकाई के प्रमुख और विधायक दल के नेता नैनार नागेंथिरन की अध्यक्षता में हुई बैठक में तमिलनाडु मामलों के राष्ट्रीय सह-प्रभारी पी सुधाकर रेड्डी, राज्य इकाई के सह-संयोजक एच राजा, राष्ट्रीय महिला मोर्चा की अध्यक्ष और विधायक वनाथी श्रीनिवासन और पार्टी की राज्य इकाई के पूर्व अध्यक्षः पोन राधाकृष्णन और डॉ तमिलिसाई सौंदरराजन सहित अन्य लोग शामिल हुए। पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी विनोज पी सेल्वम ने कहा, बैठक में हमारे प्रदेश अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन ने 2026 के चुनाव में द्रमुक सरकार को सत्ता से बाहर करने और राज्य विधानसभा में भाजपा के अधिकतम सदस्यों की संख्या सुनिश्चित करने का

संकल्प व्यक्त किया। केंद्रीय स्वास्थ्य, रसायन एवं उर्वरक मंत्री नड्डा यहां एसआरएम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान में धर्मपुरम अधीनम के तत्वावधान में आयोजित छठे अंतरराष्ट्रीय शैव सिद्धांत सम्मेलन में भाग लेने के लिए आए हैं। एसआरएम विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलाधिपति पारीवेंधर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हम छठे अंतरराष्ट्रीय शैव सिद्धांत सम्मेलन के लिए उनके अनुग्रहपूर्ण संदेश और आशीर्वाद के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रति अत्यंत आभारी हैं। उनके शब्द हमें भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को बनाए रखने के लिए प्रेरित करते हैं।

शैव सिद्धांत ने भक्ति और सदाचार के माध्यम से तमिल पहचान को आकार दिया : जे पी नड्डा

चेन्नई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने शनिवार को कहा कि तमिल धरती में गहराई से निहित शैव सिद्धांत ने भक्ति, सदाचार और दैवीय कृपा से मुक्ति पर जोर देकर तमिल पहचान को आकार दिया है। नड्डा ने कहा कि शैव सिद्धांत महज एक धार्मिक दर्शन नहीं है बल्कि यह एक सभ्यतागत सिद्धांत है जो आत्मा, परमात्मा और जगत के बीच पवित्र संबंध की शिक्षा देता है। उन्होंने यहां कट्टनकुलथुर में तिरुकायिलया परम्परा धर्मपुरम अधीनम के अंतरराष्ट्रीय शैव सिद्धांत अनुसंधान संस्थान, धर्मपुरम और एसआरएम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के तत्वावधान में आयोजित छठे अंतरराष्ट्रीय शैव सिद्धांत सम्मेलन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु पवित्र भूमि है और संगम कवियों तथा शैव संतों ने इस दर्शन को पोषित किया। उन्होंने कहा कि थेवरम और थिरुवसगम को प्रतिदिन बहुत जोश के साथ गाया जाता था।

वैश्विक कंपनियां आईआईसीटी के साथ काम करने के लिए इच्छुक

मुंबई। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को यहां कहा कि वैश्विक कंपनियां देश के युवाओं की रचनात्मक ऊर्जा का दोहन करने के लिए नव घोषित भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईसीटी) के साथ काम करने की इच्छुक हैं। सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने सात प्रमुख कंपनियों (जियोस्टार, गूगल, एडोब, मेटा, एप्पल, एनवीडिया और माइक्रोसॉफ्ट) द्वारा यहां वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स) के दौरान आईआईसीटी के साथ आशय पत्रों के आदान-प्रदान के बाद यह कहा।

वैष्णव केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री एल. मुरुगन और सूचना एवं प्रसारण सचिव संजय जाजू की उपस्थिति में आशय पत्रों का आदान-प्रदान किया गया। वैष्णव ने कहा कि संस्थान एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स और एक्सटेंडेड रियलिटी (एवीजीसी-एक्सआर) क्षेत्र के लिए एक राष्ट्रीय केंद्र बनने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, पहले से ही सात कंपनियां (एनवीडिया, गूगल, एप्पल, माइक्रोसॉफ्ट, मेटा, स्टार इंडिया और एडोब) आईआईसीटी के साथ सहयोग कर रही हैं। आईआईसीटी हमारे युवा निर्माताओं को भविष्य के लिए तैयार करने के लिए उद्योग के साथ मिलकर काम करेगी। वैष्णव ने संवाददाताओं को बताया कि आईआईसीटी के साथ सहयोग के लिए विश्व

बौद्धिक संपदा संगठन (डब्ल्यूआईपीओ) के साथ भी चर्चा चल रही है। शुक्रवार को वेव्स के दौरान उन्होंने डब्ल्यूआईपीओ के महानिदेशक डैरेन टैंग के साथ बैठक की। आईआईसीटी की स्थापना सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा व्यापार निकाय फिक्की और उद्योग निकाय सीआईआई के साथ रणनीतिक सहयोग से प्रतिष्ठित आईआईटी और आईआईएम की तर्ज पर एक राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र के रूप में की जा रही है। वैष्णव ने कहा, भारत में मीडिया और मनोरंजन की दुनिया में वैश्विक नेतृत्व की भूमिका निभाने की क्षमता है। यह संस्थान उस दिशा में पहला कदम है।

संक्षेप

रूस ने 170 ड्रोन और आठ मिसाइलों को मार गिराया

मॉस्को। रूस ने शनिवार को दावा किया कि उसने क्रीमिया और यूक्रेन की सीमा से लगते उसके इलाकों को निशाना बनाकर शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात किए गए हमले पर जवाबी कार्वाई की और 170 ड्रोन तथा 10 से अधिक मिसाइलों को मार गिराया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने टेलीग्राम चैनल पर जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि स्थानीय समायानुसार शुक्रवार रात 10 बजे से शनिवार सुबह पांच बजे के बीच रूसी वायु रक्षा इकाइयों ने क्रीमिया के ऊपर 96, क्रास्नोडार क्षेत्र में 47, रोस्तोव के ऊपर नौ, तथा मॉस्को के दक्षिण-पश्चिम में ब्रायंस्क और कुर्स्क क्षेत्रों में आठ-आठ स्थिर डैने वाले ड्रोन मार गिराए। इसने बताया कि दो मानवरहित विमान (यूएवी) को बेलगोरोद में मार गिराया गया। मंत्रालय ने दावा किया कि इनके अलावा, ब्रिटेन द्वारा आपूर्ति की गई आठ स्टॉर्म शैडो क्रूज मिसाइलें और यूक्रेन द्वारा विकसित तीन नेप्च्यून-एमडी निर्देशित मिसाइलें भी काला सागर के ऊपर नष्ट कर दी गईं। रूस के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, शनिवार तड़के काला सागर के ऊपर यूक्रेनी नौसेना के 14 ड्रोन नष्ट कर दिए गए। इस बीच, कुछ क्षेत्रों के गवर्नर ने यूक्रेन द्वारा किए गए ड्रोन हमलों में आम लोगों को नुकसान पहुंचने की जानकारी दी है।

भारत के साथ रक्षा समझौता संसद में पेश किया जायेगा : दिसानायके

एजेंसी

कोलंबो। श्रीलंकाई राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके ने कहा है कि भारत के साथ रक्षा समझौता जल्द ही संसद में पेश किया जाएगा। दिसानायके विपक्ष की इस आलोचना का जवाब दे रहे थे कि उनकी नेशनल पीपुल्स पॉवर (एनपीपी) सरकार ने भारत के साथ एक गुप्त रक्षा समझौता किया था, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 4 से 6 अप्रैल तक श्रीलंका की यात्रा पर थे और वह मांग कर रहा है कि समझौता ज्ञापन का खुलासा किया जाए। दिसानायके ने शुक्रवार रात एक टेलीविजन कार्यक्रम के दौरान कहा, वे झूठी कहानियां गढ़ रहे हैं। देशों के बीच समझौते हैं, वे दोनों पक्षों के लिए खुले हैं। अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है। समझौते के एक खंड में यह कहा गया है। दिसानायके ने श्रीलंका की इस रुख को सुनिश्चित किया था कि उसकी धरती का उपयोग किसी भी भारत विरोधी गतिविधि के लिए नहीं होने दिया जाएगा, जिससे उसके पड़ोसी की राष्ट्रीय सुरक्षा खतरे में पड़े। मोदी ने अपने संबोधन में इस रुख के लिए दिसानायके को धन्यवाद दिया था।

दिल्ली में आंधी पानी की संभावना, येलो अलर्ट जारी

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली में शनिवार को गरज के साथ हल्की बारिश होने, आकाशीय बिजली गिरने और तेज हवाएं चलने का अनुमान है। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने राजधानी में 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवाएं चलने का अनुमान जताया है। आईएमडी ने इसके लिए येलो अलर्ट भी जारी किया है जौ सावधान रहने के संकेत है। विभाग ने कहा कि जाफरपुर, नजफगढ़, द्वारका, पालम, इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, वसंत विहार, वसंत कुंज, महरौली, तुगलकाबाद, छतरपुर, इग्नू, आयानगर और डेरामंडी समेत दिल्ली के कई हिस्सों में गरज के साथ हल्की बारिश और तेज हवाओं के साथ आकाशीय बिजली

गिरने की संभावना है। आईएमडी ने कहा है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के कुछ हिस्सों जैसे गुरुग्राम, फरीदाबाद, मानेसर और बल्लभगढ़ में भी गरज के साथ हल्की बारिश और तेज हवाओं के साथ आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। एहतियात के तौर पर लोगों को घर के अंदर रहने, पेड़ों के नीचे शरण लेने से बचने, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के प्लग निकालने तथा जल निकायों और विद्युत संचालित करने वाली वस्तुओं से दूर रहने की सलाह दी गई है। इस बीच अधिकतम तापमान सामान्य से 4.3 डिग्री कम 35 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.5 डिग्री कम 22.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिन के दौरान आर्द्रता का स्तर 82 प्रतिशत और 53 प्रतिशत के बीच रहा।

निर्मला सीतारमण ने जातिगत गणना का श्रेय लेने पर तमिलनाडु सरकार को घेरा

एजेंसी

चेन्नई। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार के इस दावे को खारिज कर दिया कि जनगणना में जातिगत गणना को शामिल करने का केंद्र का निर्णय कड़े परिश्रम से हासिल जीत है। साथ ही सीतारमण ने इस कदम का राजनीतिक लाभ उठाने का प्रयास करने के लिए तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी की आलोचना की।

सीतारमण ने शुक्रवार को यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जातिगत गणना को मंजूरी दे दी है और इस अभ्यास के जरिए जुटाए जाने वाले आंकड़ों से सरकार समाज के गरीब और हाशिए पर पड़े वर्गों की बेहतर मदद कर सकेगी। वित्त मंत्री ने द्रमुक शासन में राज्य के एक गांव में हुई एक घटना का भी हवाला दिया, जहां कथित तौर पर पेयजल में मानव मल-मूत्र मिला हुआ पाया गया था। सीतारमण ने कहा, उनका (द्रमुक) कहना है कि उत्तर भारत के कुछ राज्य पिछड़े हुए हैं लेकिन ऐसे राज्यों में भी इस तरह की घटनाएं नहीं हुई हैं। इसलिए, द्रमुक के इस तर्क में कोई दम नहीं है कि आगामी जनगणना में जातिगत गणना को शामिल करने का केंद्र का फैसले उनकी जीत है। दिसंबर 2022 में पुडुकोट्टई जिले के वेंगाइवायल गांव में अनुसूचित जाति के आवासीय इलाके में एक पानी

की टंकी में कथित तौर पर मानव मल-मूत्र मिला पाया गया था। स्टालिन ने हाल में कहा था कि आगामी जनगणना अभ्यास में जातिगत गणना को शामिल करने का केंद्र का फैसला उनकी पार्टी और तमिलनाडु सरकार के लिए कड़े परिश्रम से हासिल जीत है।

द्रमुक पर हमला जारी रखते हुए सीतारमण ने कहा कि आज भी तमिलनाडु में दुकानों के बोर्ड पर मालिकों के समुदाय के नाम लिखे होते हैं। उन्होंने कहा इस पर कोई राजनीतिक टिप्पणी करने के बजाय मैं ईमानदारी से चाहती हूं कि हमें इस बात पर चर्चा करनी चाहिए कि हम उन लोगों की कैसे मदद कर सकते हैं जो गरीब और दलित हैं। इस आरोप का जवाब देते हुए कि केंद्र सरकार केवल कॉरपोरेट्स के पक्ष में काम कर रही है, उन्होंने स्पष्ट रूप से इसका खंडन किया और कहा कि अगर किसी राज्य सरकार को निवेश प्रस्ताव मिले हैं तो क्या इसका मतलब यह है कि वह पक्षपात कर रही है। उन्होंने कहा केंद्र किसी भी कॉर्पोरेट का पक्ष नहीं ले रहा है।

कुकी-जो और मेइती समूहों ने दिल्ली में किया विरोध प्रदर्शन

एजेंसी

नयी दिल्ली। मणिपुर में जातीय हिंसा भड़कने के दो साल पूरे होने पर कुकी-जो और मेइती समुदाय के सदस्यों ने शनिवार को यहां जंतर-मंतर पर अलग-अलग प्रदर्शन किया। तीन मई 2023 को मणिपुर में जातीय हिंसा भड़क उठी थी।

मणिपुर हिंसा के दो साल

काले कपड़े पहने कुकी-जो समुदाय के प्रदर्शनकारियों ने पूर्वोत्तर राज्य में हुई हिंसा में मारे गए लोगों पर शोक व्यक्त किया और अपने समुदाय के लिए एक अलग केंद्र शासित प्रदेश की मांग दोहराई। इस विरोध प्रदर्शन का

आयोजन इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम (आईटीएलएफ) और कुकी-जो महिला फोरम, दिल्ली (केजेडडब्ल्यूएफडी) द्वारा किया गया था। प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांगें उठाईं, जिनमें सुरक्षा, विस्थापन और न्याय की कमी के बारे में उनकी चिंताओं के कारण कुकी-जो समुदाय के लोगों के लिए एक अलग प्रशासनिक व्यवस्था बनाने की मांग शामिल थी।

दिल्ली स्थित कुकी-जो समुदाय की कार्यकर्ता ग्लैडी वैपे होन्जन ने कहा हम सरकार से अनुरोध कर रहे हैं कि वह हमें कोई समाधान दे, हमें किसी अन्य राज्य के लोगों की तरह सामान्य जीवन जीने दे। उन्होंने कहा कि समुदाय दो साल बाद भी पीड़ित है तथा उसे हिंसा, विस्थापन और विनाश के लिए कोई न्याय नहीं मिला है। प्रदर्शनकारियों ने मणिपुर हिंसा में मारे गए और विस्थापित हुए लोगों के लिए एक मिनट का मौन रखा तथा अपने हाथों में तख्तियां थामे हुए थे जिन पर लिखा था, स्वतंत्रता का आह्वानः पृथक प्रशासन तथा न्याय नहीं, तो शांति नहीं।

सिंगापुर में मतदान संपन्न, सत्तारूढ़ पार्टी को बड़ी जीत की उम्मीद

सिंगापुर। सिंगापुर में शनिवार को आम चुनाव के लिए मतदान संपन्न हो गया। इसे प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग की पहली अहम परीक्षा के रूप में देखा जा रहा है, जिन्होंने पिछले वर्ष पदभार ग्रहण किया था। उम्मीद की जा रही है कि वोंग की पीपुल्स एक्शन पार्टी अपने 66 साल के प्रभुत्व को कायम रखने में सफल होगी। लेकिन सभी की नजर इसपर है कि क्या विपक्ष बढ़त हासिल कर पाएगी या नहीं, क्योंकि लोग सख्त सरकारी नियंत्रण और जीवन की उच्च लागत से नाखुश हैं। मतदान के लिए विद्यालयों, सार्वजनिक आवास ब्लॉकों और अन्य क्षेत्रों में।,200 से अधिक मतदान केंद्र बनाए गए थें और मतदान के लिए 12 घंटे की अवधि तय की गई थी।

इंटरटेनमेंट...

भारत में दस हजार स्क्रीन, अमेरिका में 40 हजार

मुंबई। मुंबई में पहली बार वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट 2025 का आयोजन हुआ है। भारत की मीडिया और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री को ग्लोबल स्तर पर बढ़ावा देने के उद्देश्य से चार दिवसीय आयोजन किया गया है। हअशएर 2025 का दूसरे दिन एक्टर आमिर खान पैनल डिस्कशन में शामिल हुए। यहां पर उन्होंने ह्यस्टूडियोज ऑफ द फ्यूचरः पुटिंग इंडिया ऑन वर्ल्ड मैप सेशन में सिनेमाघरों का मुद्दा उठाया। सेशन के दौरान आमिर ने कहा कि मैं हमेशा से मानता हूं कि देश की आबादी के मुकाबले हमारे यहां कम थियेटर हैं। पिछले कई सालों से सबसे बड़ी समस्या ये है कि हमारे देश में सिनेमाघरों की संख्या बहुत कम है। हमारी आबादी का केवल 2% हिस्सा ही सिनेमाघरों में फिल्में देखता है। मुझे लगता है कि हम इस पर पैसा लगाना चाहिए। अगर सिनेमाघर नहीं होंगे तो लोग फिल्म नहीं देख पाएंगे। बस उसके बारे में सुनते रहेंगे। अपनी बात को आगे रखते हुए

आमिर कहते हैं- भारत में लगभग 10 हजार स्क्रीन हैं, जिसमें से 47 फीसदी दक्षिण भारत में है। इस वजह से एक हिंदी फिल्म के लिए आपके पास ज्यादा से ज्यादा 5 हजार स्क्रीन ही हैं। वहीं, अमेरिका में 40 हजार, चीन में 90 हजार स्क्रीन हैं। अमेरिका की आबादी हमसे कम है। अपने डिस्कशन में आमिर ने ओटीटी बनाम थियेटर बहस पर भी बात की। उन्होंने इस बिजनेस मॉडल को हास्यास्पद और त्रटिपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि ओटीटी प्लेटफॉर्म की वजह से फिल्मों की कमाई पर असर पड़ा रहा है। अभी के समय में फिल्में रिलीज होने के 45 दिन बाद ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आ जाती हैं। इस वजह से लोग सिनेमाघर जाने से बचते हैं। थियेटर और ओटीटी रिलीज के बीच का समय बहुत कम है, जिसका नतीजा है कि नुकसान हो रहा है। जब हम कहते हैं कि फिल्में नहीं चल रही हैं, उस वक्त हमें ओटीटी प्लेटफॉर्म को भी ध्यान में रखना चाहिए।

'हाउस अरेस्ट' शो पर विवाद, नौ को महिला आयोग के सामने पेशी

मुंबई। बिग बॉस सीजन 7 में नजर आ चुके एक्टर एजाज खान इन दिनों अपने नए शो 'हाउस अरेस्ट' को लेकर सुर्खियों में हैं। हालांकि, अब वे कानूनी मुश्किलों में फंस गए हैं।

शो में अश्लील कंटेंट दिखाने के आरोप में एजाज खान समेत शो से जुड़े अन्य लोगों के खिलाफ मुंबई के अंबोली पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। दरअसल, 'हाउस अरेस्ट' शो को एजाज खान होस्ट कर रहे हैं। हाल ही में इस शो के कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए, जिनमें फीमेल कंटेस्टेंट्स अपने कपड़े उतारती नजर आईं।

इतना ही नहीं एक वीडियो में कंटेस्टेंट्स को आपत्तिजनक पोज देने को भी कहा गया। ये देखकर यूजर्स के साथ ही कई राजनीतिक हस्तियों ने भी शो की आलोचना करना शुरू कर दिया और इसे बैन करने की मांग शुरू कर दी। इस शो को उल्लू ऐप पर स्ट्रीम किया जा रहा था। लेकिन जब शो के कंटेंट को लेकर विवाद गहराया तो प्लेटफॉर्म ने इसके सभी एपिसोड्स को हटा दिया। बोल्ड और आपत्तिजनक सीन के कारण ओटीटी प्लेटफॉर्म ने इसे अपनी आधिकारिक वेबसाइट से भी डिलीट कर दिया है।

'पाकिस्तानी ड्रामा 'शेर' ने चोरी किया रणवीर दीपिका की फिल्म का सीन?

मुंबई। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद न सिर्फ भारत बल्कि दुनियाभर में इस घटना को लेकर गुस्सा है। इस बीच एक नया पाकिस्तानी ड्रामा 'शेर' रिलीज से पहले ही चर्चा में आ गया है। सोशल मीडिया यूजर्स का दावा है कि इस शो में दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह की फिल्म 'गोलियों की रासलीला राम-लीला' के एक सीन की हूबहू नकल की गई है।

पाकिस्तानी एक्टर्स दानिश तैमूर और सारा खान के नए ड्रामा 'शेर' का टीजर हाल ही में रिलीज हुआ है। इसमें दोनों कलाकार बंदूकें थामे एक-दूसरे की ओर निशाना साधे दिखाई दे रहे हैं, जिससे कहानी में रोमांच और टकराव

दोनों का अंदाजा लगाया जा सकता है। टीजर के सामने आते ही सोशल मीडिया पर यूजर्स के रिएक्शन सामने आने लगे। उनका मानना है कि इस सीन की झलक बॉलीवुड फिल्म 'राम लीला' से मिलती-जुलती है, जिसमें रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण ने मुख्य भूमिका निभाई थी। ड्रामा की कहानी भी प्यार और दुश्मनी के इर्द-गिर्द घूमती दिख रही है, जहां दो लोग एक-दूसरे से बेइंतहा मोहब्बत करते हैं।

आदिवासी समुदाय पर टिप्पणी पर देवरकोंडा ने मांगी माफी

मुंबई। हाल ही में एक्टर विजय देवरकोंडा ने आदिवासी समुदाय को लेकर कुछ ऐसा कहा था, जिसके बाद उनके खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज हुई थी। अब एक्टर ने इस पूरे मामले में सफाई देते हुए माफी मांग लगी है। एक्टर ने अपने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर करते हुए मामले पर खेद जताया है। विजय लिखते हैं- 'मेरी जानकारी में आया है कि रेट्रो ऑडियो लॉन्च इवेंट के दौरान मैंने जो टिप्पणी की उस पर कुछ लोगों ने अपनी चिंता जाहिर की है। मैं ईमानदारी से कहना चाहता हूं कि किसी भी समुदाय, खासकर के अनुसूचित जनजातियों को चोट पहुंचाने या निशाना बनाने का कोई इरादा नहीं था। मैं उनका गहरा सम्मान करता हूं और हमारे देश का अभिन्न अंग मानता हूं।' विजय आगे लिखते हैं कि वह उस कार्यक्रम में भारतीयों के बीच एकता के बारे में बात कर रहे थे। 'मैं एकता के बारे में बोल रहा था कि कैसे भारत एक है। हमारे लोग एक हैं और कैसे हमें एक साथ मिलकर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने लिखा, 'मैं किस दुनिया में ऐसा करूंगा, जब हम सभी को एक देश के रूप में एकजुट रहने

'मैं उनका सम्मान करता हूं'

का आग्रह करते हुए, भारतीयों के किसी भी समूह के खिलाफ जानबूझकर भेदभाव करूं, जिन्हें मैं अपना परिवार, अपने भाई की तरह मानता हूं। विजय ने यह भी बताया कि जब उन्होंने जनजाति शब्द का प्रयोग किया तो उनका क्या मतलब था। अभिनेता ने लिखते हैं, 'मैंने 'जनजाति' शब्द का इस्तेमाल ऐतिहासिक और डिक्शनरी सेंस में किया था।

BABU BANARASI DAS EDUCATIONAL GROUP
NBA NATIONAL BOARD OF ACCREDITATION
BBDNIIT(056)- CSE ,IT & B.PHARM
BBDITM (054)- CSE, ECE & IT
10000+ More than 1500+ Companies have already hired our Students!
Job offers & still continuing since last 4 years ...
BBD UNIVERSITY Host University for KHELO INDIA
BBD UNIVERSITY
COURSES OFFERED
- Engineering
- Management
- Pharmacy
- Dental Science
- Education
- Architecture
- Applied Sciences
- Legal Studies
- Hotel Management
- Computer Applications
- Humanities & Social Sciences
- Ph.D. in all Disciplines
Courses available with IBM Collaboration
Highest Package 48.00 LPA Microsoft
Dream Placement 44.15 LPA amazon
Dream Placement 28.88 LPA Google
BBDCODS www.bbdcods.edu.in | BDS Bachelor of Dental Surgery (100 Seats) (4 Year Course & 1 Year Rotatory Internship) | M.D.S/Ph.D In all 9 Specialties
BBDITM | AKTU CODE - 054 | www.bbditm.ac.in
B.TECH [CSE, CSE(AI&ML), CSE(DS),IT, ECE, ME, EE,CE] MBA & M.TECH
BBDNIIT | AKTU CODE - 056 | www.bbdniit.ac.in
B.TECH [CSE,CSE(AI&ML),CSE(AI), IT,ECE, EE, ME,CE] M.TECH, MBA
B.PHARM. M.PHARM. D .PHARM BTEUP CODE- 2746
SCHOLARSHIP @25% All 4 Years in EE, ME, CE and ECE in AKTU Colleges
AMENITIES
Auditorium (1000+ Seating Capacity) | Student's Mall & Cafeteria | Transport & Health Services | Lord Siddhi Ganesha Temple | In Campus Bank and ATM | AC & Non-AC Hostels | BCCI Approved Cricket Stadium | BBD 90.8FM Channel | 24x7 Campus Security | Fully Wifi Campus
TOP RECRUITERS
amazon Google IBM Grab SAP Coforge JFG tcs LTIMindtree Microsoft Infosys HARMAN Paytm Capgemini NEWGEN wipro NIIT accenture
BBD City, Ayodhya Road, Lucknow, Uttar Pradesh-226028 India.
@lkobbdu @bbduniversity www.bbdu.ac.in 0522(6196222/23) 0522(6196300/301/302)

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

C M Y K